* ओड़िशा संस्करण

29 दिसंबर, 2022
पौष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2079
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 71


www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




अस्पताल पहुंच कर पीएम मोदी ने जाना बीमार मां का हाल
फिलहाल हालत स्थिर

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

www.epaper.azadsipahi.in

29 दिसंबर, 2022
पौष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2079
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 71

जीवा धोनी को मिली मेसी के साइन वाली जर्सी : साक्षी ने शेयर की फोटो









### मुख्यमंत्री ने सरकार के तीन साल पूरे होने पर गिनायी उपलब्धियां

# नया साल 2023 इंप्लीमेंट का वर्ष होगा : हेमंत सोरेन

- राज्य बनने के बाद जो व्यवस्था ध्वस्त हो गयी थी, उसे ठीक करने का प्रयास किया जा रहा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आज सरकार के प्रति लोगों की उम्मीदें बढ़ी हैं। लोगों में उत्साह बढ़ा है। सरकार 3.25 करोड़ लोगों को ध्यान में रखकर कार्य योजना तैयार कर रही है। उनके हित में फैसला ले रही है। जो वर्ग वंचित और शोषित है, उस पर सरकार ज्यादा फोकस कर रही है। उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया जा रहा है। साथ ही राज्य अलग होने के बाद जिन व्यवस्थाओं को ध्वस्त कर दिया गया था, उसे ठीक करने का प्रयास भी महागठबंधन की सरकार कर रही है। अगला वर्ष यानी 2023 इंप्लीमेंट वर्ष होगा। मुख्यमंत्री बुधवार को अपने आवास पर सरकार के तीन साल पूरा होने के मौके पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे।

**आकंड़ों पर नहीं काम पर भरोसा करते :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अनवरत काम कर रही है। किसान, मजदूर, आदिवासी, अल्पसंख्यक और छात्र-छात्राओं के हित में कई बड़े निर्णय लिये गये हैं। सरकार ने अपना रास्ता बना लिया है। हमने एक लंबी लकीर खींची है। वह लकीर गाढ़ी है। हमें उसी रास्ते चलना है। हेमंत सोरेन ने कहा कि हम आंकड़ों पर भरोसा नहीं करते, काम पर भरोसा करते हैं।

**आपदा को अवसर में बदलने का प्रयास किया :** पत्रकारों के सवालों का जबाव देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार 29 दिसंबर को तीन साल पूरा कर रही है। इस दौरान कई उतार-चढ़ाव भी देखे गये। सरकार बनने के साथ ही करोना आ गया, उससे लड़े। कोरोना से राज्य में किस तरह से लड़ा गया, इसे पूरा देश ने देखा। इसके बाद सूखा का सामना करना पड़ा। योजनाओं के संबंध में कुछ बोलने की जरूरत नहीं है। जनता सब देख रही है। हमने आपदा को अवसर में बदलने का प्रयास किया है।

**अगले 10 साल में राज्य अग्रणी होगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड पिछड़े राज्यों में शामिल है। बीते 20 साल तक इसके विकास पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। अब सरकार लागातर विकास का काम कर रही है। हर वर्ग के लोगों पर ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं जिसका प्रतिनिधित्व करता हूं, उसकी जुबान नहीं है। या उसकी आवाज को बराबर कुचल दिया गया। भूखा, नंगा, किसान, मजदूर आदिवासी आदि अब इनके बीच ईमानदारी से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तो झारखंड में विकास की गाड़ी स्टार्ट हो गयी है। यह तेजी से दौड़ दौड़ेगी। वह भी टॉप गेयर में। इस राज्य को दूसरे राज्य से बेहतर स्थिति में खड़ा करने की कोशिश होगी। अगले 10 साल में पिछड़े राज्य की श्रेणी से झारखंड को निकाल-बाहर करेंगे। झारखंड देश के अग्रणी राज्यों में होगा।

**नियोजन नीति पर रास्ता निकालने का काम करेंगे :** मुख्यमंत्री हेमंत ने कहा कि नियोजन नीति को रद्द किया गया है। पानी जिस तरह अपना रास्ता निकाल लेता है, उसी तरह नियोजन नीति का भी रास्ता निकाला जायेगा। सरकारी नौकरियों में 75 फीसदी लोग बाहर के आ जाते हैं। इससे यहां के मूलवासियों का हक मारा जाता है। आरक्षण की श्रेणी में आने वाली जाति तो सुरक्षित हैं, लेकिन मूलवासी के कोटे का मारा जा रहा है। नियोजन नीति के जरिए इसे रोकने का प्रयास किया गया था। अब बिना नियोजन नीति के नियुक्तियों में कैसे बाहरी को रोका जाये, इस पर काम किया जा रहा है। बिहार के लोग महाराष्ट्र या झारखंड के लोग बाहर जाते हैं, तो पीटे जाते हैं। कुछ पद ऐसे हैं जो केवल मूलावासी के लिए होने चाहिए।

**विपक्ष मुद्दा और नेताविहीन है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष मुद्दा विहीन है। साथ ही नेता विहीन भी हो गया है। यही वजह है कि कई आयोग की नियुक्तियां नहीं हो पा रही हैं। विपक्षी क्या करें, खुद समझ नहीं पा रहे। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इनके कुशासन और उत्पात का मंजर राज्य के लोगों ने देखा है। अब समय आ गया है कि 20 साल के शासन और हमारे सरकार की तीन साल के शासन की तुलना या आकलन लोग करें। हम बातों में नहीं काम पर भरोसा करते हैं अभी और बहुत कुछ काम करना बाकी है

### मुख्यमंत्री ने ये कहीं खास बातें

- स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण को विधानसभा से पारित कर दिया गया है। केंद्र नौंवी सूची में शामिल करने पर ले निर्णय।
- जेएससीसी में 8 लाख आवेदन आये हैं। सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है। मार्च के बाद नौकरी के कई अवसर सामने मिलेंगे।
- पहले लोग अपने अधिकार के लिए सड़क पर उतरते थे। उन्हें लाठियां मिलती थी। अब सरकार खुद उनके समस्याओं का समाधान कर रही है।
- पहले मंत्री और विधायक का घेराव किया जाता था। अब लोग मंत्री और विधायक को रंग-गुलाल लगाते हैं। इस सरकार में यह परिवर्तन आया है।
- आंगणा का माइंस पहले से है। विधायक या उपमुख्यमंत्री रहे तो कभी इसकी चर्चा नहीं हुई। सीएम बनने के बाद चर्चा हो रही है।
- झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन आंदोलन करने वालों में थे। कई बार जेल गये थे। मैं भी नहीं डरता।
- भाजपा सरकार को अस्थिर करने की साजिश कर रही है। सरकारी एजेंसियों और खरीद-फरोख्त का रास्ता अपनाया जाता है।

### हेमंत सरकार का हैपी बर्थडे आज

# मुख्यमंत्री जनता को देंगे 'गिफ्ट'



- प्रोजेक्ट भवन में होगा कार्यक्रम
- कई योजनाओं की करेंगे घोषणा
- लाभुकों के खाते में जायेगी राशि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार 29 दिसंबर को तीन साल पूरा कर रही है। इस मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्य सचिव की मॉनिटरिंग में इसकी तैयारियां भी पूरी हो गयी हैं। मुख्यमंत्री राज्यवासियों को सौगात भी देंगे। प्रोजेक्ट भवन में आयोजित होनेवाले मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सूखा राहत के तहत 10 लाख किसानों को डीबीटी के माध्यम से 3500 रुपये देंगे। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं के तहत सरकार 40 लाख से भी ज्यादा लोगों के बैंक खातों में 1200 करोड़ से अधिक की राशि डीबीटी के जरिए ट्रांसफर होंगे। यह राशि मुख्यमंत्री खुद लाभुकों के बीच ऑनलाइन ट्रांसफर करेंगे। राज्य सरकार ने पूर्व में ही सूखा राहत प्रभावित प्रत्येक किसान को 3500 की अनुदान राशि देने की घोषणा की है। इसके तहत 25 दिसंबर तक किसानों से आवेदन मांगे गये थे। कृषि विभाग द्वारा सुखाड़ का आकलन प्रतिवेदन के अनुसार राज्य में पश्चिम सिंहभूम और सिमडेगा जिला को छोड़ कर 22 जिलों के 226 प्रखंडों सूखे की चपेट में हैं। इन जिलों के 226 प्रखंडों के 30 लाख किसानों को राहत देने के लिए मुआवजे की घोषणा की गयी है। इसके अलावा 2500 छात्र-छात्राओं के खाते में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति 5.6 लाख बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समिति योजना के तहत राशि ट्रांसफर की जायेगी। प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को 15 सौ रुपये, कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं को 2500 और कक्षा नौ और 10 के विद्यार्थियों को 4500 रुपये की राशि दी जायेगी। राशि ट्रांसफर करने के लिए सभी तकनीकी प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी हैं।

### बाबूलाल मरांडी, विधायक दल नेता, भाजपा



- सरकार द्वारा सालाना 5 लाख नौकरियों और बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया गया था। सदन में सरकार ने खुद स्वीकार किया तीन साल में जेएसएससी के माध्यम से 357 नौकरियां दी गयी। झूठा वादा कर, युवाओं से छला है।
- इस सरकार का पूरा दिमाग और समय मनी लॉड्रिंग में पकड़े जा रहे चोर-लुटेरों को बचाने के एवं जांच रुकवाने में लगा हुआ है।
- राज्य में तीन वर्षों में प्रतिदिन बलात्कार, हत्या, चोरी, लूटपाट एवं अपहरण की घटनाएं बढ़ी हैं। इस सरकार में अपराधियों का मनोबल बढ़ा है।
- पिछड़ा आरक्षण को लेकर भी सरकार ने दिखावा किया। जबकि निकाय चुनाव में ओबीसी को मिल रहे आरक्षण को सरकार ने कैबिनेट से खारिज कर दिया।
- सरकार तीन वर्षों से टेंडर मैनेज कर पैसा कमाने में लगी रही। यही सरकार की उपलब्धि है।

पेज 4

### दीपक प्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष



- जल, जंगल, जमीन के संरक्षण के वादे पर आयी हेमंत सरकार पिछले तीन सालो में हर मोर्चे पर विफल रही है।
- झारखंड उच्च न्यायालय ने हेमंत सरकार की तुष्टिकरण के तहत त्रुटियों से भरी हुई नियोजन नीति को निरस्त कर सरकार को आईना दिखाने का काम किया है।
- झारखंड में जनजातीय महिलाओं की हत्या की घटनाओं में तेजी से बढ़ोतरी देखी गयी है। इन हत्याओं के पीछे एक विकृत मानसिकता और सोची समझी रणनीति है।
- 1932 के खतियान जैसे भावनात्मक मुद्दे को उठाया गया कदम सिर्फ एक दिखावा है।
- झारखंड की सरकार अपनी नाकामियों का ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ना चाह रही है किन्तु आंकड़े कुछ और ही दर्शात हैं।

पेज 10

### हीराबा अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती

# बीमार मां को अस्पताल में देखने पहुंचे मोदी

- डॉक्टरों ने बताया हालत है स्थिर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा अहमदाबाद के यूएन अस्पताल में भर्ती हैं। मंगलवार देर रात सांस लेने में तकलीफ होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस बीच बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मां को देखने के लिए अस्पताल पहुंचे। मोदी ने मां की सेहत की जानकारी ली। इसके बाद वापस दिल्ली लौट गये।

प्रधानमंत्री करीब एक घंटा 20 मिनट अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में रहे। उन्होंने डॉक्टरों से बातचीत की। इसके बाद वह दिल्ली के लिए रवाना हो गये। अस्पताल में उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और राज्य के कुछ अन्य मंत्री भी मौजूद थे। अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम लगातार मीराबा के स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है। अस्पताल ने बुधवार दोपहर को हेल्थ बुलेटिन जारी कर बताया कि हीराबा की तबीयत अब स्थिर है।

### राहुल और प्रियंका ने जल्द स्वस्थ होने की कामना की

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा के जल्द ठीक होने की कामना की है। राहुल ने ट्विट किया कि एक मां और बेटे के बीच का प्यार अनंत और अनमोल होता है। मोदी जी, इस कठिन समय में मेरा प्यार और समर्थन आपके साथ है। मैं आशा करता हूं आपकी माताजी जल्द से जल्द स्वस्थ हो जायें। वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी ट्विट कर लिखा कि मुश्किल घड़ी में पीएम मोदी के साथ। पीएम मोदी की माता जल्द स्वस्थ हों।

# झारखंड की नागपुरी एक्ट्रेस की हावड़ा में गोली मार कर हत्या

- रिया अपने पति और बेटे के साथ कोलकाता जा रही थीं




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की एक नागपुरी एक्ट्रेस की बंगाल के हावड़ा में गोली मार कर हत्या कर दी गयी है। एक्ट्रेस का नाम रिया कुमारी है। नागपुरी एक्ट्रेस रिया अपने परिवार के साथ कोलकाता जा रही थी। उसी दौरान अपराधियों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया और लूटपाट का विरोध करने पर एक्ट्रेस की गोली मार कर हत्या कर दी।

झारखंड की क्षेत्रीय भाषा में बनने वाली फिल्मों की अभिनेत्री रिया पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिला के बागनान स्थित एनएच 6 पर एक ऐसी अनहोनी का शिकार हुई जिसके बारे में उसने या उसके परिवार ने सपने में भी नहीं सोचा होगा। रिया अपने पति और बच्ची के साथ निजी कार से रांची से कोलकाता जा रही थी। इसी दौरान लूटपाट का विरोध करने पर अपराधियों ने रिया को गोली मार दी। अपराधियों ने रिया के कान के पास गोली मारी। वहीं इस घटना के बाद उनके पति प्रकाश कुमार ने इसकी जानकारी आसपास मौजूद लोगों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल रिया को उलुबेड़िया अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

रिया को झारखंड में क्षेत्रीय भाषा में बनने वाली फिल्मों में इशा आलिया के नाम से जाना जाता था। रिया कुमारी झारखंड के एक लोकल सीरियल 'वह चलचित्र' की एक्ट्रेस थीं। इसके अलावा वह एक पॉपुलर यूट्यूबर भी थीं। वहीं उनके पति पति प्रकाश कुमार एक फिल्म निर्माता हैं और इस दंपति की एक ढ़ाई वर्ष की बेटी है जो घटना के वक्त कार में ही मौजूद थी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। रास्ते के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।



www.epaper.azadsipahi.in

29 दिसंबर, 2022
पौष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2079
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 71

जनवरी में बढ़ सकते हैं कोरोना के मामले: कोविशील्ड की दो करोड़ डोज केंद्र को मुफ्त देगा सीरम





आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 51,500 रु./10 ग्राम
चांदी 72,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in



## पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी की नजर में तीन साल

# हेमंत खुद देखें संथाल में रोटी, बेटी और माटी का क्या हाल है

आजाद सिपाही विशेष

लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष दोनों की भूमिका अहम है। दोनों के सार्थक प्रयास से ही कोई राज्य समुचित विकास कर सकता है। सरकार जहां लोगों के हित में काम करने का प्रयास करती है, वहीं विपक्ष सही सलाह देने और रास्ता दिखाने का काम करता है। साथ ही सरकार द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा कर कमियों से उन्हें अवगत कराता है। राज्य की गठबंधन सरकार आज तीन साल पूरा कर रही है। इस मौके पर राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को भुला नहीं जा सकता है। वह बुधवार को 'आजाद सिपाही' कार्यालय आये। यहां राज्य की स्थिति और हेमंत सरकार के कामकाज पर खुल कर बोला। स्थानीयता हो या नियोजन नीति, अपराध हो या फिर रोजगार किसी भी विषय पर पूछे गये सवाल का बेबाकी से जवाब दिया। उन्होंने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल का भी जिक्र किया। स्थानीय नीति और नियोजन नीति को किस तरह से लाया जाये कि कानूनी दांव पेंच में नहीं फंसे इस पर भी बोले। आगामी चुनाव में पार्टी के सोच से भी अवगत कराया। हमारे **विशेष संवाददाता राकेश सिंह और राजनीतिक संपादक प्रशांत झा** के साथ बातचीत के मुख्य अंश:




**सवालः** ***बाबूलाल जी, हेमंत सरकार के तीन साल पूरे हो गये हैं। आपका भी मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल लगभग तीन साल का रहा। उस वक्त आपने भी नियोजन नीति बनायी थी, जिसे हाइकोर्ट ने खारिज कर दी थी। हेमंत सोरेन की भी नियोजन नीति को हाइकोर्ट ने खारिज कर दिया है। आखिर नियोजन नीति बार-बार कोर्ट में जाकर क्यों फंस जाती है?***

**जवाबः** देखिए, हमारे और हेमंत सोरेन के समय की परिस्थितियां अलग-अलग हैं। आज जिस नियोजन नीति को हाइकोर्ट ने रद्द किया है, इसका प्रारंभ से ही हम लोग विरोध कर रहे थे। हम शुरू से ही कह रहे थे कि हेमंत सोरेन ने जो नियोजन नीति बनायी है, वह अव्यावहारिक है। कोई भी व्यक्ति कोर्ट चला जायेगा, तो वह खारिज हो जायेगी। हेमंत की नियोजन नीति में कहा गया था कि जो बच्चे 10वीं और 12वीं की परीक्षा झारखंड से पास करेंगे, वे नौकरी के हकदार होंगे। अगर रिजर्व कैटेगरी के बच्चे बाहर से भी 10 वीं और 12वीं की परीक्षा पास करते हैं, तो वे हकदार होंगे। लेकिन जो अनारक्षित कोटे के बच्चे हैं, वे अगर झारखंड के बाहर से 10वीं और 12वीं की परीक्षा पास करेंगे, तो वे नौकरी के हकदार नहीं होंगे। नियोजन नीति में यह बहुत बड़ी खामी थी, जिसे हमने उस समय भी उजागर किया था, जब हेमंत सोरेन सरकार 2021 में इसे लेकर आयी थी। यही नहीं, हिंदी और अंगरेजी को हटा कर हेमंत सरकार ने उर्दू को तरजीह दी थी, जिसे हम लोगों ने अव्यावहारिक बताया था। लेकिन सरकार हम लोगों की कोई भी बात या तर्क मानने को तैयार नहीं थी। सरकार ने इस पर कोई चर्चा भी नहीं करायी। सर्वदलीय बैठक भी नहीं बुलायी थी। इसलिए मैं समझता हूं कि हेमंत सोरेन की नियोजन नीति का कोर्ट से रद्द होना कोई अनहोनी घटना नहीं है। 2001 में जब हम नियोजन नीति लेकर आये थे, वह हड़बड़ी में नहीं लाये थे। पर्याप्त विचार-विमर्श के बाद उसे लाये थे। हमने उस समय इतना किया था कि बिहार सरकार की 1982 की जो नियोजन नीति चल रही थी, उसे ही हमने लागू किया था। उसमें इतना ही लिखा हुआ था कि पिछले सर्वे राइट्स ऑफ रिकार्ड्स में बासगीत पर्चा में जिसके पूर्वज का नाम दर्ज होगा, उनको स्थानीय माना जायेगा और जिला स्तर की तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में उनकी प्राथमिकता दी जायेगी। प्राथमिकता में भी यह परिभाषित किया गया था कि अगर दो व्यक्ति बराबर योग्यता रखते हों, तो उसमें स्थानीय को प्राथमिकती दी जायेगी। ऐसा करने से पहले हमने प्रोजेक्ट भवन में सर्वदलीय मीटिंग बुलायी थी, उसमें सभी दलों के अध्यक्ष शामिल हुए थे। दरअसल हमने बिहार के समय में बनी नियोजन नीति को ही झारखंड में लागू किया था। उसमें मात्र तीन शब्दों का बदलाव किया था। पहला बिहार की जगह झारखंड, दूसरा पटना की जगह रांची और तीसरा पटना के पिन कोड की जगह रांची का पिन कोड। इसलिए मैंने कहा कि आज हेमंत सरकार ने जो नियोजन नीति ले आयी और उस समय हमारी सरकार जो लेकर आयी थी, उन दोनों में बेसिक अंतर है।

**सवालः** ***भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भी जो नियोजन नीति लेकर आये थे, उसे भी कोर्ट ने खारिज कर दिया। आखिर नीति में कुछ ना कुछ तो ऐसी जरूर खामी होगी, जिससे बार-बार कोर्ट में मामला फंस रहा है, आखिर वह बिंदु क्या है?***

**जवाबः** देखिये, रघुवर दास के कार्यकाल में जो नियोजन नीति लायी गयी थी, उसके बारे में सुप्रीम कोर्ट ने उस मामले में सिर्फ इतना ही कहा था कि एक राज्य में आप दो तरह की नियोजन नीति नहीं चला सकते हैं। हेमंत सोरेन सरकार ने जो नियोजन नीति बनायी, उसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। इससे झारखंड की जनता या नौजवान अंधेरी गली में भटक रहे हैं और जितनी भी वेकेंसी निकाली गयी थीं, वह रद्द कर दी गयी है। लड़के अब सड़क पर उतर कर आंदोलन कर रहे हैं। अभी भी हेमंत सोरेन अपनी नीति को लेकर स्पष्ट नहीं हैं। कभी वह कह रहे हैं कि वह सुप्रीम कोर्ट जायेंगे, कभी कह रहे हैं कि वैकल्पिक व्यवस्था करेंगे। युवाओं से कह रहे हैं कि आप जैसा चाहेंगे, हम वैसा ही करेंगे। यह तो गुमराह करनेवाली बात हो गयी।

**सवालः** ***यह विडंबना ही है कि 22 साल हो गये हैं, लेकिन झारखंडियों को अब तक नियोजन नीति नहीं मिल पायी है, आखिर क्या कारण है?***

**जवाबः** देखिये, यही तो मैं बार-बार सरकार से कह रहा हूं कि जो आपके अधिकार क्षेत्र में



नहीं है, उस पर आप नियम क्यों बना रहे हैं। उन्होंने 1932 को लेकर एक कानून बना दिया। कानून बनाने का अधिकार उन्हें नहीं है। अधिक से अधिक आप विधानसभा से एक रिज्योलूशन लेकर केंद्र सरकार को भेज सकते हैं, ऐसा न कर उन्होंने कानून बना दिया। मेरा मानना है कि हेमंत सरकार को इस मामले में कमीशन का गठन करना चाहिए था। आयोग यह सर्वे करता कि वस्तुतः हकीकत क्या है। आयोग यह पता करता कि यहां के लोगों को अगर चतुर्थ और तृतीय श्रेणी में नियुक्तियां नहीं मिली हैं, तो उसका क्या कारण है। 50 प्रतिशत आरक्षित कोटा में अगर झारखंड मूल के बच्चों को अवसर नहीं मिल पा रहा है, तब इस पर विचार हो सकता था। ओबीसी के मामले में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय है कि आप ओबीसी के रिजर्वेशन को अधिक दे सकते हैं, लेकिन उसके लिए आपको ट्रिपल टेस्ट में आयोग गठित कर देखना पड़ेगा, दिखाना पड़ेगा कि वास्तव में आबादी उनकी इतनी बड़ी है और उनको उस अनुपात में आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लेकिन आप कोई होमवर्क नहीं कर रहे हैं, आप बहुमत के बल पर दंभ भर रहे हैं और इस प्रकार का अव्यावहारिक प्रस्ताव ला रहे हैं। इसलिए हम समझते हैं कि हेमंत सोरेन ऐसा सिर्फ अपना राजनीतिक हित साधने के लिए कर रहे हैं। सबको पता है कि हेमंत सोरेन ने मानसून सत्र में सदन में खड़ा होकर कहा था कि झारखंड में 1932 की खतियान आधारित नीति लागू नहीं हो सकती, कोर्ट उसे खारिज कर देगा। और जैसे ही इडी का नोटिस उन्हें मिला, उन्होंने आनन-फानन में सत्र बुला लिया और उसमें 1932 खतियान और ओबीसी आरक्षण पर प्रस्ताव पारित करा लिया। और अब कहते हैं कि उसे हमने नौवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए केंद्र को भेजने के लिए गवर्नर को दे दिया है। अब वह गवर्नर से मिल रहे हैं और कह रहे हैं कि आप उसे केंद्र को भेजिये। हम लोगों को भी राजभवन जाने के लिए कहा था। देखिये वह राजनीति कर रहे हैं और बीजेपी उसका हिस्सा नहीं बन सकती है, इसलिए हम लोगों ने जाने से मना कर दिया। आचर्श्च देखिये कि जो नीति हवा में है, जिसे उन्होंने लंबी यात्रा पर भेज दिया है, उसे लेकर खुशी में आप रैली निकाल रहे हैं, आभार यात्रा निकाल रहे हैं। अरे भाई ऐसा कर, आप किसकी आंख में धूल झोंक रहे हैं।

**सवालः** ***हेमंत सरकार के तीन वर्ष पूरे हुए हैं। इसे आप किस तरह से देखते हैं?***

**जवाबः** देखिए, अगर बिना काम किये वास्तव में कोई मुख्यमंत्री तीन साल पूरा कर ले, तो उसके लिए तो बड़ी उपलब्धि है। लेकिन झारखंड की जनता के लिए यह तीन साल बड़ा कठिन दौर से गुजरा है। पता नहीं आगे भी कितने दिन तक यह कठिन दौर रहेगा, यह तो मुझे भी पता नहीं। देखिये इन तीन वर्षों में झारखंड में हर कोई दुखी है। चाहे वे गांव के लोग हों या शहर के, चाहे आदिवासी हों या दलित, चाहे किसान, मजदूर, नौजवान या फिर महिला। सभी आज दुखी हैं। यहां की कानून व्यवस्था बहुत बिगड़ चुकी है। महिलाओं के साथ दुष्कर्म, फिर उनकी हत्या। सबसे ज्यादा अत्याचार आदिवासी महिलाओं पर हो रहा है और वह भी तब, जब मुख्यमंत्री बार-बार कह रहे हैं कि हम आदिवासी हैं। हम कह सकते हैं कि झारखंड लॉ लेस हो गया है। जिस पुलिस का काम अपराधियों को पकड़ना होता है, उसे सजा दिलवाना होता है, वह वसूली में व्यस्त है। जब हेमंत सरकार बनी, तो अपने पहले बजट सत्र में हेमंत सोरेन ने कहा था कि हम दो लाख नौजवानों को रोजगार देंगे, अन्यथा भत्ता देंगे। लेकिन हुआ क्या। पिछले दिनों विधानसभा में जब हमारे विधायक ने प्रश्न किया, तो उत्तर मिला था इन तीन सालों में सिर्फ 347 लोगों की नियुक्ति हो पायी है। युवा हताश है, परेशान है, नौकरी के इंतजार में उसकी उम्र की सीमा समाप्त हो रही है। मेरी नजर में तो इन तीन सालों में झारखंड में सिर्फ लूट मची है। नारियों का अपमान हुआ है। छात्रों का शोषण हुआ है।

**सवालः** ***कभी संथाल को देशभक्ति के लिए अंगरेजों के खिलाफ विद्रोह के लिए जाना जाता था, शोषकों-साहूकारों के अत्याचार के खिलाफ आंदोलन के लिए जाना जाता था। सपूतों के शौर्य के लिए जाना जाता था, लेकिन अब राष्ट्रीय संपत्तियों की लूट के लिए जाना जा रहा है। उस संथाल में महिलाओं की सुरक्षा खतरे में है। रेबिका पहाड़िया जैसी महिला के पचास टुकड़े कर दिये जा रहे हैं, इसके पीछे मूल कारण क्या मानते हैं?***

**जवाबः** संथाल परगना से मेरा लगाव बहुत दिनों से रहा है। जब सार्वजनिक जीवन में मैंने कदम बढ़ाया, तो वह संथाल परगना की ही धरती थी। 1982-83 में हम संथाल परगना गये। उस समय की स्थिति अलग थी। आज संथाल में रोटी, बेटी और माटी पर लगातार चोट पहुंचायी जा रही है। यह सब एक वर्ग विशेष के लोग और एक खास मकसद से किया जा रहा है। संथाल में बांग्लादेश के जो लोग गलत तरीके से घुस आये हैं, उनकी नजर रोटी, बेटी और माटी पर है। वह आदिवासियों के हक को मार रहे हैं। उनके रोजगार पर डाका डाल रहे हैं। आदिवासियों की बेटियों को एक षडयंत्र के तहत अपने जाल में फांस रहे हैं, उनसे शादी रचा रहे हैं। ऐसा कर वे उनकी संपत्ति हड़प रहे हैं, उन्हें राजनीति में लाकर परोक्ष रूप से अपने को स्थापित कर रहे हैं। वोट की खातिर उनको राजनेता संरक्षण दे रहे हैं। राजनेताओं का एक बड़ा वर्ग पैसे की खातिर संथाल परगना की संपत्ति पर डाका डाल रहा है। वहां पहाड़ के पहाड़ गायब हो रहे हैं। बालू की लूट मची हुई है। कोयले की लूट मची हुई है। गो तस्करी चरम पर है। और इन पर जो पुलिस-प्रशासन अंकुश लगा सकता था, वह उनका सहभागी बना हुआ है। खुद इस खेल में शामिल हो गया है। अगर किसी ने विरोध किया तो वह उसे जेल भेज देता है। लेकिन कहते हैं न जब पानी सिर से ऊपर बहने लगता है, तो लोग बचाव का रास्ता ढूंढ़ने लगते हैं। संथाल परगना के लोग फिर अंगड़ाई ले रहे हैं। वह एक लंबे संघर्ष के लिए तैयार हो रहे हैं। वहां नया उलगुलान होनेवाला है।

**सवालः** ***सरकार से अब चलते हैं पार्टी की ओर। संगठन में अभी भी आप काफी सक्रिय हैं। जब आप जेवीएम में थे, तो वहां अपने संघर्ष से पार्टी को खड़ा किया। कई विधायक आपके नाम पर जीत कर आये। अब आप भाजपा में हैं। जेवीएम और भाजपा में आपको क्या डिफरेंस लगता है।***

**जवाबः** देखिए भाई इतना ही कहना चाहूंगा कि यहां सबके साथ चलना होता है और वहां सबको लेकर चलते थे।

**सवालः** ***हेमंत सोरेन सरकार ने लोगों तक पहुंचने के लिए कार्यक्रम चलाया है- आपकी सरकार आपके द्वार। जब आप क्षेत्र में जाते हैं तो उस कार्यक्रम की क्या स्थिति देखते हैं। दूसरा सवाल, जब अपनी पार्टी के हिसाब से इसे देखेंगे खासकर 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव की नजर में, तो आपको क्या लगता है। जिन जगहों पर भाजपा अच्छा नहीं कर पायी थी, वहां पर किस तरह का सुधार आप करेंगे।***

**जवाबः** पहली बात तो मैं यह कहूंगा कि यह तो सुनने में अच्छा लग रहा है कि हेमंत सोरेन जनता के बीच जा रहे हैं। लेकिन वास्तविक में कहें तो वह जनता के बीच जा नहीं रहे हैं, अपने कुछ कार्यक्रमों को लेकर वह जा रहे हैं। इस क्रम में उन्होंने लोगों से कुछ आवेदन लिया और फिर उस आवेदन का जो हश्र होता है, हम सबको पता है। मैंने भी कई आवेदन मुख्यमंत्री को दिये हैं।



कई बार पत्र लिखा है। उन पत्रों का वह जवाब तक नहीं देते। तो ऐसे में आप अंदाज लगा सकते हैं कि जब मेरे आवेदन पर वह रिस्पांस नहीं करते, रिस्पांस तो छोड़िये, उस पर वह जवाब तक नहीं देते, तो फिर आम लोगों के आवेदन के साथ क्या हो रहा होगा। हां, जहां तक 2019 के चुनाव में कुछ सीटों पर भाजपा के पिछड़ने का सवाल है, उन जगहों को हम लोगों ने आइडेंटीफाइ किया है। जो कमियां रह गयी थीं, उनको हम दूर कर रहे हैं।

**सवालः** *2019 में आदिवासी वोटर भाजपा से छिटक गये थे, सिर्फ दो सीटें भाजपा के खाते में आयी थीं। ऐसा तब हुआ था, जब 2014 में भाजपा की बहुमत की सरकार बनने पर केंद्र से लेकर राज्य तक भी में यह प्रचारित किया गया था कि उस सरकार ने आदिवासी हितों में सबसे अच्छा काम किया है। उम्मीद की जा रही थी कि उसकी बिना पर भाजपा 2019 के चुनाव में अच्छी-खासी विधानसभा सीट आदिवासी क्षेत्रों में अर्जित करेगी। लेकिन रिजल्ट बिल्कुल उलट हुआ। आदिवासी भाजपा से कट गये। अब हेमंत सोरेन कह रहे हैं कि हम आदिवासियों के सबसे बड़ी हितेषी हैं, 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति का वह उदाहरण भी दे रहे हैं। ओबीसी आरक्षण को भी वह ढाल बना रहे हैं। ऐसे में 2024 के लोकसभा या विधानसभा चुनाव में आदिवासी मतदाता आखिर किस कारण से आपके पाले में आयेंगे, जो 2019 के चुनाव में आपसे छिटक गये थे। आखिर इन तीन सालों में या फिर आनेवाले समय में भाजपा ऐसा क्या कर पायेगी कि आदिवासी मतदाता उसके पाले में आ जायें?*

**जवाबः** देखिए 2019 में हमने भी चुनाव लड़ा था। उस समय हम भी करीब से देख रहे थे। निश्चित रूप से जो आदिवासी वर्ग है, 2019 के चुनाव में सरकार से कुछ मुद्दों को लेकर नाराज हो गया था और बीजेपी को वोट नहीं दिया, यह बिल्कुल सच है। इसमें कहीं कोई शक ओ सुबहा और गलत नहीं है, लेकिन मैं समझता हूं कि आज की तारीख में हेमंत सोरेन से लोगों को बड़ी उम्मीदें थी कि यह सरकार हमारे लिए कुछ करेगी। लेकिन सच्चाई यही है कि हेमंत सोरेन ने इस वर्ग के लिए कुछ किया ही नहीं है। सिर्फ आश्वासन दिया है। शब्दजाल बुना है। जहां तक 1932 खतियान की बात है, तो आदिवासी भाइयों को यह अच्छी तरह पता चल गया है कि उसके पीछे की सच्चाई क्या है। लोग यह अच्छी तरह समझ रहे हैं कि हेमंत सोरेन ने राजनीतिक कारणों से ऐसा किया है। जहां तक आदिवासी मतदाताओं के भाजपा से छिटकने की की बात आप कह रहे हैं तो मैं कहूंगा कि पिछले दिनों यहां दो आदिवासी सीटों पर उप चुनाव हुआ। एक दुमका में और दूसरा मांडर में। यह सही है कि इन दोनों जगहों पर भाजपा उम्मीदवार की हार हुई। लेकिन जहां तक वोट का सवाल है, तो इन दोनों ही सीटों पर भाजपा को आदिवासियों का वोट ज्यादा मिला। पिछली तुलना में ज्यादा आदिवासियों ने भाजपा को वोट दिया। इससे साफ है कि हेमंत सोरेन की चालाकी को आदिवासी समझ गया है। वह अच्छी तरह जानता है कि ये सिर्फ उन्हें लालीपॉप थमा रहे हैं। उनका भला नहीं कर रहे हैं। रही बात ओबीसी आरक्षण की, तो उन्हें भी यह पता है कि उन्हें तो संविधान में ही प्रोटेक्शन मिला हुआ है। उन्हें अभी भी तो आरक्षण मिल ही रहा है। ऐसे में लोग हेमंत सोरेन के झांसे में नहीं आने वाले हैं। और अब तो छात्र भी उनके खिलाफ सड़कों पर उतर गये हैं। पारा टीचर उनके खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। ऐसे में हमें लगता है कि आनेवाला चुनाव हेमंत सोरेन के लिए वाटर लू साबित होगा। भाजपा उस चुनाव में अच्छा परफार्म करेगी, क्योंकि यहां के लोग यह अच्छी तरह जान गये हैं कि जिसने झारखंड दिया, उसी के लोग इसकी हिफाजत अच्छी तरह कर सकते हैं। वहीं झारखंड के लोग यह भी देख रहे हैं कि हेमंत सोरेन और उनके परिवार ने यहां के जल, जंगल और जमीन की हिफाजत कैसे की है। राज्य बनने के बाद झारखंड में सबसे ज्यादा सीएनटी-एसपीटी एक्ट का उल्लंघन सोरेन परिवार ने किया है। सबसे ज्यादा संपत्ति इन्होंने बनाया है। जहां तक मेरे, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास का सवाल है तो यह परिवार बताये न कि आखिर हम लोगों ने कहां सीएनटी-एसपीटी एक्ट का उल्लंघन किया है। कहां संपत्ति बनायी है। उसकी सूची इन्हें देनी चाहिए। ऐसे में हमें लगता है कि झारखंड की जनता हेमंत सोरेन की चालबाजियों को समझ गयी है। वह देख रही है कि यह परिवार सिर्फ अपने लिए कर रहा है, झारखंडियों के लिए नहीं। मेरी नजर में हेमंत सोरेन के तीन साल जितने वादे किये गये, सभी के सभी खोखले रहे। आगे भी इनसे कुछ उम्मीद नहीं की जा सकती। अब तो इन्हें इडी का चक्कर लगाते-लगाते समय कटेगा। अगर सचमुच में इन्होंने झारखंड हित में काम किया होता, तो आज इडी का चक्कर नहीं लगाना पड़ता। हम बार-बार इन्हें पत्र द्वारा सूचित करते थे। अगर वे हमारे पत्र पर गौर फरमा लिये होते, सजग हो गये होते, तो आज इन्हें इडी कार्यालय का चक्कर नहीं काटना पड़ता।

आजाद सिपाही 188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in



## हेमंत सोरेन सरकार के तीन साल : क्या खोया, क्या पाया झारखंड ने

# हेमंत ने स्थापित किया : जो कहते हैं, वह करते हैं

**भारत के संविधान में जब लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल पांच साल, यानी 1831 दिन तय किया जा रहा था, तब काफी विवाद हुआ था। लेकिन इतना लंबा कार्यकाल तय करने के पीछे उद्देश्य यह था कि यह अवधि किसी भी लोकसभा या विधानसभा और सरकार के मूल्यांकन के लिए पर्याप्त होगी। झारखंड के 11वें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने इन 1831 दिनों में से 1096 दिन, यानी तीन साल का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं, तो उनके कामकाज का आधा मूल्यांकन तो हो ही सकता है। झारखंड के सवा तीन करोड़ लोगों के लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि इन तीन सालों में इस राज्य ने क्या हासिल किया है और क्या खोया है। लेकिन ऐसा मूल्यांकन करते समय यह ध्यान में रखना होगा कि इन तीन सालों में से करीब एक साल का समय वैश्विक महामारी कोरोना ने लील लिया और उसका असर अब भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। बहरहाल, यह कहा जा सकता है कि हेमंत सोरेन सरकार ने पिछले तीन साल के दौरान कई मुकाम हासिल किये हैं, लेकिन चुनौतियां अभी खत्म नहीं हुई हैं। अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। हेमंत सोरेन के तीन साल के कार्यकाल का मूल्यांकन कर रहे हैं आजाद सिपाही के राज्य समन्वय संपादक अजय शर्मा।**

आजाद सिपाही विशेष



अजय शर्मा

आज से तीन साल पहले 29 दिसंबर को झारखंड के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में जब हेमंत सोरेन शपथ ले रहे थे, तो शायद उन्हें भी मालूम नहीं था कि विरासत के रूप में उन्हें कई चुनौतियां मिलने वाली हैं। हेमंत जब सीएम की कुर्सी पर बैठे, तो राज्य का खजाना खाली था। राज्य में विकास का पहिया चल नहीं, घिसट रहा था। व्यवस्था लगभग बेपटरी हो चुकी थी। हेमंत बहुत जल्द समझ गये कि उनके सिर पर कांटों भरा ताज है और झारखंड को पटरी पर लाना वाकई बेहद चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने हिम्मत दिखायी और एक-एक कर इन चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीति बना कर काम शुरू किया। लेकिन वह अपनी रणनीति पर आगे बढ़ते, तभी कोरोना के संकट ने राज्य को अपनी चपेट में ले लिया। इस मुसीबत की घड़ी में एक तरफ लोगों की जान बचाने की चुनौती थी, तो दूसरी तरफ राज्य के गरीब और जरूरतमंदों का पेट भरने की जिम्मेदारी थी।

इन सभी मोर्चों पर जूझते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनौतियों का सफलता से सामना किया और नतीजा सामने है। मुसीबत की इस घड़ी में उन्होंने न केवल खुद को राजनीति का एक माहिर खिलाड़ी साबित किया, बल्कि प्रशासनिक मोर्चे पर भी तमाम भविष्यवाणियों को गलत साबित कर दिया। कोरोना काल में प्रदेश में गरीबों और जरूरतमंदों को भरपेट भोजन उपलब्ध कराना, देशव्यापी लॉकडाउन के कारण देश के दूसरे हिस्सों में फंसे झारखंड के लोगों को सकुशल वापस लाना और फिर उन्हें काम देने की बड़ी चुनौती का सामना हेमंत ने पूरी ताकत और हिम्मत से किया।

यह कहना गलत नहीं होगा कि पिछले तीन साल में झारखंड ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। हेमंत सोरेन की सरकार ने तरीकों से झारखंड की जनता पर फोकस किया। पहला तरीका आदिवासियों-मूलवासियों के हितों में चुनावी वादों को पूरा करना और दूसरा कई महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत करना। सरना धर्म कोड से लेकर 1932 के खतियान तक के मुद्दों को हेमंत सोरेन ने जिस तरह से सुलझाया, उससे उनका राजनीतिक कौशल ही दिखा, जबकि कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने और नियोजन नीति और आरक्षण जैसे मुद्दों पर उनकी सरकार का फैसला उनकी प्रशासनिक कुशलता का प्रमाण रहा।

### मीडिया में बेबाकी से रखते हैं बात, सोशल मीडिया पर एक्टिव

हेमंत सोरेन देश भर में संभवतः अकेले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो नियमित रूप से मीडिया से मुखातिब होते हैं और अपनी बात बेबाकी से दुनिया के सामने रखते हैं। इतना ही नहीं, वह सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से लगातार जुड़े रहते हैं। मुख्यमंत्री बनने से एक सप्ताह पहले हेमंत ने दुनिया को आश्वस्त किया था कि वह बदले की भावना से कोई काम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा था कि अब हर फैसला झारखंड के हितों को ध्यान में रख कर किया जायेगा और पिछले तीन साल में उनका एक भी फैसला राज्य हित के खिलाफ नहीं गया है। चाहे कोरोना संकट हो या कोयला खदान की नीलामी, प्रवासी मजदूरों के लिए विशेष ट्रेन की व्यवस्था करने का सवाल हो या गरीबों के लिए दूसरी कल्याण योजनाएं शुरू करने का मामला, हेमंत ने साबित कर दिया है कि वह सचमुच काम में यकीन रखते हैं। यही कारण है कि उन्होंने अपने शासन काल के पहले छह महीने में राज्य के प्रशासनिक ढांचे में कोई बड़ा फेरबदल नहीं किया। 2014 से 2019 के बीच 18 हजार से अधिक तबादले का गवाह बने झारखंड में पहली बार हुआ कि नयी सरकार के छह महीने के शासन में किसी भी उपायुक्त को नहीं बदला गया। हालांकि बाद में वैसा कायम नहीं रह पाया, जिस पर हेमंत का कहना था कि प्रशासनिक कारणों से ऐसा करना पड़ता है।

### आम लोगों के दरवाजे पर पहुंचा प्रशासन

हेमंत सोरेन सरकार द्वारा पिछले साल शुरू किये गये 'आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार' अभियान लोगों में प्रशंसा पा रहा है। दरअसल, 21 साल में पहली बार लग रहा है कि प्रशासनिक अधिकारी अपने एयर कंडीशंड बंगलों से निकल कर जनता के बीच जा रहे हैं और समस्याओं का समाधान ढूंढ़ रहे हैं। अभियान के दौरान अब तक सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित 63 लाख से अधिक लोगों ने विभिन्न शिविरों में आवेदन सौंपा है और इसमें से 55 लाख का निबटारा किया जा चुका है। झारखंड के लोगों के लिए यह एकदम नया अनुभव है। जिस राज्य को राजनीतिक प्रयोगशाला बना कर यहां केवल कागजी घोड़े दौड़ाये गये और भ्रष्टाचार के घोड़े पर सवार बेलगाम नौकरशाही के बोझ तले कराहने के लिए छोड़ दिया गया था, उस राज्य में यह सब एक सपना ही है।

### महामारी की चुनौतियां

अपनी सरकार के शुरुआती दिनों में ही हेमंत सोरेन को पता चल गया था कि झारखंड के सामने समस्याएं बड़ी हैं, सरकार के सामने चुनौतियां विकराल हैं और संसाधनों का भयंकर अभाव है। तमाम अवरोधों के बावजूद हेमंत ने आगे कदम बढ़ाया और अपनी मजबूत इच्छाशक्ति, प्रशासनिक कौशल और राजनीतिक सूझबूझ से अवरोधों को एक-एक कर हटाया। उनके सामने कोरोना की चुनौतियां आयीं, तो उन्होंने सबसे पहले खतरे को भांपा और अपनी तैयारी शुरू कर दी। यह हेमंत की प्रशासनिक क्षमता का ही परिणाम था कि कोरोना संकट के दौरान राज्य में एक भी व्यक्ति भूखा नहीं रहा। समाज के अंतिम कतार पर बैठे व्यक्ति के पास तक प्रशासन पहुंचा और उसे पेट भर खाना मिलता रहा। पुलिस थानों के साथ ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों तक को इस काम से जोड़ा गया। पूरे राज्य में सात हजार मुख्यमंत्री दीदी कीचेन, करीब डेढ़ हजार मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्र और हर थाना एवं ओपी में सामुदायिक भोजनालय के तहत प्रत्येक दिन 50 लाख से ज्यादा जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। इसके अलावा प्रतिदिन फूड पैकेट का वितरण भी किया गया। जन वितरण प्रणाली के माध्यम से दो माह का राशन एक साथ सभी कार्डधारियों को दिया गया। जिन जरूरतमंदों के पास राशन कार्ड नहीं था, उन्हें भी खाद्यान्न मुहैया कराया गया। न केवल झारखंड में, बल्कि देश के दूसरे हिस्सों में फंसे झारखंड के लोगों की जरूरतों का भी मुख्यमंत्री ने खासा ध्यान रखा और उनके लिए पर्याप्त व्यवस्था करायी। खाद्यान्न की कालाबाजारी की सूचना मिलने पर प्रखंड और जिला स्तर पर स्क्वायड टीम का गठन किया गया, जिससे गड़बड़ी करनेवालों पर लगाम लगायी जा सकी।

इतना ही नहीं, देश में प्रवासी मजदूरों को हवाई जहाज और ट्रेन से लाने वाला झारखंड पहला राज्य बना। पांच लाख से अधिक प्रवासियों को वापस लाया गया। लेह, अंडमान निकोबार और पूर्वोत्तर के दूर-दराज के स्थानों से प्रवासियों को हवाई जहाज से लाकर सीएम ने सचमुच इतिहास रच दिया। प्रवासी कामगारों को हेमंत सोरेन सरकार ने केवल वापस ही नहीं लाया, बल्कि उनमें से कई को नयी व्यवस्था के तहत फिर काम करने भेजा।

ऐसा नहीं था कि हेमंत सोरेन सरकार केवल सामाजिक मोर्चे पर ही काम कर रही थी। स्वास्थ्य के मोर्चे पर भी उसने शानदार काम किया। सीमित संसाधनों के बावजूद प्रदेश में कोरोना मरीजों की समुचित देखभाल की गयी। इसका परिणाम यह हुआ कि राज्य में कोरोना की मृत्यु दर बेहद कम रही। कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए सोशल पुलिसिंग का तरीका अपनाया गया। लोगों को जागरूक किया गया और इसका सकारात्मक परिणाम सामने आया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घर लौटे प्रवासी मजदूरों को काम देने के लिए बिरसा हरित ग्राम योजना, नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना और वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना का शुभारंभ किया। इन योजनाओं के माध्यम से 25 करोड़ मानव दिवस का सृजन करने और 20 हजार करोड़ रुपये पारिश्रमिक के रूप में देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। पूरे राज्य में इन योजनाओं पर तेज गति से काम हुआ।

### आर्थिक मोर्चे पर काम तो हुआ, पर चुनौतियां बाकी

चाणक्य की एक उक्ति राज्य व्यवस्था के लिए दुनिया भर में चर्चित है। यह उक्ति है, कोष मूलो दंड। इसका मतलब किसी भी शासन के लिए सबसे मुख्य उसका खजाना होता है। झारखंड के संदर्भ में इस उक्ति को देखने पर साफ हो जाता है कि प्रदेश के खजाने की हालत बहुत अच्छी नहीं है, हालांकि तीन साल पुरानी हेमंत सोरेन सरकार ने इस मोर्चे पर बहुत काम किया है। इस बात में भी कोई शक नहीं कि इस सरकार ने राज्य हित में कई ऐसे कदम उठाये हैं, जिनका अर्थव्यवस्था पर दूरगामी असर पड़ा।

तीन साल पहले जब हेमंत सोरेन सरकार ने सत्ता संभाली थी, तब राज्य का खजाना लगभग खाली था और सामान्य कामकाज के लिए भी रकम की व्यवस्था इधर-उधर से की जा रही थी। जीएसटी संग्रह और केंद्रीय करों में राज्य के हिस्से से रोजाना का खर्च तो चल रहा था, लेकिन विकास योजनाओं के लिए पैसे की कमी से राज्य जूझ रहा था। ऐसे में हेमंत सोरेन सरकार की पहली चुनौती फिजूलखर्ची पर रोक लगाने की थी। इस चुनौती का सामना राज्य सरकार ने सफलता से किया।

झारखंड की बदहाल आर्थिक स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 31 मार्च, 2022 को राज्य पर 86 हजार 234 करोड़ रुपये का कर्ज था। यह जानना भी बेहद दिलचस्प है कि वर्ष 2000 से 2014 तक राज्य ने जितना कर्ज लिया, उससे अधिक कर्ज 2014 से 2019 के बीच लिया गया। जाहिर सी बात है कि हेमंत सोरेन सरकार के पास इससे निबटने का एकमात्र विकल्प खर्चों में कटौती और फिजूलखर्ची पर रोक लगाना था। राज्य सरकार ने यही किया। हेमंत सरकार ने बजट में जहां कुछ विभागों के आवंटन में कटौती की, वहीं लोक कल्याण और विकास से जुड़े विभागों का आवंटन बढ़ाने में कोताही नहीं की। हेमंत सरकार ने अपना इरादा जाहिर कर दिया कि वह चुनौतियों का सामना करने से पीछे नहीं हटेगी। इसके बाद इस सरकार ने आमदनी बढ़ाने पर ध्यान दिया। इसके लिए कुछ ऐसे कड़े फैसले लिये गये, जिनकी आलोचना भी हुई।

हेमंत सोरेन सरकार ने इन कदमों के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया कि विकास योजनाओं में धन की कमी को बाधा नहीं बनने दिया जाये। इसके लिए उसे केंद्रीय सहायता की सख्त जरूरत थी। राजनीतिक कारणों से केंद्र से अपेक्षित मदद नहीं मिलने के बावजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लगातार अपनी बात सामने रखी। इसका सकारात्मक परिणाम यह हुआ कि राज्य को पहली बार कोयला कंपनियों से ढाई सौ करोड़ रुपये मिले। यह रकम बहुत छोटी जरूर है, लेकिन इसका खास महत्व इसलिए है, क्योंकि झारखंड को पहली बार कोल इंडिया ने जमीन के किराये के रूप में कोई भुगतान किया। समय-समय पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड की जरूरतों और इसके अधिकारों के लिए आवाज उठायी। चाहे जीएसटी की क्षतिपूर्ति में कमी का मुद्दा हो या फिर केंद्रीय करों में राज्य के हिस्से में कटौती, हेमंत ने झारखंड के हित में हमेशा बेहद तार्किक ढंग से अपनी बात रखी।

### कई चुनौतियां हैं सामने

जहां तक चुनौतियों का सवाल है, तो हेमंत सोरेन सरकार के सामने झारखंड पर लगे गरीब राज्य के टैग को हटाना सबसे बड़ी चुनौती है। आंकड़े बताते हैं कि झारखंड की करीब 37 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करती है। झारखंड को गरीबी से पार पाना है। राज्य की प्रति व्यक्ति आमदनी राष्ट्रीय स्तर पर प्रति व्यक्ति आमदनी से लगभग आधी है, जबकि राज्य की विकास दर बीते 22 साल में सात-आठ प्रतिशत रही है। इसका मतलब यह हुआ कि राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने के लिए झारखंड को अपने आर्थिक विकास की गति को तेज करना होगा। भारत की औसत प्रति व्यक्ति आमदनी तक पहुंचने के लिए झारखंड को कम-से-कम 11 प्रतिशत की दर से विकास करना होगा, तभी वह भारत की औसत प्रति व्यक्ति आमदनी के बराबर पहुंचेगा। केवल विकास दर बढ़ाने से ही झारखंड का काम नहीं चल सकता। राज्य में व्याप्त असमानता को भी दूर करना होगा। झारखंड को मानव विकास सूचकांक के हर स्तर पर आगे बढ़ना होगा। चाहे वह बिजली हो, स्वच्छता हो, शिक्षा हो, भूख हो, गरीबी हो या बेरोजगारी हो। इन सभी स्तरों पर जब तक सम्यक रूप से नीति बना कर काम नहीं किया जायेगा, तब तक मुश्किल है कि झारखंड अपने लक्ष्यों को प्राप्त करे। यह भी सच है कि झारखंड जैसे संसाधन-संपन्न राज्य के लिए यह कोई मुश्किल नहीं है कि वह इन सूचकांकों को ठीक नहीं कर सकता। हेमंत सरकार ने पिछले तीन साल में जिस इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया है, उससे तो यह बहुत मुश्किल नहीं लगता।

झारखंड की प्रतिवर्ष खाद्यान्न आवश्यकता लगभग 50 लाख मीट्रिक टन की है, जबकि सबसे अनुकूल हालात में यहां खाद्यान्न उत्पादन 40 लाख मीट्रिक टन ही हो पाता है। ऐसे में इस 10 लाख मीट्रिक टन की खाई को पाट पाना बहुत बड़ी चुनौती है। गरीबी के अलावा बेरोजगारी भी झारखंड की बड़ी समस्या है। बताया जाता है कि झारखंड सर्वाधिक बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिल है और सर्वाधिक बेरोजगारी दरों वाले प्रदेश में से एक है। सर्वाधिक बेरोजगारी वाले देश के 11 राज्यों में से झारखंड पांचवें स्थान पर है। यहां प्रत्येक पांच में से एक युवा बेरोजगार है। आंकड़ों के मुताबिक झारखंड के 46 प्रतिशत स्नातक और 49 प्रतिशत युवाओं को रोजगार नहीं मिलता।

जाहिर है कि हेमंत सरकार के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण स्थिति है। खासकर तब, जब हम सब चाहे-अनचाहे एक ग्लोबल आर्थिक चेन में आबद्ध होकर चल रहे हैं, तो ऐसे में जन आकांक्षाएं लोकल हो ही सकती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उन्हें भी एक व्यापक फलक पर ले जाना जरूरी है। तभी हमारी संवैधानिक मान्यताओं की वास्तविक लोकतांत्रिक परंपरा की स्थापना हो सकेगी।

इन चुनौतियों के बरअक्स मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन के तीन साल के कार्यकाल का मूल्यांकन करने पर साफ दिखता है कि उनकी नीयत एकदम साफ है। उन्होंने लीक से हट कर कोई काम नहीं किया है, लेकिन जो भी किया है, उसके सकारात्मक परिणाम की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। हेमंत सोरेन जब मुख्यमंत्री बने थे, तो गरीबों और जरूरतमंदों में एक उम्मीद और आस जगी थी। सभी लोग अपनी उम्मीद लेकर सीएम से मिलते रहे और हेमंत सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। अभी तक इन तीन सालों के दौरान हजारों जरूरतमंदों को वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, छात्रवृत्ति और सामाजिक सुरक्षा की दूसरी योजनाओं का लाभ मिल चुका है। यह झारखंड के लिए सुखद संकेत है। झारखंड की आगे की चुनौतियां हेमंत सोरेन जैसे मुख्यमंत्री के इरादों के आगे बौनी साबित होंगी।



### तीन सालों में हेमंत सोरेन सरकार के काम

**1. 1932 के खतियान का विधेयक विधानसभा से पारित**

झारखंड में 1932 का खतियान ही स्थानीयता का आधार होगा। विधानसभा से पारित इस विधेयक को सरकार नौवीं अनुसूची में शामिल करना चाहती है। इसके लागू होने के बाद झारखंड में तीसरी और चौथी श्रेणी की नौकरी 1932 का खतियान रखने वाले ही कर सकेंगे।

**2. आरक्षण का दायरा बढ़ाने का प्रस्ताव विधानसभा से पास**

झारखंड में आरक्षित वर्ग के आरक्षण का दायरा 77 प्रतिशत करने का विधेयक भी झारखंड विधानसभा ने पास किया है। इसके तहत अनुसूचित जनजाति को 26 की जगह 28 प्रतिशत, अनुसूचित जाति को 10 की जगह 12 प्रतिशत और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 14 की जगह 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा। इसके अलावा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग का आरक्षण 10 प्रतिशत जारी रहेगा।

**3. नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज की अधिसूचना रद्द**

हेमंत सोरेन सरकार ने नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज की अधिसूचना रद्द कर दी है। इस फैसले से जनजातीय समाज के लोगों में काफी खुशी है। पिछले 28 साल से अधिसूचना रद्द करने को लेकर स्थानीय जनजातीय लोग आंदोलनरत थे।

**4. निजी क्षेत्र में स्थानीय के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण**

झारखंड के निजी क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान लागू किया गया। निजी क्षेत्रों में स्थानीय उम्मीदवारों की नियोजन नियमावली 2022 की गजट अधिसूचना जारी की गयी।

**5. झारखंड आंदोलनकारियों को तोहफा**

हेमंत सरकार ने अलग राज्य निर्माण के लिए लड़ाई लड़ने वाले आंदोलनकारियों को बड़ा तोहफा दिया। अलग झारखंड राज्य की मांग करने वाले शहीद आंदोलनकारियों के आश्रितों को सरकारी नौकरियों में सीधी भर्ती करने के साथ ही शहीद परिवार के एक सदस्य को सात हजार रुपये तक की मासिक पेंशन भी मिलेगी।



### हेमंत सरकार की कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं

- राज्यकर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीसी) लागू करना।
- यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू करना।
- सोना सोबरन धोती साड़ी योजना लागू।
- हरा राशन कार्ड से 20 लाख गरीब लोगों को राशन देना।
- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना लागू।
- प्री एवं पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप राशि हुई तीन गुणा।
- गरीबों को एक सौ यूनिट मुफ्त बिजली।
- सुओ मोटो ऑनलाइन म्यूटेशन प्रक्रिया शुरू।
- पेट्रोल पर प्रति लीटर 25 रुपये सब्सिडी।
- पुलिसकर्मियों के लिए क्षतिपूर्ति अवकाश व्यवस्था लागू।
- 61 हजार से अधिक पारा शिक्षकों और 77 हजार आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के लिए नियमावली बनायी गयी।
- संविदा पर काम कर रहे छह हजार मनरेगा कर्मियों को अनुभव के आधार पर मानदेय की बढ़ोत्तरी।
- विधायक फंड की राशि चार करोड़ से बढ़ा कर पांच करोड़ की गयी।
- मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना के तहत 22 जिलों के 226 सूखाग्रस्त प्रखंडों के 30 लाख किसान परिवारों को प्रति माह साढ़े तीन हजार रुपये की सहायता।
- एक सौ किसान पाठशालाओं के निर्माण की स्वीकृति।
- मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत सहायता राशि पांच लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये की गयी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# सीएम हेमंत ने किया कैलेंडर का अनावरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों और जनता को मिले अधिकारों से अवगत कराने के लिए इस वर्ष कैलेंडर प्रकाशित कराया गया है। आयोग के वर्ष 2023 के इस कैलेंडर का अनावरण बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। मुख्यमंत्री आवास में राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी और सदस्य शबनम परवीन ने मुख्यमंत्री को कैलेंडर भेंट किया। मुख्यमंत्री से अनावरण कराने के बाद आयोग के अध्यक्ष ने विभागीय मंत्री रामेश्वर उरांव को भी कैलेंडर भेंट किया। यह कैलेंडर राज्य की सभी पंचायतों के पंचायत भवन एवं सभी प्रखंड कार्यालय में लगाया जायेगा। कैलेंडर में जनवितरण प्रणाली के अंतर्गत किस दर पर कितना अनाज मिलना है, विद्यालयों में मध्याह्न भोजन किस प्रावधान के तहत मिलना है। आंगनबाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कौन-सी योजनाएं संचालित

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों और जनता को मिले अधिकारों से अवगत कराने के लिए इस वर्ष कैलेंडर प्रकाशित किया गया**

हैं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के संदर्भ की जानकारी, एक राष्ट्र एक राशन कार्ड का विवरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्य सुरक्षा भत्ता की जानकारी भी उपलब्ध करायी गयी है। इसके अलावा इस बात का भी विवरण कैलेंडर में उपलब्ध कराया गया है कि कौन लोग राशन कार्ड के हकदार नहीं हैं। कैलेंडर में खाद्य सुरक्षा अधिनियम से संबंधित शिकायत को आयोग में दर्ज कराने के लिए वाट्सएप नं- 9142622194 मोटे अक्षरों में सबसे ऊपर अंकित किया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य खाद्य आयोग की इस पहल की प्रशंसा करते हुए, आयोग के टैग लाइन अधिकार जानें, अधिकार मांगे को जनहित में एक कारगर प्रयास बताया है।

### सरकार के तीन साल पूरे होने पर आत्मविश्वास से लबरेज दिखे सीएम

# आश्चर्य नहीं कि मेरी गिरफ्तारी हो जाये नेता और मुद्दा से विहीन है विपक्ष : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आत्मविश्वास से लबरेज हैं। गुरुवार को वे अपने शासनकाल के तीन साल पूरा कर लेंगे। उन्होंने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि विपक्ष उन्हें हिला-डुला नहीं सकता। अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने भविष्य की योजनाओं के साथ-साथ तमाम विषयों पर खुलकर बातचीत की। राजनीतिक हालात से संबंधित सवालों पर यहां तक कहा कि अगर उनकी गिरफ्तारी हो जाये तो उन्हें आश्चर्य नहीं होगा। जब शिबू सोरेन गिरफ्तार हो सकते हैं तो वे किस खेत की मूली हैं। शिबू सोरेन जब देश के कोयला मंत्री थे तो विरोधियों ने कोर्ट-कचहरी कराया। जब हम सत्ता में नहीं रहेंगे तो गिरफ्तारी नहीं होगी। ऐसा भी दिन आयेगा कि जो लोग ऐसा षड्यंत्र करेंगे, उनको दिक्कत होगी।

## देश में राजनीति की नयी लकीर गढ़ी जा रही

पत्थर खनन लीज लेने संबंधी सवाल पर कहा कि इसका उन्हें कोई मलाल नहीं है। राजनीति में



आने से पहले से उनके नाम पर खनन लीज था। वे सांसद, विधायक, उप मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष से होते हुए मुख्यमंत्री बने हैं। यह सच्चाई विपक्ष को नहीं दिखती है। देश में राजनीति की नयी परिभाषा गढ़ी जा रही है। विधायकों की खरीद-फरोख्त और केंद्रीय एजेंसियों का टूल की तरह उपयोग किसी से छिपा नहीं है।

## झारखंडियों का नेतृत्व उन्हीं के बीच का व्यक्ति ही कर सकता है

राज्य के लोगों ने बीस वर्षों के अत्याचार और कुशासन का लंबा मंजर देखा है। आने वाले समय में पूर्व के बीस साल और उनके शासनकाल के तीन वर्षों का भी लोग आकलन करेंगे। वे न तो व्यापारी हैं और ना ही पूंजीपतियों का नेतृत्व करते हैं। उनके ऊपर आरोप लगाना आसान है क्योंकि वे ऐसे समाज से आते हैं जो आर्थिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से काफी कमजोर हैं। ऐसे लोगों का नेतृत्व इनके बीच का व्यक्ति ही कर सकता है।

## मुद्दा और नेता दोनों से विहीन है विपक्ष

मुख्यमंत्री ने विपक्षी दल भाजपा को मुद्दा विहीन और नेता विहीन बताते हुए कहा कि ये बस सरकार गिराने का सपना देखते हैं। आलोचना करना अच्छी बात है, लेकिन आलोचना सकारात्मक होनी चाहिए। इनके पास सरकार से करने के लिए कोई सवाल ही नहीं है। ये बस लेटकर सपने देखते हैं कि लिफाफा खुल गया और हेमंत सोरेन को हथकड़ी लगाकर ले जाया जा रहा है।

## मेरे पास आता लिफाफा तो मैं जवाब देता

मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा लिफाफा मेरे पास नहीं आया है अगर मेरे पास आता तो उसका जवाब देता राज्यपाल महोदय तो यह बयान दे चुके हैं कि कुछ दिनों तक झारखंड की राजनीति समझने में लगा, राज्यपाल का पद संवैधानिक होता है राजनीति करने के लिए नहीं।

## आदिवासी बटालियन का गठन हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा सेना में जाते हैं दूसरे राज्यों में सिख रेजीमेंट, बिहार रेजिमेंट जैसे बटालियन सेना में है आदिवासी बटालियन का भी गठन होना चाहिए

## रेल मंत्री को लिखा था पत्र

मुख्यमंत्री मंत्री ने कहा कि रेलवे द्वारा तस्करी के संबंध में जानकारी मिलने के बाद रेल मंत्री को पत्र लिखा गया था जिसका बड़ा असर हुआ है उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि अगर 1000 करोड़ का पत्थर की तस्करी हो सकती है तो फिर कोहली की कितनी तस्करी हुई होगी इसलिए कोयला मंत्री को पत्र लिखा है और जल्द एसआइटी का गठन कर इसकी जांच भी होगी।

### हेमंत सरकार के तीन साल पर साधा निशाना

# युवाओं के साथ हुआ विश्वासघात : सुदेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार ने अपने तीन साल के कार्यकाल में सबसे ज्यादा झारखंड के युवाओं के साथ विश्वासघात किया है। नियोजन नीति, रोजगार, बेरोजगारी भत्ता के नाम पर युवा ठगे गये। मुख्यमंत्री ने एक साल में पांच लाख नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन तीन साल में महज साढ़े पांच सौ नियुक्तियां हुई हैं। आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुदेश कुमार महतो ने सरकार के तीन साल पूरे होने पर जम कर हमला बोला। कहा कि सरकार ने तीन साल में जनादेश और जनभावना का अपमान किया है। संसाधनों की लूट मची है। सरकार झूठ पर झूठ बोले जा रही है। युवाओं को नौकरी मिलने के बजाय, उनके हाथ से नियुक्तियां निकली जा रही हैं। अखबारों में वेकैंसी, परीक्षाओं की सूचनाएं आती हैं, लेकिन इनकी लचर नीतियों की वजह से सब धरी रह जाती हैं।

## स्थानीय नीति है नियोजन का आधार

सुदेश महतो ने सवालिया लहजे में कहा कि स्थानीय नीति को नियोजन का आधार क्यों नहीं बनाया गया। हमने शुरू से इस विषय पर अपनी आवाज मुखर की। स्थानीय नीति, आरक्षण नियोजन को लेकर सरकार की कोई स्पष्ट मंशा नहीं है, इसलिए वह चीजों को और उलझाने का रास्ता प्रशस्त करती रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो कांग्रेस सरकार के तीन साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री और उनके मंत्री कौन सी उपलब्धियां गिनाने के लिए बेताब हैं।

सरकार के काम से जनता वाकिफ और ऊब चुकी है। सरकार की नाकामियां सिर्फ यहीं समाप्त नहीं होतीं। अपराध चरम पर है। महिलाओं की सुरक्षा खतरे में है। किसानों के हितों को लेकर कोई सार्थक पहल नहीं हुई। बंद हुए कितने स्कूल इन्होंने खोले? शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की बजाय बच्चों को बिना बेसिक शिक्षा दिये पास कराना ही इनकी उपलब्धि है। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का हाल बुरा है। तीन साल में इंफ्रास्ट्रक्चर का एक काम नहीं हुआ। हर इंडेक्स में हमारा राज्य पीछे है। कहा कि संघर्ष से मुख्यमंत्री का कोई वास्ता नहीं। अलग राज्य आंदोलन से कोई वास्ता नहीं। वह शख्स झारखंड का मर्म क्या समझेगा। हम झारखंड की आकांक्षाओं, आशाओं और यहां की भावनाओं को टूटने नहीं देंगे। हर विषय पर हम गांव से लेकर शहर तक, पंच से पंचायत तक, इस राज्य के हित में व्यापक संघर्ष करेंगे और अगले महीने 12 जनवरी को युवा दिवस के दिन से इसकी शुरूआत होगी। पूरे राज्य में इस सरकार की विफलता पर विधानसभावार हम राज्य का भ्रमण करेंगे। सरकार की विफलता को जनता के समक्ष रखेंगे।

# केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जारी किया 2023 के लिए भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को वर्ष 2023 के लिए भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर जारी किया। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि कैलेंडर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के भरोसे का प्रतिबिंब है। उन्होंने जोशपूर्ण तरीके से आगे बढ़ रहे भारत को दशार्ने वाली 12 छवियों के एक प्रभावशाली संग्रह वाले कैलेंडर की सराहना की। उन्होंने कहा कि 12 महीनों के लिए 12 थीम सरकार द्वारा लोक कल्याण के लिए किये गये जोरदार प्रयासों की एक झलक है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने याद दिलाया कि कैलेंडर को दो साल के अंतराल के बाद वास्तविक रूप से कागज पर मुद्रित किया जा रहा है, जबकि दो वर्ष तक कैलेंडर केवल डिजिटल रूप में लाया गया।

श्री ठाकुर ने मंत्रालय के विभिन्न संस्थानों की उपलब्धियों को भी दोहराया। प्रसार भारती ने अपने सभी एनालॉग टेरेस्ट्रियल ट्रांसमीटरों को समाप्त कर दिया है, महत्वपूर्ण स्थानों में 50 ट्रांसमीटरों की उम्मीद है। वहीं डीडी फ्री डिश 2022 की शुरुआत में 43 मिलियन से अधिक घरों तक पहुंच चुकी थी, प्रसार भारती के तहत विभिन्न चैनल दो करोड़ से अधिक ग्राहकों तक पहुंच चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष देश में 75 सामुदायिक रेडियो स्टेशन जोड़े गये हैं, जिससे इनकी संख्या 397 तक पहुंच गयी है। उन्होंने दर्शकों को आगे बताया कि केंद्रीय संचार ब्यूरो की स्वचालन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। यही प्रक्रिया भारत के समाचार पत्रों के रजिस्ट्रार के लिए चल रही है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने पिछले पांच वर्षों में पत्रकार कल्याण योजना के तहत 290 पत्रकारों और पत्रकारों के परिवारों को 13.12 करोड़ वितरित किये हैं।

केंद्रीय संचार ब्यूरो के महानिदेशक मनीष देसाई ने श्रोताओं को बताया कि कैलेंडर की थीम 'नया वर्ष, नये संकल्प' में भारत सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों और नीतियों को प्रदर्शित किया गया है। इसका विषय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना, पहल और नेतृत्व के अनुसार तैयार किया गया है। कैलेंडर पूरे भारत में केंद्र सरकार के कार्यालयों में वितरित किया जायेगा।

श्री देसाई ने कहा कि इसके साथ ही केंद्रीय संचार ब्यूरो की मास मेलिंग यूनिट ने क्षेत्रीय भाषाओं में भारत की 2.5 लाख से अधिक पंचायतों को कैलेंडर वितरित करने के लिए इंडिया पोस्ट के साथ समझौता किया है।

# वचन पत्र में जो भी वादे किये, उस पर आगे बढ़े : राजेश ठाकुर

**कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस मना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम लोगों ने अपने वचन पत्र में जो भी वादे किये थे, बहुत हद तक हम उस पर आगे बढ़े। संगठन की उपलब्धियों को गिनवाते हुए उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार से झारखंडवासियों को काफी उम्मीदें हैं। कोविड काल का भी हमारी सरकार ने डट कर सामना किया है। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के हर कांग्रेसी, जिन्होंने 137 साल की प्रतिबद्धता, लोगों को प्राथमिकता देने का संकल्प लेने के



लिए युगों से लेकर आज तक राज्य के हर कांग्रेसी का सलाम और अभिवादन किया।

**अपने दायित्वों को हम पूरी जिम्मेवारी के साथ निभायेंगे**

राजेश ठाकुर ने अपने संदेश में कहा कि हमारी गंगा-यमुनी संस्कृति को मिटाने की कोशिश हो रही है। देश का आम नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहा है। लोकतंत्र और संविधान को दरकिनार किया जा रहा है। इतिहास को झुठलाया जा रहा है। ऐसे में हमारा दायित्व देश के लिए और बढ़ जाता है और आज हम यह शपथ लेते हैं कि इन दायित्वों को हम पूरी जिम्मेवारी के साथ निभायेंगे।

**कांग्रेस पार्टी के सहयोग से महागठबंधन की बनी सरकार**

विगत विधानसभा चुनाव में आपके अपार जन समर्थन से प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के सहयोग से महागठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। जन आकांक्षा के अनुरूप कई बहुप्रतीक्षित फैसले लिये गये।

**कांग्रेस के स्थापना दिवस पर सफरनामा स्मारिका का विमोचन**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षा विभाग के तत्वावधान में बुधवार को कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर 137 वर्षों का सफरनामा नामक स्मारिका का विमोचन किया गया। प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन श्याम नारायण सिंह ने की। मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से जुड़ी इतिहास को एक दस्तावेज के रूप में प्रकाशित करना पार्टी हित, राष्ट्र एवं जनहित का कार्य है।

# कृषि गणना की मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तरीय समिति गठित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में कृषि गणना 2021-22 की मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर पूरे राज्य में कृषि गणना की जा रही है। सचिव सह राज्य कृषि गणना आयुक्त राजस्व, निबंधन और भूमि सुधार विभाग को अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में विशेष सचिव गृह विभाग, निदेशक, भू-अर्जन, निदेशक, कृषि, निबंधक सहयोग समितियां झारखंड, निदेशक पंचायती राज, निदेशक अर्थ और सांख्यिकी निदेशालय, राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी, निदेशक, झारखंड स्पेश एप्लिकेशन सेंटर, संयुक्त सचिव राजस्व निबंधन विभाग को सदस्य बनाया गया है। समिति गठन पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की स्वीकृति के बाद राजस्व भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से 26 मरीजों को उपचार के लिए मिले 55 लाख : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से वर्ष 2022 में 26 लोगों को 55 लाख 41 हजार की राशि विभिन्न गंभीर और असाध्य रोगों से उपचार के लिए प्रदान की गयी है। यह राशि सांसद की अनुशंसा पर रांची लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों को दी गयी है। जिन नागरिकों को यह राशि प्रदान की गयी है, उनमें 14 कैंसर के मरीज, सात दिल और किडनी से जुड़े मरीज हैं। अन्य रोगों के पांच मरीजों को यह राशि प्रदान की गयी है। रांची लोकसभा क्षेत्र के रांची जिला और सरायकेला खरसावां जिला में गंभीर रोगों जैसे कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, किडनी प्रत्यारोपण, ब्लड कैंसर, दिल से जुड़े रोग, ब्रेन ट्यूमर, प्लास्टिक एनीमिया सहित कई अन्य असाध्य रोगों के उपचार के लिए राशि प्रदान की गयी है। ऐसे 13 गंभीर मरीजों को तीन-तीन लाख रुपये की राशि दी गयी है, जो असाध्य रोगों से जूझ रहे थे।



इससे इन मरीजों का उपचार बहुत सुगम हुआ है। सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष के तहत असाध्य रोग से जूझ रहा कोई भी नागरिक उपचार के लिए राशि ले सकता है लेकिन इलाज करने वाला अस्पताल प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से राशि लेने के लिए अधिकृत होना चाहिए।

**यह है प्रक्रिया**

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से देशभर के लोगों को असाध्य रोगों के उपचार के लिए राशि प्रदान की जाती है। इसके लिए संबंधित रोगियों या उनके अभिभावक का आय प्रमाण पत्र, जिस अस्पताल में इलाज हो रहा हो वहां का स्टीमेट, आधार कार्ड, रोगियों की पासपोर्ट साइज की फोटो अनिवार्य होती है। आवेदन के न्यूनतम 40 से 50 दिनों की समय सीमा में उपचार के लिए राशि निर्गत की जाती है, जो सीधे अस्पतालों के खाते में भेजी जाती है।

# 15 लाख के इनामी नक्सली अमन गंझू ने किया सरेंडर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के समक्ष भाकपा माओवादी के 15 लाख के इनामी रीजनल कमांडर अमन गंझू ने बुधवार को आइजी कार्यालय में सरेंडर कर दिया। उसके खिलाफ 17 मामले दर्ज थे। अमन गंझू औरंगाबाद के ढिबरा थाना क्षेत्र के झरना गांव का रहनेवाला है। सरेंडर करने के बाद इनाम की राशि उसे दे दी गयी। इस दौरान आइजी अभियान एवी होमकर, डीआइजी अनूप बिरथरे और सीआरपीएफ के अधिकारी मौजूद थे।

### इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के 105 वें अधिवेशन का दूसरा दिन

# भारत की आध्यात्मिकता से उपजे अर्थशास्त्र की आवश्यकता: एडीएन वाजपेयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व में दो अर्थशास्त्रीय धाराएं विद्यमान हैं: एक पूंजीवादी और दूसरी साम्यवादी। यद्यपि दोनों सतह पर अलग-अलग दिखती हैं परंतु दोनों एक ही दर्शन से उत्पन्न हैं। दोनों में पदार्थ, भौतिकवाद, उपभोग, मुद्रा प्रदर्शन, मशीन, तकनीकी आदि विद्यमान हैं। केवल स्वामित्व का अंतर है। पूंजीवादी व्यक्ति के और साम्यवादी राज्य का संसाधन पर स्वामित्व मानते हैं। इससे अलग भारत का आध्यात्मिक चिंतन है जो संसाधन पर ईश्वर का स्वामित्व मानता है। उक्त बातें आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के 105वें अधिवेशन में कहीं।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय तथा रांची विश्वविद्यालय, रांची के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के 105वें सम्मेलन का बुधवार को दूसरा दिन था। दूसरे दिन के कार्यक्रम की शुरूआत ब्रह्मानंद मेमोरियल लेक्चर के साथ हुई जिसमें मुख्य वक्ता डॉ तीर्थंकर पटनायक (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज इंडिया) तथा डॉ निशिकांत झा ठाकुर कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स मुंबई से शामिल हुए। इसके उपरांत लेक्चर की शुरूआत हुई जिसके चेयरपर्सन डॉ विश्वजीत चटर्जी जादवपुर यूनिवर्सिटी कोलकाता तथा वक्ता प्रो जोयश्री रॉय आसियान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से शामिल हुईं। इसके बाद फाइनेंशियल इकोनॉमिक्स में लेक्चर की शुरूआत हुई जिसके चेयरमैन डॉ केएन भट्ट इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से तथा वक्ता प्रोफेसर जोशी जैकब आइआइएम अहमदाबाद से शामिल हुए। अपराह्न रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित पैनल डिस्कसन की शुरूआत हुई। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने इस अधिवेशन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन का झारखंड में पहली बार अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। इसलिए यह झारखंड और हमारे विश्वविद्यालय के लिए गौरवान्वित करने वाला पल है।

इससे पूर्व 1972 में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में इसका आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन से जो निष्कर्ष प्राप्त होंगे वह निश्चित तौर पर अर्थशास्त्रियों के नीतिगत मंथन के लिए उपयोगी साबित होंगे, ऐसा मुझे विश्वास है। सुनीता राय, डिपार्टमेंट ऑफ पीएमइआर, पटना विश्वविद्यालय ने एग्रो फूड ट्रेड एंड रिस्ट्रक्चरिंग ऑफ फूड सिस्टम इन इंडिया विषय पर सत्र के चेयरपर्सन के रूप में कहा कि, भारत पर आधारित अर्थव्यवस्था है जिसका आधार श्रम बाजार कृषि से संबंधित बाजारों का प्रतिनिधित्व करता है। चेतन घाटे, निदेशक, आइइजी ने कहा कि आर्थिक विकास अर्थव्यवस्था में वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में वृद्धि से है।

## रांची के बदलते मौसम ने वैज्ञानिकों के उड़ाये होश

रांची। झारखंड में रांची समेत राज्यभर में मौसम के बदलते मिजाज ने वैज्ञानिकों के होश उड़ा दिए हैं। हाल यह है कि दिसंबर के आखिरी हफ्ते में सर्द हवाओं की जगह लोगों को गर्मी का मौसम महसूस हो रहा हैं। ऐसे में न्यूनतम पारा में बढ़ोतरी को लेकर राजधानी रांची समेत राज्य भर में 16 साल पुराना रिकॉर्ड टूटता नजर आ रहा है। जहां साल 2006 में दिसंबर के आखिरी हफ्ते में न्यूनतम पारा 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, लेकिन साल 2022 में 27 दिसंबर को कांके का न्यूनतम पारा 12.4 डिग्री दर्ज किया गया, जिसने 16 साल पहले के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है।

भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक - 753 006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK - 753 006, (ODISHA), INDIA
Ph.:0671-2367768-783, Fax:0671-2367663
Advertisement No. 40/GA/2022-23
Walk-in-Interview is to be held on 06.01.2023 for selection of one (01) Graduate Assistant (GA) at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack-6 in the scheme "Studying the Effect of Adopting Regenerative Agriculture Practices on Smallholder Farmer Livelihoods" (EAP-384). The details regarding essential/desirable qualifications, age, amount of emoluments and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website- https://icar-nrri.in.
PRINCIPAL INVESTIGATOR

## महत्वपूर्ण न्यूज

### फिल्म निर्माण की संभावनाएं एवं चुनौतियां पुस्तक से लाभ होगा : हेमंत सोरेन



**रांची (आजाद सिपाही)।** पत्रकार परवेज कुरैशी द्वारा लिखित पुस्तक झारखंड में फिल्म निर्माण की संभावनाएं एवं चुनौतियां दिल्ली विकल्प प्रकाशन द्वारा प्रकाशित की एक प्रति मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंपी गयी। परवेज कुरैशी ने संक्षिप्त में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बताया कि इस किताब में झारखंड फिल्म निर्माण से लेकर फिल्म नीति गठन और करीब 41 स्थानीय कलाकारों की बायोग्राफी इसमें सम्मिलित की गयी है। वही मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किताब को सरसरी नजरों से देखते हुए कहा कि यह किताब बहुत अच्छी है और मेरे लिए भी काम आयेगी, क्योंकि मैं कलाकारों के लिए कुछ काम करने जा रहा हूं, तो मैं समझता हूं कि यह किताब मेरे लिए मार्गदर्शन करेगी। जो फिल्म से जुड़े हुए पाठक हैं, सिनेमा प्रेमी है, वह भी उसे भी इस किताब को पढ़ना चाहिए। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र, मुकेश,उदय चौहान, गुलाम शाहिद, एहसान,आदिल रशीद उपस्थित थे।

### सीसीएल में संगोष्ठी का आयोजन

**रांची (आजाद सिपाही)।** दरभंगा हाउस सीसीएल मुख्यालय के मानव संसाधन विभाग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मानव संसाधन पर प्रभाव तथा न्य वेज कोड पर संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। यह संगोष्ठी सीसीएल और एनआइपीएम द्वारा आयोजित की जा रही है। संगोष्ठी में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक)/ अध्यक्ष, एनआइपीएम, रांची चैप्टर, हर्ष नाथ मिश्र एवं पूर्व महाप्रंधक (कार्मिक), सीएमपीडीआइएल, एनके ओझा मुख्य वक्ता होंगे। इस अवसर पर सीसीएल, सीएमपीडीआइएल एवं अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। संगोष्ठी का पंजीकरण 1.30 बजे अपराह्न से किया जायेगा। संगोष्ठी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मानव संसाधन पर प्रभाव तथा न्यू वेज कोड पर विस्तार से चर्चा की जायेगी, जिससे उपस्थित प्रतिभागी अवश्य लाभान्वित होंगे।

### सिपेट के कैंपस प्लेसमेंट में छात्रों का बढ़िया प्रदर्शन

**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान (सिपेट) रसायन और उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार एक प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान है। सिपेट पूरी तरह से प्लास्टिक और पेट्रोकेमिकल्स से संबंधित क्षेत्रों में कौशल विकास, प्रौद्योगिकी सहायता सेवाओं, अकादमिक और अनुसाधन के लिए समर्पित संस्थान है। भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के संयुक्त सहयोग से सिपेट रांची की स्थापना वर्ष 2017 में की गयी थी। यह संस्थान हेहल रांची में स्थित है। सिपेट रांची में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित दो डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाया जाता है।

### सांसद निशिकांत दुबे ने 150 गाय समेत दो तस्कर को पुलिस को सौंपा

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने दुमका के सरैयाहाट के रास्ते बांग्लादेश तस्करी कर जा रही 150 गायों व दो तस्करों को सरैयाहाट पुलिस को सौंपा। यह कार्रवाई अहले सुबह सांसद ने समर्थकों के सहयोग से की। उन्होंने थाना प्रभारी विनय कुमार को आवश्यक निर्देश भी दिये। भागलपुर जाने के क्रम में सांसद ने कोठियां के समीप गायों को लेकर जा रहे तस्करों को पकड़ा। तस्कर मोइउद्दीन और अली अंसारी को पुलिस के हवाले कर दिया। तस्कर इन गायों को लेकर बिहार से झारखंड के रास्ते बांग्लादेश जा रहे थे।

### मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक




**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची रेल मंडल कार्यालय के सभागार में मंडल रेल प्रबंधक सह अध्यक्ष मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्यों के साथ बैठक संपन्न हुई। प्रारंभ में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी एवं समिति के सचिव निशांत कुमार द्वारा सम्मानित सदस्यों का स्वागत एवं सभा का संचालन किया गया तथा रांची रेल मंडल की उपलब्धियों, यात्री सुविधाओं, वर्तमान एवं भविष्य की परियोजनाओं को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिखाया गया। सदस्यों द्वारा यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए अनेक सुझाव व मांग रखे गये। मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि सदस्यों ने बहुत ही सकारात्मक सुझाव दिये हैं। रांची रेल मंडल यात्री सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने और इसमें बढ़ोतरी की दिशा में हमेशा प्रयासरत है। सभा में जो सुझाव/ प्रस्ताव आये हैं, उनमें से जो मंडल स्तर के कार्य हैं, उनका निपटारा यहीं किया जायेगा एवं उचित कार्रवाई के लिए मुख्यालय प्रेषित किया जायेगा।

## मोरहाबादी मैदान में राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का उद्घाटन

# स्वदेशी वस्तुओं को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलायी जाये : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि स्वदेशी वस्तुओं को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई जाए। राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव आयोजित करने का उद्देश्य यही है कि क्षेत्रीय कारीगरों को हम किसी से कम नहीं दिखाने का मंच प्रदान किया जाए। पूरे देश की स्वदेशी ताकत जब एक मंच पर होगी तभी हम क्षेत्रीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों को देश एवं विदेशों तक पहुंचा सकेंगे। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से हमारी सरकार कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन कर रही है। लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिले इस निमित्त हम निरंतर प्रयासरत हैं। कहा कि राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव के नाम से ही यह प्रतीत होता है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों के अनुरूप खादी ग्रामोद्योग को देश एवं राज्य में कैसे बढ़ावा मिले। किस प्रकार ग्रामोद्योग के दायरे को बड़ा रूप दिया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग अधिक से अधिक कैसे हो यह प्रयास सभी का होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग तीन वर्ष के लम्बे अंतराल के बाद रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, महापौर रांची आशा लकड़ा, सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक रांची सीपी सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान सचिव कार्मिक विभाग वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार और झारखंड खादी बोर्ड के सीइओ राखल चंद्र बेसरा आदि मौजूद थे।



### डॉ मृणालिनी अखौरी ने गांधी भजनों की प्रस्तुति दी



**रांची।** राष्ट्रीय खाद्य एवं सरस महोत्सव 2022 के उद्घाटन समारोह में डॉक्टर मृणालिनी अखौरी ने गांधी भजनों की प्रस्तुति दी। दीप प्रज्ज्वलन के बाद डॉक्टर मृणालिनी अखौरी ने बापू के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए जे और रघुपति राघव राजा राम गाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की डॉ मृणालिनी अखौरी के साथ मोनिका, अंबिका, लक्ष्मी, रीमा, अमृता, पूर्णिमा, बसंत, प्रिंस, अंकुर ने साथ दिया। उसका संगत में तबले पर संजीव पाठक, ऑर्गन पर दीपक कुमार, विद ऑक्टोपैड पर आतनु चटर्जी ने साथ दिया।

## हरमू मैदान में 15 से 21 जनवरी तक श्रीराम कथा की होगी ज्ञानवर्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के हरमू मैदान में 15 से 21 जनवरी 2023 तक सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन श्री राम कथा सेवा समिति, रांची के द्वारा किया जा रहा है। श्री राम कथा सेवा समिति रांची के आयोजन समिति की बैठक संध्या छह बजे अग्रसेन भवन मे रखी गयी बैठक में रांची के धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, समाजसेवी, प्रबुद्धजन सहित कई गणमान्य लोग सम्मिलित हुए। बैठक में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत मुख्य संयोजक प्रकाश धेलिया ने किया। बैठक में स्वागत समिति के माननीय सांसद संजय सेठ भी उपस्थित थे। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए सभी उपसमिति सदस्यो को प्रेरित किया।

समिति के मुकेश काबरा ने बैठक का संचालन कर कथा की जानकारी रखी। उन्होंने बैठक में बताया कि 15 जनवरी से 21 जनवरी तक प्रेम मूर्ति पूज्य संत प्रेम भूषण महाराज के परम शिष्य राजन महाराज श्रीराम कथा का व्यासपीठ से अपनी मधुर वाणी में उपस्थित श्रोताओं को अमृत पान करायेगे। कथा वाचक राजन जी महाराज के मुखारविंद से 7 दिनों तक राज्य के सभी धर्म प्रेमियों को श्री राम कथा का रसपान का आनंद प्राप्त होगा।

बैठक में उप समिति का गठन कर प्रभारियों का चयन किया गया वहीं कथा के मुख्य यजमान प्रेम चंद श्रीवास्तव ने बताया की श्री राम कथा के भव्य आयोजन के लिए रांची के सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लिया जायेगा। आयोजन समिति के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत ने बताया कि 15 जनवरी से 21जनवरी तक चलने वाले कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से सायं छह बजे तक रहेगा। कथा स्थल पर 50 हजार स्क्वायर फीट का वाटरप्रूफ विशाल पंडाल बनेगा। इसमें 5000 से भी ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। आयोजन समिति के सांसद संजय सेठ, प्रकाश धेलिया, मुकेश काबरा ने रांची के सभी धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं सहित सभी धर्म प्रेमियों से इस कथा में आकर श्री राम कथा का रसपान करने का आग्रह किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष साहू, प्रकाश धेलिया, श्रबन अग्रवाल, प्रेमचंद श्रीवास्तव, बसंत गौतम, मुकेश काबरा, प्रमोद सारस्वत, सज्जन पाड़िया, सुरेश चंद अग्रवाल, नेमीचंद अग्रवाल, आनंद मानिक, सुनील माथुर, रामचंद्र जयसवाल, राजकुमार पोद्दार, दीपक पाठक, विनय पाठक, लड्डू अग्रवाल, कमल सिंघानिया, शशांक भारद्वाज, राम बांगड़, पवन शर्मा ,दीपक टाटिया गोपाल सोनी, भरत बगड़िया, अमर प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग लगे हुए हैं।

## सोना चांदी व्यवसायी समिति के सभी संरक्षकों से उचित न्याय करने की मांग

# सोना-चांदी व्यवसायी समिति रांची कमेटी का कार्यकाल पूरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सोना-चांदी व्यवसाय समिति रांची, झारखंड की एक मजबूत, प्रतिष्ठित तथा लोकप्रिय समिति है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुन कर आती है, और झारखंड के अन्य स्वर्णकार समितियों के लिए एक आदर्श स्थापित करती है, परंतु अभी तत्कालीन सोना-चांदी व्यवसाय समिति रांची की कमेटी का दूसरा कार्यकाल विगत लगभग छह माह पूर्व ही समाप्त हो गया है। ज्ञात हो कि आज से लगभग छह वर्ष पुर्व 2016 में तत्कालीन सोना-चांदी व्यवसाय समिति कमिटी का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत तीन वर्ष के लिए किया गया था, जिसका कार्यकाल 2019 में समाप्त हो गया था, परंतु तत्कालीन अध्यक्ष रवि कुमार पिंकु जी के आग्रह पर उन्हें वीना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत एक कार्यकाल अवधी और बने रहने पर तत्कालीन संरक्षकों ने अपनी सहमति प्रदान कि तथा स्पष्ट किया गया की तीन वर्ष पश्चात अर्थात वर्ष 2022 में पुनः लोकतांत्रिक प्रक्रिया से नये अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा, परंतु दूसरा कार्यकाल पूरा होने पर भी वर्तमान समिति भंग नहीं हो रही है जिससे सोना-चांदी व्यवसायी में रोष वायाप्त है ।अपर बाजार के सोना-चांदी व्यवसाइयों ने एक हस्ताक्षर अभियान चला कर एवं वर्तमान संरक्षकों को आवेदन दे कर पुनः चुनाव करवाने की मांग की है ,जिसका सभी संरक्षकों ने स्वागत किया एवं मुख्य संरक्षक सुरेश प्रसाद साहु द्वारा मौखिक तौर पर 25 दिसंबर 2022 को संरक्षकों की बैठक कर समिति भंग करने का आश्वासन दिया गया जो पुरा नहीं हुआ तत्पश्चात लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया के समक्ष सोना-चाँदी व्यवसायी मिलकर एक आम सभा का आयोजन करके नयी कमेटी बनाने का निर्णय लिया जायेगा। उपरोक्त जानकारी निवेदक क्रमशः गोपाल सोनी, संतोष कुमार सोनी, उमेश प्रसाद, उदय बर्मन तथा मुकेश वर्मा, दिलीप स्वर्णकार, नंदलाल साहू, दिलीप सोनी, जितेंद्र कुमार ने दी।

## 'अक्ल बड़ी की भैंस' सेल्फी थीम में युवाओं ने भैंस के साथ पोज मार कर सेल्फी ली

# महिला सशक्तिकरण पर फैशन शो का लोगों ने खूब आनंद उठाया

**तीन मिनट में आठ आइसक्रीम खा कर महापेटू का खिताब सलोनी ने जीता**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** एक्वा वर्ल्ड के द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्निवल 2023 के दूसरे दिन प्रतियोगिता और कार्यक्रमों की धूम रही।आज के प्रमुख आकर्षण में अकल बड़ी या भैंस सेल्फी टाइम थीम था जिसमें लोगों को भैंस के साथ सेल्फी खिंचवाना था। युवाओं ने भी पोज मार कर भैंस के साथ फोटो खिंचवाया। देखने वाले देख कर लोटपोट हो गए।आइसक्रीम खाओ प्रतियोगिता में 3 मिनट में सबसे ज्यादा आइसक्रीम खाने की चुनौती थी।सलोनी ने 3 मिनट में 8 कप खाकर महापेटू के खिताब को जीता। देर शाम 'स्त्री धन' एनजीओ के द्वारा आयोजित किया गया फैशन शो में महिला सशक्तिकरण थीम था।इसमें मॉडल क्रिकेटर,हेल्थ केयर वर्कर, इंजीनियर, क्रिकेटर,फैशन फोटोग्राफर की वेशभूषा पर रैंप पर चले। फैशन शो के जरिए यह संदेश दिया गया की आज की महिलाएं किसी से कम नहीं है।मॉडलों में प्रमुख थी पूजा, सुमन, सिमरन, पूर्णिमा, प्रियंका, सपना, रेखा, अनुराधा, सुरोजनी, मुस्कान, नेहा, श्रुति, पल्लवी, नंदिनी, कोमल, नुपुर, पूनम, जयललिता, रक्षंदा, पूनम, कोमल, माया। इसके अतिरिक्त आज ओपन माइक, मेड फॉर ईच अदर डांस, स्लोगन लिखो प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।देर शाम बोनफायर डांस का आयोजन किया गया जिसका आज का थीम कोरियन म्यूजिक था।इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव ,को चेयर पर्सन डॉ विद्या झा, निदेशक सत्यप्रकाश चंदेल,शुभोजीत, रवि सिंह, गौरव अग्रवाल, बिट्टू उपस्थित थे।

**परिणाम :** स्लोगन प्रतियोगिता- धीरज,अंकुश, श्रेया। **ओपन माइक-**अक्षिता। **इंस्टाग्राम रील-**सुरैया। **सेल्फी-**निशा वर्मा। निदेशक सत्य प्रकाश चंदेल ने बताया कि कल 29 दिसंबर के मुख्य आकर्षणों में ब्यूटीफुल हेयर स्टाइल कंपटीशन, कोल्ड ड्रिंक पियो प्रतियोगिता, बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस होगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डीएनए जांच के लिए रेबिका के माता-पिता के रक्त का लिया नमूना

**रांची (आजाद सिपाही)।** रेबिका पहाड़िया हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए डीएनए जांच की जायेगी। इसके लिए रेबिका के माता पिता का ब्लड सैंपल लिया गया है। डीएनए जांच के लिए ब्लड सैंपल की अनुमति पुलिस ने कोर्ट से ली थी। इसके बाद पुलिस ने बुधवार को ब्लड सैंपल लेने की प्रक्रिया पूरी की। थाना प्रभारी जगन्नाथ पान रेबिका के माता-पिता को साहिबगंज सदर अस्पताल ले गये, जहां डॉ तबरेज ने उनका ब्लड सैंपल लिया। ब्लड को डीएनए जांच के लिए रांची स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जायेगा। इसके बाद रेबिका पहाड़िन के अंगों से मिलान किया जाएगा। बता दें कि साहिबगंज के बोरियो में शादीशुदा रेबिका पहाड़िया (22) को कटर से पचास टुकड़ों में काट दिया गया था। वह गोंडा पहाड़ की रहनेवाली थी। शादी के बाद पति दिलदार अंसारी के साथ बेलटोला में रह रही थी। पुलिस ने उसके पति को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने 17 दिसंबर को देर शाम रेबिका पहाड़िया के शव को 12 हिस्सों में बोरियो थाना क्षेत्र के संथाली मोमिन टोला में एक पुराने बंद घर के बाहर से बरामद किया था। पुलिस ने हत्याकांड के 10 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि, मुख्य अभियुक्त दिलदार अंसारी का मामा मोइन अंसारी अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। उसकी गिरफ्तारी के बाद केस से जुड़े कई अहम राज निकल कर बाहर आयेंगे।

### वर्ष 2022 के दौरान सीएमपीडीआइ की उपलब्धियां

**रांची (आजाद सिपाही)।** सीएमपीडीआइ ने गवेषण की गति बढ़ाने के लिए कोयले की खोज में लगभग 1000 मीटर की गहराई तक 2डी/3डी सिस्मिकसर्वे और डेटा अधिग्रहण शुरू किया है। विभागीय संसाधनों से 2डी/3डी सिस्मिकसर्वे पर बल दिया गया है। 2022 के दौरान विभागीय संसाधन द्वारा लगभग 70 लाइन कि0मी0 सिस्मिकसर्वे किया गया है और वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान लगभग 180 लाइन कि0मी0 सिस्मिक सर्वेक्षण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 2022 के दौरान लगभग 6.61 लाख मीटर ड्रिलिंग की गइयीहै। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान लगभग 7 लाख मीटर ड्रिलिंग का लक्ष्य रखा गया है। 30 भूवैज्ञानिक रिपोर्टों के माध्यम से लगभग 435 वर्ग किमी के क्षेत्र को कवर करते हुए विस्तृत गवेषण के माध्यम से प्रमाणित श्रेणी में लगभग 13.5 बिलियन टन कोयला संसाधन जोड़े गए। नेशनल मिनरलएक्सप्लोरेशन ट्रस्ट (एनएमइटी) के वित्त पोषण के माध्यम से ड्रिलिंग के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। एनएमइटी को वर्ष 2022 में 12 ब्लाकों में गवेषण प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये हैं, जिनमें से अन्य खनिजों की खोज के लिए एक प्रस्ताव सहित 10 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी है। 8 ब्लाक में काम चल रहा है। एनएमईटीफंडिंग के माध्यम से अन्य खनिजों का पता लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### हिमकर श्याम को मिला 'अटल काव्य रत्न' सम्मान



**रांची (आजाद सिपाही)।** मां शारदे मंच द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन सह सम्मान समारोह रांची के साहित्यकार हिमकर श्याम को साहित्य के क्षेत्र में उत्कृट योगदान के लिए 'अटल काव्य रत्न सम्मान 2022' से सम्मानित किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, कवि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में डॉ सीबी सहाय, सुबोध कुमार,अरुण अग्रवाल, मुकेश कुमार एवं पीके लाला बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डॉ प्रदीप वर्मा ने मंच के कार्यो की सराहना की। मां शारदे मंच अध्यक्षा नीतू सिन्हा ने कहा कि मंच साहित्य और समाज को समर्पित है। हिमकर श्याम की अनुपस्थिति में प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ सीबी सहाय के हाथों उनका सम्मान पत्र, प्रतीक चिन्ह और अंग वस्त्र उनके भतीजे असीम शौर्य को सौंपा गया। कवि एवं शायर हिमकर श्याम पत्रकारिता से भी जुड़े हैं। उनकी किताब 'युध्दरत हूँ मैं' चर्चित है। उन्होंने कई किताबों का संपादन किया है। इस कार्यक्रम में साहित्य के अलावा समाजसेवा, शिक्षा, चिकित्सा, खेलकूद, एवं कला के क्षेत्र में उत्कृट कार्य करने वाले चयनित व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी: (1) डीआरएमईएनजीआरएनसी-79-2022, दिनांक 26.12.2022;** दक्षिण पूर्व रेलवे के सीपीएम/जीएसयू/राँची के क्षेत्राधिकार के अधीन ईलू-सिल्ली बाईपास लाइन, मुरी जंक्शन का परिवर्जन करते हुए, (5.9 किमी) के लिए सभी सिविल, विद्युतीय एवं एसएंडटी कार्य के लिए अंतिम स्थान का सर्वेक्षण, यातायात सर्वेक्षण करना, परिपूर्ण डीपीआर जमा करना, छोटे पुलों, बड़े पुलों, आरओबी/आरयूबी, एफओबी के लिए संरेखण योजना, यार्ड योजना, ड्राइंग के साथ विस्तृत आंकलन तैयार करना, लेवल क्रॉसिंग ड्राइंगों, हाइड्रोलॉजिकल एवं जियो-टेक्निकल निरीक्षण तथा अन्य सभी आनुषंगिक कार्य; रु. 8,75,823.13; रु. 17,500; **(2) डीआरएमईएनजीआरएनसी-80-2022, दिनांक 27.12.2022;** हटिया में नव निर्मित एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में स्पोर्ट हॉस्टल के प्रावधान के शेष बचे हुए कार्य; रु. 68,26,478.51; रु. 1,36,500; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** क्रमांक 2 के लिए रु. 0.00; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** क्रमांक 1 के लिए 07.01.2023 को अपराह्न 2.00 बजे तथा क्रमांक 2 के लिए 18.01.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑनलाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। ई-निविदा सूचना मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, राँची-834003 कार्यालय के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है। (PR-955)

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 16224551B | डब्ल्यूडब्ल्यू गवर्नर मेंटेनेंस किट | 87 सेट | 18.01.2023 |
| 2 | 01221079 | रबर स्प्रिंग प्लेट | 2260 नग | 19.01.2023 |
| 3 | 02222507 | 40 ए एच/110 वी एलएमएलए बैटरी सेट | 71 सेट | 19.01.2023 |
| 4 | 18225300 | यूनिवर्सल फोरेंसिक एक्सट्रैक्शन डिवाइस | 01 सेट | 20.01.2023 |
| 5 | 06225131 | रेक्टेंगुलर होलो सेक्शन 96 एमएम x 48 एमएम x 4एमएम | 72 एमटी | 23.01.2023 |
| 6 | 06225089A | आई एस एच बी 254 एमएम x 254 एमएम x 73.1 के जी/एम | 500000 किलोग्राम | 23.01.2023 |
| 7 | 02221797 | सेट ऑफ रीटर्न एंड फ्रेश एयर फिल्टर फॉर एलएचबी | 807 सेट | 23.01.2023 |
| 8 | 09232117 | योक डॉविंग नं. एस के–62724 | 5415 नग | 23.01.2023 |
| 9 | 02221120 | वी–डीप ग्रोव अल्टरनेटर पुल्ली | 603 नग | 23.01.2023 |
| 10 | 02222503 | बैटरी फॉर इएमयू/मेमू 90 एएच | 26 सेट | 24.01.2023 |
| 11 | 01221388 | मैटेलिक कैप्सूल्स | 1200 नग | 25.01.2023 |
| 12 | 02222518 | निकेल कैडमियम बैटरी | 04 सेट | 25.01.2023 |
| 13 | 09232091 | फुट स्टेप ड्राविंग नं. एसके–749–67526 | 19097 नग | 26.01.2023 |
| 14 | 19223517 | रोलर बेयरिंग आर बी 5020 | 480 नग | 27.01.2023 |
| 15 | 07225002A | सप्लाई एंड अप्लाई ऑफ बायो–डिग्रेडेबल ओलोफोबिक & हाइड्रोफोबिक कोटिंग फॉर एल एच बी कोचेस | 2500 नग | 09.02.2023 |
| 16 | 07221220 | प्रोटेक्टिव ट्यूब (पोलिसीटर) फार एक्सल बॉक्स | 19593 नग | 20.02.2023 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 73/2022–2023 दिनांक 28.12.2022

आज़ादी का अमृत महोत्सव

3463/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सोनाहातू व राहे में अभियान चलाकर पुलिस ने किया अवैध शराब की भट्ठियों को नष्ट

सोनाहातू/राहे (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के जिन्तु और कुदाडीह गांव में अवैध रूप से संचालित शराब भट्ठी को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने दोनों गांव से 300 किलो जावा महुआ सहित शराब बनाने वाले सामग्री को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि देशी महुआ से शराब बनाने वालों के खिलाफ पुलिस का यह छापामारी लगातार जारी र हेगा। हालांकि भट्ठी संचालित करने वाले फरार हो रहे है। दूसरी ओर, राहे ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान के नेतृत्व में प्रखंड के दिलगुमारा और पुरानानगर गांव में अवैध रूप से संचालित शराब भट्ठी को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। मंगलवार की शाम पुलिस की टीम ने 300 किलो जावा महुआ सहित शराब बनाने वाले सामग्री नष्ट कर दी। इस संबंध में ओपी प्रभारी ने कहा कि देशी महुआ से शराब बनाने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई किया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा।

### तमाड़ से दो अफीम तस्कर गिरफ्तार

तमाड़ (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के पेलकाडीह गांव के पास से पुलिस ने अफीम की तस्करी में लिप्त दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान बजरंग मंडल और कार्तिक चंद्र भुइंया के रूप में हुई है। बजरंग चौका थाना क्षेत्र और कार्तिक चावलीबासा का रहने वाला है। इनके पास से एक बाइक भी बरामद की गई है। उक्त अभियान एसएसबी बासुकोचा की अगुवाई में चलाया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद जाल विछाकर दोनों आरोपितों को दबोचा गया। उनके पास से करीब एक किलोग्राम अफीम बरामद हुआ है।

### खलिहान में रखी धान चाकी में लगी आग

राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड के होटलों पंचायत अंतर्गत इडिसेरेंग-जोजोटोला के किसान दीपक मुंडा के खलिहान में रखे धान चाकी में अचानक आग लग जाने से धान की चाकी पूरी जलकर राख हो गई। इससे किसान को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर बाद आग लगने की जानकारी हुई। आसपास के लोग आग बुझाने का प्रयास किये। लेकिन तबतक धान चाकी जलकर राख हो चुकी थी। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं मिल पायी है। उधर, घटना की जानकारी मिलने पर मुखिया गिरीवाला देवी मौके पर पहुंची और किसान के नुकसान की जानकारी लेकर अंचल कार्यालय को सूचित किया। साथ ही मुआवजे की मांग की।

### ट्रेन में परिवार से बिछुड़ी नाबालिग लड़की को आरपीएफ ने मिलवाया

सिल्ली (आजाद सिपाही)। मुरी आरपीएफ ने हटिया से जम्मूतवी ट्रेन में अपने परिवार से बिछुड़ गई नाबालिक लड़की को सकुलस उसके स्वजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार गुमला निवासी सिगरेन केरकेट्टा (16) रांची स्टेशन से अपने दीदी रोशनी केरकेट्टा के साथ दिल्ली जाने के लिए जम्मूतवी एक्सप्रेस पकड़ने पहुंची थी। ट्रेन आकर लगी तो सिरगेन केरकेट्टा उसमें चढ़ गई। पर ट्रेन खुल जाने के कारण उसकी दीदी उसमें नहीं चढ सकी। वो रांची स्टेशन पर ही रह गई। इसके बाद ट्रेन जैसे ही मुरी स्टेशन पहुंची तो वहां सिगरेन केरकेट्टा स्टेशन पर उतर कर गई और सीधे मुरी आरपीएफ पोस्ट पहुंच गई। वहां आरपीएफ ओसी रूपेश कुमार ने लड़की से पूछताछ की उसने बताई कि उसके परिवार के सदस्य गुमला में रहते हैं। दीदी के साथ वो दिल्ली जा रही थी। पर ट्रेन में उसकी दादी नहीं चढ़ पाई और वो रांची में ही छुट गई। इस पर ओसी रूपेश कुमार ने फोन कर सिगरेन केरकेट्टा के परिवार वाले से संपर्क किया और उन्हें बुलाकर लड़की को सकुसल परिवार वालों को सौंप दिया।

### ग्रामीणों ने सीओ से की रास्ता रोके जाने की शिकायत

सिल्ली (आजाद सिपाही)। ब्राह्मणडीह निवासी सनातन कोइरी और आरती देवी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बुधवार को अंचल कार्यालय में सीओ के नाम गांव के ही राजू तांती और डहरू तांती के खिलाफ रास्ता रोके जाने का आरोप लगाते हुए एक शिकायत पत्र सौंपा है। आरोप लगाया कि सालों से चलते आ रहे आम रास्ता को राजू तांती एवं डहरू तांती ने अपने स्वार्थ के लिये रोक दिया है। इससे गांव वाले व आम राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने सीओ से इस संबंध में उचित कार्रवाई की मांग की है।

### बुंडू में आज निकलेगी कांग्रेस की भारत जोड़ो पदयात्रा रैली

बुंडू (आजाद सिपाही)। कांग्रेस की ओर से गुरुवार को भारत जोड़ो यात्रा को लेकर पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा बुंडू के पुराना फिल्टर प्लांट के समीप बिरसा मुंडा चौक से राधा रानी मंदिर होते हुए धुर्वा मोड़ स्थित बिरसा मूर्ति तक आयोजित होगी। उक्त कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो एवं तमाड़ के पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा प्रमुख रुप से शामिल होंगें। इस कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से तैयारी पूर्ण कर ली गई।

### प्रतिस्पर्धा में भाग लेने लिए आगरा रवाना हुए सर्वोदय पब्लिक स्कूल के 20 कराटे खिलाड़ी

राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सर्वोदय पब्लिक स्कूल के 20 कराटे खिलाड़ी प्रतिस्वर्धा में भाग लेने के लिए आगरा रवाना हो गए। जहां दो दिवसीय 30 और 31 दिसंबर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप आयोजित किया गया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड, बिहार, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात, असम, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के कराटे खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। वहीं, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में नेपाल, बांग्लादेश, मलेशिया, और श्रीलंका के कराये खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। स्कूल के निदेशक सुनील महतो ने बताया कि सभी 20 कराटे खिलाड़ियों का चयन तकनीकी पदाधिकारी सूरज कुमार द्वारा किया गया है।

### खलारी पीएचसी में लगी अल्ट्रासाउंड मशीन को सदर अस्पताल भेजने का सीएस ने दिया निर्देश

खलारी (आजाद सिपाही)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड की मशीन आने के बाद उम्मीद जगी थी कि खलारी में सरकारी स्वास्थ्य सुविधा अब साधन संपन्न हो जाएगा। लेकिन अल्ट्रासाउंड मशीन के उद्घाटन को एक समाप्त भी नहीं हुआ था कि इसे सदर अस्पताल मंगवाने के लिए सिविल सर्जन द्वारा निर्देश जारी कर दिया गया। 28 दिसंबर को पीएचसी बुढ़मू के प्रभारी के नाम पत्र भेजा गया है और 29 दिसंबर को ही सदर अस्पताल, रांची में मशीन को उपलब्ध कराने कहा गया है। हवाला दिया गया है कोविड-19 के संभावित प्रकोप के मद्देनजर सदर अस्पताल रांची में एक अल्ट्रासाउंड मशीन की आवश्यकता है। सिविल सर्जन को जिला के सुदूर पीएचसी खलारी में अल्ट्रासाउंड मशीन दिखाई दिया है। पीएचसी खलारी से अल्ट्रासाउंड मशीन सदर भेजने की सूचना मिलते ही खलारी के सभी राजनीतिक दल के लोग सक्रिय हो गए हैं। इस संबंध में स्थानीय विधायक समरीलाल ने कहा कि वे गुरुवार को ही सिविल सर्जन से बात करेंगे। खलारी सहित आसपास जिलों की लगभग दो लाख आबादी खलारी पीएचसी पर निर्भर है। सिविल सर्जन को कहीं और से अल्ट्रासाउंड मशीन मंगवाना चाहिए। इधर अन्य राजनीतिक दलों के लोगों ने निर्णय लिया है कि किसी कीमत पर खलारी पीएचसी से मशीन नहीं जाने देंगे।

## विधायक विकास मुंडा ने पिता शहीद रमेश सिंह मुंडा के सपने को किया साकार

# 5.65 करोड़ की लागत से होगा करकरी नदी में पुल का निर्माण

**सोनपुर में करकरी नदी पर 24 महीने में पुल के निर्माण कार्य को पूरा करने का लक्ष्य**

### पुल के निर्माण से खुलेगा विकास का नया रास्ता : विकास मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अड़की।** आजादी के बाद सोनपुर रायकेरा को जोड़ने वाली रोड पर करकरी नदी में उच्चस्तरीय पुल के निर्माण कार्य का विधायक विकास कुमार मुंडा ने बुधवार को शिलान्यास किया। बतातें चलें कि आजादी के बाद से ही उक्त पुल के निर्माण की मांग की जा रही थी, जो तमाड़ विधायक के प्रयास से अब फलिभूत होता नजर आ रहा है। पांच करोड़ 65 लाख की लगत से उक्त पुल का निर्माण होगा। जिसके दोनों तरफ 105 व 120 फीट एप्रोच रोड़ बनेगा। इस कार्य को 24 महीने में खत्म करना है। कार्य के संवेदक संदीप कुमार तिवारी है।

यह कार्य गामीण विकास विशेष प्रमंडल खूंटी की ओर से किया जायेगा। इस अवसर पर गामीणों को संबोधित करते हुए विधायक




पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक विकास मुंडा।

ने कहा कि पुल-पुलिया मेरे कार्य काल में बहुत बने, लेकिन इस पुल का विशेष महत्व है। मेरे पिता शहीद रमेश सिंह मुंडा का सपना आज साकार हुआ है। पिताजी का जो सपना था मैने उसे अमलीजामा पहना दिया है। इस पुल के बन जाने से विकास का नया रास्ता बनेगा। पूरे विधानसभा में बिजली, पानी और सड़क पहुंचायाना ही प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने संवेदक को हिदायत देते हुए कहा कि पुल निर्माण में गडबडी की शिकायत न मिले। गुणवत्ता के साथ समय पर काम पूरा होना चाहिए। नये साल में तमाड़ पूर्वी व बीरबाकी अलग प्रखंड का रास्ता साफ हो जायेगा। सरकार सारी मानको को पूरा कर प्रखंड बनायेगी। आज सरकार में लगभग सभी लोंगो को पेशन मिल रहा है। सोसोकुटी डैम का कार्य लगभग खत्म होने को है। किसानों को इसका पानी का लाभ मिलेगा। कुछ जीवंत नदियों को सूचीबद्ध कर रहे है। मार्च के बाद इस पर कार्य होगा। इसे बांधकर खेतो में पानी जाएगा। इसके पूर्व साल ओढाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, 20 सूत्री अध्यक्ष भोला लाल, तमाड़ जिप भवानी मुंडा, अध्यक्ष सोनाराम यादव, विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, उमेश महतो, सत्यनारायण साहू, बीडीओ, अड़की प्रमुख तमाड़ अजय मुंडा बासु, सेठ मंगल सिंह मुंडा, बुधन लाल मुंडा, निरंजन सिंह मुंडा, मलीन महतो, मुन्ने महतो, अरविद कुमार आदि उपस्थित थे। वहीं, कार्यक्रम में अड़की जिला परिषद को निमंत्रण नहीं मिलने से तरह-तरह की बातें उठने लगी है।

## विधायक सुदेश महतो ने किया योजनाओं का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**राहे।** विधायक सुदेश महतो ने बुधवार को राहे प्रखंड के कनकट्टा-चट्टानटोली में 300 फीट पीसीसी, सताकी हाई स्कूल में एक कमरा का भवन, अम्बाझरिया में 300 फीट पीसीसी और दोकाद में 300 फीट पीसीसी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कुल 20 लाख रुपये की लागत से सभी योजनाओं को पूर्ण किया जायेगा। विधायक ने कहा कि योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करायें। गांव में मूलभूत सुविधाओं को बहाल करना ही मुख्य उद्देख्य है। इस मौके पर प्रमुख लीलमनी देवी, संजय सिद्धार्थ, उप प्रमुख उमेश प्रसाद, रंग बहादुर महतो, करम सिंह मुंडा, छोटन मुंडा, प्रकाश सिन्हा, प्रमोद सिंह और सुभाष महतो आदि उपस्थित थे।



## बंद भूमिगत खदान के मुहाने को बंद करना ही बचाव

**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत अंतर्गत करकट्टा स्थित बंद भूमिगत खदान के मुहाने को तत्काल बंद करना ही स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बचाव है। उक्त बातें सीसीएल एनके एरिया रेस्क्यू अधिकारी आरएन यादव ने कही। बतातें चलें कि करकट्टा की पूरी आबादी दहक रहे बंद भूमिगत कोयला खदान के ऊपर ही अवस्थित है। भूमिगत खदान का दमघोटू गैस धरती फाड़ककर बाहर निकलने लगता है। कहीं कहीं तो रात के अंधेरे में धरती के दरार से आग की नीली पीली लौ निकलती दिखाई देती है। छह दशक पूर्व यहां



भूमिगत खदान चलाया गया था। कई जगह भूमिगत खदान के मुहाने भी खुले हुए हैं। इसमें एक पंखाघर भी है। पिछले दिनों ही इससे तेज धुआं निकलने लगा था। सीसीएल की ओर से इसे रोकने के लिए वहां मिट्टा डालकर बंद करने का पहल किया गया पर स्थानीय लोगों ने रोक दिया। वे जल्द मुआवजा सहित विस्थापन चाहते हैं। जानकारों की माने तो निकल रहे गैस में कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डायऑक्साइड है। इसके अलावा मिथेन गैस होने की भी संभावना है। वहीं, चिकित्सकों का कहना है कि ज्यादा मात्रा में कार्बन मोनोक्साइड सांस में जाने से जान भी जा सकती है। जबकि रेस्क्यू अधिकारी आरएन यादव ने कहा कि गैस निकलने वाले सभी बड़े मुहाने को फिलहाल बंद करना ही बेहतर है। उधर, झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान ने बुधवार को करकट्टा स्थित झामुमो कार्यालय व बिजलीघर सब-स्टेशन के समीप कई दिनों से निकल रही गैस और धुआं का जायजा लिया।

### ठंड को देखते हुए की गयी अलाव की व्यवस्था

बुंडू (आजाद सिपाही)। पांच परगना क्षेत्र में बढ़ते ठंड को देखते हुए नगर पंचायत अंतर्गत विभिन्न चौक चौराहों पर गरीब व बेसहारा लोगों के लिए नगर पंचायत की ओर से अलाव की व्यवस्था की गई है। इस शीतलहरी में अलाव की व्यवस्था से नगर पंचायत क्षेत्र के जनता को राहत मिल रही है।

## प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

# शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल बहुत जरूरी है: सर्वेंद्र प्रताप सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** पटका फुटबॉल मैदान में नेहरू युवा केंद्र रांची युवा कार्यक्रम एवं केंद्रीय खेल मंत्रालय की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न हुई। इसमें आसपास की आठ टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें से फाइनल मुकाबला केशरडीह फुटबॉल क्लब और पिस्का फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। जिसमें पिस्का ने तीन गोल से मुकाबला जीत लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष वीना चौधरी, सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, नेहरू युवा केंद्र रांची के उप निदेशक सर्वेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे। प्रतियोगिता में बालक/बालिका की 200मीटर और 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में अरविंद महतो प्रथम, कपिल




लोहरा द्वितीय औरसंजय बेदिया ने तिसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि बालिका वर्ग में प्रथम मधुबाला कुमारी, द्वितीय सीमा कुमारी और तृतीय ज्योति कुमारी रही। वहीं, 400 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में प्रथम अरविंद महतो, द्वितीय निर्मल कुम्हार और तृतीय संजय बेदिया रहा। उपनिदेशक सर्वेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल बहुत जरूरी है। खेल से शारीरिक एवं मानसिक दोनों का समन्वय बना रहता है। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को कीक मारकर कर खेल का उद्घाटन किया। वहीं, दौड़ में सफल प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कार एवं मेडल देकर सम्मानित किया। फुटबॉल में विजेता टीम को जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी एवं उप विजेता टीमों को सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक आदि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विक्रम सिंह, ब्रजेश महतो और सरोज सिंह आदि उपस्थित थे।

### विस्थापित रैयतों की समस्या को लेकर किया गया 16 जनवरी से पिपरवार बंद का आह्वान



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के विस्थापित रैयतो की विभिन्न समस्या को लेकर रैयत विस्थापित मोर्चा ने 16 जनवरी से पिपरवार क्षेत्र को अनिश्चितकालीन के लिए बंद करने का आह्वान किया है। जानकारी के अनुसार मोर्चा के सभी लोग पिपरवार बीओसीएम हनुमान मंदिर के समक्ष एकत्र हुए और रैली निालकर पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे। जहां पिपरवार क्षेत्र के एजीएम निरंजन सेनापति, प्रभारी एसओपी राजीव वर्मा और एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो को संयुक्त रूप से 16 जनवरी से होने वाले अनिश्चितकालीन बंदी का नोटिस सौंपा। इस संबंध में मोर्चा के सदस्यों ने बताया कि स्थानीय प्रबंधन को विस्थापित रैयतो की समस्या को लेकर पूर्व में ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन अभी तक प्रबंधन द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है, जिससे विस्थापितों में आक्रोश है। मोर्चा की प्रमुख मांगों में विस्थापित रैयतो को रोजगार के लिए कोयला उत्पादन का 50 फीसदी कोयला रोड सेल में देने, एक करोड़ तक के ठेका कामों में 75 फीसदी काम विस्थापितों को देने, रैयतो की अधिकृत भूमि के बदले लंबित नौकरी और मुआवजा देने, पुनर्वास केंद्र में बुनियादी सुविधा बहाल करने, विस्थापितों को पहचान पत्र निर्गत करने, डीएवी कल्याणपुर को जल्द चालू करने, मोर्चा द्वारा सिविल विभाग के खिलाफ दिए गए ज्ञापन पर कार्रवाई करने, सीएसआर योजना मद में राशि बढ़ाने और कार्यों को धरातल पर उतारना आदि शामिल है। इस मौके पर इकबाल हुसैन, रामचंद्र उरांव, अनिल चौबे,महेंद्र गंझु, अर्जुन गंझु, अशोक महतो, राजेश महतो, हाजी शाहनवाज, मोहम्मद जुलफान, विजय महतो, जितेंद्र राम,रचित गंझु, रामबालक गंझु, प्रेम ठाकुर, अमर महतो, अंगद महतो, चिंतामन महतो, इंद्रजीत उरांव, अमित केसरी, वसीम रजा, सोमर गंझु, दिलीप गंझु, मनु केसरी, जयराम भुइंया और मोहम्मद सैफुल्लाह आदि मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

**–: रद्द संबंधी सूचना :–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना सं॰–09/2022-23/RE-2 ( अतिअल्पकालिक निविदा) अंतर्गत Group No.- 08 में वर्णित कार्य प्रखण्ड–चतरा, पंचायत–चतरा, ग्राम–चतरा में सदर अस्पताल चतरा में एचवाईडीटी के साथ 2000 लीटर क्षमता वाले वाटर स्टोरेज टैंक पर आधारित वाटर एटीएम सोलर का निर्माण (3 अदद) जिसका PR 285873 (Rural Development) 22-23(D) को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR.NO.286123 Rural Development(22-23):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/HZB/23/2022-23 पी0आर0 संख्या 285137 (Rural Development)22-23*D में प्रकाशित तिथियों में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है:–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 30.12.2022
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 30.12.2022 से 09.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय– 10.01.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक ।
4. तकनीकी निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय– ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 11.01.2023 अपराह्न 02.00 बजे ।

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR 286138 Rural Development(22-23).D

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 42/2022–23
दिनांक 26/12/2022

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राषि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | चुरचू | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सरवाहा के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 12880600.00 | 10000.00 | 258000.00 | एक वर्ष |
| 2 | बड़कागांव | कन्या मध्य विद्यालय, बड़कागांव के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 8303300.00 | 10000.00 | 167000.00 | नौ माह |
| 3 | बड़कागांव | बादम पंचायत का मुख्य पथ का निर्माण। | 16927600.00 | 10000.00 | 339000.00 | एक वर्ष |
| 4 | बड़कागांव | पंचायत चेपाकला के ग्राम जुगरा से पंदनवाटांड तक पथ का निर्माण। | 28499500.00 | 10000.00 | 570000.00 | एक वर्ष |
| 5 | केरेडारी | पंचायत हेवई में सतघरवा पुल से राजेन्द्र पासी के घर होते हुए हेवई मुख्य पथ तक पथ निर्माण। | 11785800.00 | 10000.00 | 236000.00 | एक वर्ष |
| 6 | केरेडारी | पंचायत बरियातू के ग्राम राजाबागी से गर्रीखुर्द तक पथ निर्माण। | 11490700.00 | 10000.00 | 230000.00 | एक वर्ष |
| 7 | कटकमदाग | ग्राम पुंदरी में देवी मंडप से लावालौन्ग तक पथ निर्माण। | 21265000.00 | 10000.00 | 426000.00 | एक वर्ष |
| 8 | डाडी | ग्राम रबोध में दीपक सिंह के घर से जोधी गंझू के घर तक पथ का निर्माण। | 9989800.00 | 10000.00 | 200000.00 | नौ माह |
| 9 | चौपारण | पंचायत रामपुर के ग्राम वृन्दा से वृन्दा हरिजन टोला तक पथ निर्माण। | 8470600.00 | 10000.00 | 170000.00 | नौ माह |
| 10 | चौपारण | ग्राम बेलाटांड से नयाखाप सिरमा तक पथ निर्माण। | 8040200.00 | 10000.00 | 161000.00 | नौ माह |
| 11 | बरही | पंचायत केदारूत के ग्राम खैरोन से ग्राम कटियौन तक पथ निर्माण। | 19443310.00 | 10000.00 | 389000.00 | एक वर्ष |
| 12 | बरही | पंचायत गौरियाकरमा के धोबियाटांड के मुख्य पथ का निर्माण। | 10968000.00 | 10000.00 | 220000.00 | एक वर्ष |
| 13 | सदर | के0 बी0 महिला महाविद्यालय परिसर में अवस्थित अनु0 जन जाति बालिका छात्रावास के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 8405700.00 | 10000.00 | 421000.00 | नौ माह |
| 14 | सदर | तकिया मजार के पीछे नवाबगंज में अवस्थित अनु0 जन जाति बालक छात्रावास के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 5421200.00 | 10000.00 | 109000.00 | नौ माह |
| 15 | सदर | तकिया मजार के पीछे नवाबगंज में अवस्थित अनु0 जाति बालक छात्रावास के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 5983800.00 | 10000.00 | 120000.00 | नौ माह |

1.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 03.01.2023
2.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 04.01.23 से 11.01.2023 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3.जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 12.01.2023 अपराहन् 3:00 बजे तक।
4.निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
5.निविदा खोलने की तिथि एवं समय 16.01.2023 पूर्वाहन् 11:00 बजे।
6.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8.निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव, जिला परिषद, हजारीबाग के पदनाम से देय हो देना होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैद्यता होना अनिवार्य है।
9.निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 286151 (District)22-23*D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


## डीलर संघ ने डीसी से की जुलाई एवं दिसंबर का आवंटित चावल नहीं मिलने की शिकायत



**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर डीलर संघ के अध्यक्ष अमिताभ पाठक के नेतृत्व में डीलरों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा से मिला। इस मुलाकात के दौरान डीलर संघ के अध्यक्ष अमिताभ पाठक ने उपायुक्त को बताया कि माह दिसंबर का नियमित आवंटन का चावल और जुलाई माह का भी चावल अभी तक डीलरों को उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस मामले में गोदाम के एजीएम ने अपनी असमर्थता व्यक्त कर दी है। दिसंबर महीने का चावल जिला से प्रखंड को दिया गया है या नहीं, इसकी जानकारी मुझे अभी नहीं है। साथ ही एजीएम द्वारा किसी प्रकार का हिसाब किताब अभी तक नहीं दिया गया है। इस दौरान उपायुक्त महोदय से वन नेशन वन कार्ड के विषय में भी चर्चा हुई। दुकानों के आवंटन के विषय में भी चर्चा की गई। इस दौरान डीलरों के साथ मौजूद विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने उपायुक्त को टीम का गठन कर इन बिंदुओं पर तत्काल जांच कर कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही इस दौरान विधायक ने कहा कि टीम में जिला स्तर के पदाधिकारी ही हों, जिससे सही प्रकार से जांच हो सके। इस पर उपायुक्त ने कहा कि तुरंत टीम का गठन कर जांच करवायी जाएगी। किसी भी हाल में लाभुकों का हक व अधिकार का हनन नहीं होने दिया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अमिताभ पाठक, प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, कृष्णदेव तिवारी, सुनील सिंह, वंशी साहू, इमरान अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## आइएचएम रांची में आतिथ्य एवं भोजन शिष्टाचार पर प्रशिक्षण का आयोजन



**मांडर (आजाद सिपाही)।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची में स्कूली शिक्षकों हेतु 'आतिथ्य एवं भोजन शिष्टाचार' विषय पर बुधवार को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में सफायर इंटरनेशनल स्कूल, रांची के कुल 30 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण की शुरुआत में आईएचएम रांची ने सफायर इंटरनेशनल स्कूल टीम का स्वागत किया। साथ ही सफायर इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य अमित सिंह ने आईएचएम रांची के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार को भी सम्मानित किया। संस्थान के प्राचार्य ने आईएचएम रांची द्वारा प्राप्त उपलब्धियां और स्थापित कीर्तिमान तथा संस्थान में पढ़ाए जा रहे डिग्री एवं लघु पाठ्यक्रम के बारे में बताया। सभी शिक्षकों को आतिथ्य शिष्टाचार में बेड मेकिंग, टॉवेल ओरिगामी तथा भोजन शिष्टाचार के बारे में बताया गया। सफायर स्कूल के प्राचार्य अमित कुमार ने सभी शिक्षकों दिए गए प्रशिक्षण का केवल अपने बच्चों के लिए नहीं बल्कि खुद के जीवन पर लागू करने के बारे में भी बताया। डॉ. भूपेश कुमार ने दिनचर्या में इस प्रशिक्षण का उपयोग करने का सुझाव दिया।

## रातू के दलादिली में सड़क हादसे में बाइक सवार दो किशोरों की हुई मौत

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दलादिली भोंडा रोड स्थित अगड़ू भट्ठा के समीप सड़क हादसे में दो किशोरों की मौत हो गयी। घटना बुधवार की सुबह आठ बजे की है। जानकारी के मुताबिक बाइक सवार ने बैट्री चालित मालवाहक ऑटो को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों किशोरों की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान गुटुटोली सिमलिया निवासी 17 वर्षीय अरविंद मुंडा व 15 वर्षीय अमित उरांव के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि दोनों किशोर केटीएम बाइक जेएच 01इटी 9959 पर सवार अपने दोस्त से मिलने अगड़ू जा रहे थे। इसी दौरान अगड़ू भट्ठा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बैट्री चालित मालवाहक टेंपो जेएच 01इएक्स 0339 को सामने से टक्कर मार दी। दोनों युवक हेलमेट नहीं पहने थे, जिसके कारण दोनों के सिर ऑटो से टकरा गये और सिर में गहरी चोट लगने के कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि टेंपो चालक को मामूली चोट आयी है। घटना की सूचना पर पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर शव का पंचनामा के उपरांत पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया।

## सड़क किनारे लगनेवाले बाजार-हाटों में ट्रैफिक एवं थाने की पुलिस की व्यवस्था करे प्रशासन



**कांके (आजाद सिपाही)।** कांके प्रखंड क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर लगने वाले बाजार हाटों के दिन प्रशासन ट्रैफिक पुलिस और थाने की पुलिस की व्यवस्था करे। जिससे सुचारू रूप से वाहनों का और पैदल यात्रियों का आवागमन सुलभ हो सके। उक्त बातें रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव व समाजसेवी महेश कुमार मनीष ने कही। उन्होंने प्रशासन से जुड़े लोगों से आग्रह किया कि पिठोरिया थाना समीप पिठोरिया चौक के बगल में गुरुवार और रविवार को सब्जी बाजार लगता है। यहां अक्सर बाजार के दिन व्यवस्था नहीं रहने के कारण सड़के जाम हो जाती है क्योंकि यह पतरातू, भुरकुंडा, पिठोरिया कांके का मुख्य मार्ग है। वहीं बुकरू चौक के समीप मंगलवार और शुक्रवार को सब्जी बाजार लगता है। कांके थाना से कुछ दूरी पर कांके मुख्य मार्ग पर बुधवार और शनिवार को सब्जी बाजार लगता है। यहां पर भी प्रशासनिक व्यवस्था नहीं रहने के कारण सड़कें बाजार के दिन जाम हो जाती हैं। सब्जी खरीदने वाले लोग अक्सर सड़कों पर ही वाहनों को खड़ी कर देते हैं। यहां पर पार्किंग की कोई भी व्यवस्था नहीं है। इन बाजार हाटों में अक्सर कई लोगों के वाहन भी चोरी आये दिन होते रहते हैं।

## लापुंग में दिव्यांगों ने बैठक कर समस्याओं पर की चर्चा



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** नवाटोली बाजार टांड़ में बुधवार को नन्दलाल शेखर सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें बेड़ो, लापुंग एवं कर्रा प्रखंड के दिव्यांग शामिल हुए। जिसमें दिव्यांगों की समस्या पर चर्चा की गयी। सभी दिव्यांगजनों को एक बैनर तले लाने पर चर्चा की गयी। विगत 20 दिसम्बर को विधानसभा घेराव की समीक्षा की गयी। मौके पर दिव्यांगों के राष्ट्रीय संयोजक अशोक महतो ने कहा कि हम सभी को संगठित होना बहुत ही जरूरी है। हमें कोई पहचानेगा नहीं तो हमारा हक हमें नहीं मिलेगा। बैठक की अध्यक्षता नन्दलाल शेखर सिंह ने की। वहीं धन्यवाद ज्ञापन जितेन्द्र भगत ने किया। मौके पर सावना लकड़ा, संजय राम, राष्ट्रीय सह संयोजक लालू उरांव, सरोज कुमारी, पुनम कुमारी, विनिता भगत, मुन्नी कुमारी, मीना खलखो, सेनापति भगत, कृष्णा महतो, जयन्ति कुमारी, कैलाश दास के साथ दर्जनों दिव्याग जन मौजूद थे।

**तैयारी :** सैलानियों एवं पिकनिक मनाने वालों के लिए सज-धज कर तैयार है जोन्हा फॉल

# कल-कल, झर-झर करती झरने की आवाज पर्यटकों को करती है रोमांचित



जोन्हा फॉल



सीता फॉल

**नव वर्ष के मौके पर काफी संख्या में आसपास एवं दूसरे प्रदेश से भी लोग यहां पिकनिक मनाने आते हैं**

**नसीम अहमद सानी**

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जोन्हा फॉल की प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाने बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंच रहे हैं। इस शरद ऋतु में भी सैलानियों एवं पिकनिक मनाने वालों के लिए जोन्हा फॉल सज-धज कर तैयार है। इस शरद ऋतु में जोन्हा फॉल की सुंदरता में और निखार आ जाता है। झरने के बिल्कुल करीब से निहारने पर पानी की फुहारों से तरबतर सैलानियों को एक अलग ही आनंद की अनुभूति होती है। वहीं कल-कल, झर-झर करती झरने की आवाज पर्यटकों को हर पल रोमांचित करती है। नव वर्ष के मौके पर काफी संख्या में आसपास एवं दूसरे प्रदेश से भी लोग यहां पिकनिक मनाने आते हैं। राजधानी रांची से तकरीबन 32 किमी दूर जोन्हा फॉल पहुंचने के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध है। वैसे अधिकांश पर्यटक सुविधानुसार निजी वाहन किराये पर लकरे आते हैं। पर्यटकों को फॉल के नीचे सुरक्षित ढंग से उतरने के लिए बनी सीढ़ियों के दोनों किनारों पर हाल ही में रैलिंग व गार्डवाल का निर्माण कराया गया है। वहीं पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पर्यटन मित्र हमेशा मुस्तैद रहते हैं। सैलानियों की सुरक्षा के अलावा मामूली शुल्क में खाने-पीने की व्यवस्था पर्यटनकर्मी संभालते हैं। पर्यटकों के लिए जगह-जगह शेड, रेस्ट हाउस, शौचालय, पेयजल आदि का भी इंतजाम है। जोन्हा फॉल के उपर गौतम बुद्ध का प्राचीनतम मंदिर है। सैलानी फॉल के साथ-साथ मंदिर का भी दर्शन कर सुकून हासिल करते हैं। जोन्हा फॉल में पर्यटकों के लिए एडवेंचर जीप लाइन भी शुरू हो चुका है। जीप लाईन से पर्यटक बिल्कुल करीब से फॉल की सुंदरता का दीदार कर सकते हैं। जोन्हा फॉल रेल मार्ग से भी आया जा सकता है। गौतमधारा स्टेशन से फॉल मात्र दो किमी की दूरी पर स्थित है। कैफेटेरिया-वन विभाग ने पर्यटकों की सुविधा के लिए फॉल के निकट एक कैफेटेरिया का निर्माण कराया है। जहां से सैलानी बिल्कुल करीब से फॉल की सुंदरता का दीदार कर सकते हैं। यहां पर्यटकों की सुविधा के लिए कुर्सी और शेड भी बनवाये गये हैं। यहां पहुंचने का रास्ता भी बहुत सुगम है। फॉल पहुंचने से थोड़ा पहले रेलवे क्रॉसिंग से दाहिना मुड़कर हापतबेड़ा के रास्ते बड़ी आसानी से पहुंचा जा सकता है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से पर्यटन विभाग द्वारा कई दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पर्यटकों को डेंजर जोन में जाने से मनाही के लिए खास खतरनाक क्षेत्रों को चिन्हित कर दिया गया है।

### सीता फॉल भी पर्यटकों को अपनी ओर कर लेता है आकर्षित

जोन्हा फॉल के नजदीक सीता फॉल भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। खुबसूरत वादियों के बीच इस फॉल की मनोरम छटा मंत्रमुग्ध करने वाली है। राजधानी रांची से करीब 36 किमी दूर इस फॉल में पर्यटक आसानी से पहुंच सकते हैं। जोन्हा फॉल जाने वाले रास्ते से करीब 3 किमी दूरी पर यह फॉल स्थित है। इस फॉल के आधा किमी पहले एक जगह पर माता सीता का चरण पादुका है। मान्यता है कि माता सीता वनवास के दौरान यहां से गुजरी थीं। जहां उनका चरण पादुका है वहां एक प्राचीन मंदिर भी है। पर्यटक जोन्हा फॉल के साथ-साथ सीता फॉल का भी लुत्फ उठाते हैं। इस फॉल की खोज तत्कालीन बीडीओ व प्रकृति प्रेमी रणेन्द्र कुमार ने की थी। और यहां पहुंचने के लिए पहले कच्ची सड़क का निर्माण कराया था। बाद में सड़क को पक्कीकरण करवाया गया। पर्यटन विभाग की ओर से यहां पर्यटकों के लिए समुचित सुविधा उपलब्ध नहीं करायी गई है। यहां शौचालय व पेयजल की सुविधा उपलब्ध है। यहां भी नव वर्ष पर काफी संख्या में पर्यटक पिकनिक मनाने आते हैं। जंगली इलाका होने की वजह से शाम होने से पहले पर्यटकों को फॉल छोड़ने की हिदायत दी गई है। सुरक्षा के लिए नव वर्ष पर स्थानीय पुलिस कर्मी के अलावे सैफ के जवान भी यहां मुस्तैद एवं गश्ती करते रहते हैं।

# मेला टिकरा मैदान में तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेला 12 जनवरी से

**मेला संचालन समिति ने बैठक कर धूमधाम से मेला मनाने का लिया निर्णय**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी स्थित मेला टिकरा में तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेला के आयोजन को लेकर मेला संचालन समिति नगड़ी की एक बैठक समाजसेवी ओम चौधरी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में नगड़ी, देवरी नारो और साहेर पंचायत के गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर ऐतिहासिक स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल पर स्थित मेला टिकरा मैदान में तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेला आगमी 12 जनवरी से 14 जनवरी तक आयोजित कर इस वर्ष धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। मौके पर उपस्थित मेला संचालन समिति के सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि सरकार के गाइड लाइन के अनुसार ही मेला आयोजित किया जाएगा। ज्ञात हो कि नगड़ी स्थित तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेला क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक मेला है। भारतवर्ष के आजादी के समय से ही मेला बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। झारखंड के दक्षिणी छोटानागपूर के मेलों में जगरनाथपुर मेला, मुड़मा मेला के साथ नगड़ी मेला भी काफी प्रर्सिद्ध मेला है। मेला में राज्य के कई जिलों से हजारों लोग मेला देखने पहुंचते हैं। इसके आयोजन के लिए आयोजन समिति एक माह पहले से तैयारी में लग जाती है। बैठक का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन अरविंद भगत ने किया।

बैठक में समाजसेवी नगड़ी मुखिया जय गोपाल उरांव, पंसस शीला देवी, दौलत राम केसरी, चुड़ामनी महतो, शहीद अहमद, प्रभात महतो, शंकर साहू, त्रिलोकी महतो, दिनेश केसरी, रमेश महतो, लक्ष्मी नाथ महतो, नबिजान अंसारी, रतन महली, नवल महतो, बंसत सोनी, अलाउद्दीन अंसारी, ईश्वर महतो, मोहन महतो सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## चान्हो पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाया अभियान

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हुटार में बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार की अगुवाई में अवैध शराब को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस में भारी संख्या में महुआ शराब को भी नष्ट किया तथा शराब बनाने वाले बर्तनों को भी नष्ट किया। साथ ही थाना प्रभारी ने लोगों को चेतावनी भी दी कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। यदि इसके बावजूद लोग नहीं मानते हैं, तो उन्हें गिरफ्तार कर जेल भी भेजा जाएगा। बताते चलें कि इससे पूर्व भी सोंस और पतरातू में चान्हो पुलिस ने लगभग 200 लीटर शराब और शराब बनाने वाले बर्तनों को नष्ट किया था।

**आस्था :** बेड़ो प्रखंड के करांजी गांव में जोरों पर चल रहा है भव्य शिव मंदिर निर्माण का कार्य

# शिव मंदिर निर्माण का युवाओं ने लिया संकल्प

**ग्रामीणों के सहयोग से राशि एकत्रित कर हो रहा भव्य शिव मंदिर का निर्माण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बेड़ो।** प्रखंड के करांजी गांव में भव्य शिव मंदिर निर्माण का कार्य जोरों पर चल रहा है। यहां गांव के दर्जनों युवक भगवान भोलेनाथ के लिए मंदिर का निर्माण करने में जोर शोर से लगे हुए हैं। जनसहयोग से राशि एकत्रित कर मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर है। गांव के युवाओं ने शिव मंदिर निर्माण का जिम्मा उठाया है। उन्होंने इसके लिए समिति बनाकर लोगों को आगे आने के लिए प्रेरित किया है। युवाओं की इस पहल पर लोग सराहना कर सहयोग दे रहे हैं। शिव मंदिर निर्माण के लिए युवाओं ने समिति बनायी है। समिति के सदस्यों ने शिव मंदिर निर्माण के लिए तालाब के समीप स्थान का चयन किया। उसके बाद निर्माण के लिए लगने वाली राशि जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। समिति के सदस्य दिनेश महतो ने बताया कि निर्माण के लिए राशि एकत्र करना मुश्किल था। इसके लिए समिति बनाकर सदस्यों को जोड़ा गया। मंदिर निर्माण की रुपरेखा तैयार की गई। इसी के माध्यम से लोगों को राशि देने के लिए प्रेरित किया। वहीं सदस्यों ने स्वेच्छा से निर्माण के लिए समय देने का संकल्प लिया। युवाओं की पहल पर लोग सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं। वहीं समिति ने प्रखंड के लोगों से सहयोग करने की अपील की है।

मंदिर निर्माण कार्य को सफल बनाने में पंकज महतो, रघुनंदन महतो, दिनेश महतो, लालचंद गोप, जितेंद्र कुमार, अजय कुमार, विष्णु कुमार, महेश कुमार, दिनेश महतो, रोहित कुमार, जितेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, धीरज कुमार, मुकेश महतो, दीपक लोहरा, राज भगत, पंकज पासवान, महेश कुमार, विष्णु कुमार, विजय कुमार, सुकुल महतो लगे हुए हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### नामकुम में वैद्य के क्लिनिक पर जांच करने पहुंची मेडिकल की टीम



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खुद को वैद्य बता कर इलाज करने वाले संतोष सिंह के नामकुम पुरुलिया रोड स्थित क्लिनिक पर बुधवार दोपहर डाक्टरों की टीम नामकुम पुलिस के साथ पूछताछ के लिए पहुंची। टीम के पहुंचते ही क्लिनिक में अफरातफरी मच गयी। मेडिकल ऑफिसर सीएचसी अरविंद कुमार के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने एक घंटे पूछताछ की। उसके बाद संतोष को अपने साथ सिविल सर्जन कार्यालय ले गयी। मेडिकल ऑफिसर अरविंद कुमार ने बताया कि शिकायत मिली थी कि झोलाछाप डॉक्टर जो खुद को वैद्य बताकर इलाज के बहाने ठगी कर रहा है। इसके बाद टीम ने संतोष से क्लिनिक चलाने का डिग्री एवं रजिस्ट्रेशन के कागजात मांगे, पर उन्होंने नहीं दिखाया। जांच के बाद क्लिनिक बंद कर दिया गया था, परंतु दो घंटे बाद दोबारा खोलकर इलाज शुरू कर दिया गया। मामले में संतोष सिंह ने बताया कि सिविल सर्जन ने 24 घंटे में कागजात जमा करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि बिहार के गया स्थित कॉलेज से डिग्री ली है। उसने दावा किया है कि इलाज किया जा रहा है, जिसके बदले 500 रुपये फीस ली जाती है। मरीजों ने बताया कि तत्काल दिखाने पर ढाई हजार से छह हजार तक ली जाती है।

### इनर व्हील क्लब रांची साउथ ने अनाथालय के बच्चों संग क्रिसमस मनाया, उपहार बांटे



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** इनर व्हील क्लब रांची साउथ के द्वारा मंगलवार को डुमरदगा रांची स्थित माहेर (मां का घर) अनाथालय के बच्चों के बीच क्रिसमस का त्यौहार मनाया गया। जहां क्लब की अध्यक्ष तनुजा अधिकारी की अगुवाई में क्लब के सदस्यो में डॉ अंजना वर्मा, डॉ नीरजा, डॉ सुनीता, राधा, संगीता शरण, नीलम ललित, सुषमा सैनी, अन्नू, शिल्पी, नीरा ने गरीब व अनाथ बच्चों के संग क्रिसमस मनाते हुए गीत संगीत प्रस्तुत कर उनके संग खुशियां बांटी। साथ ही बच्चों के बीच मिठाइयां, स्कूल बैग, कॉपी, पेंसिल, स्टोरी बुक एवं सॉक्स समेत कई सामग्री का वितरण किया। जहां अनाथालय के तीस बच्चों को लाभान्वित किया। मौके पर तनुजा अधिकारी ने सबों को क्रिसमस व नये साल की शुभकामनाएं दी। साथ ही क्लब के सदस्यों ने एक गरीब कैंसर पीड़ित को आर्थिक सहायता प्रदान किया।

### पिठोरिया चौक में दुकान से लाखों रुपये के मोबाइल की चोरी



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया चौक से चोरों ने एक मोबाइल फोन की दुकान में चोरी की है। चोर दुकान के ताले तोड़कर तकरीबन 22 से 23 लाख रुपये का सामान उड़ा ले गए हैं। दुकान के मालिक की शिकायत पर पुलिस ने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुकानदार रमेश कुमार ने बताया कि पिठौरिया अंबेडकर चौक में उसकी मोबाइल की श्री गणपति एंटरप्राइजेज नाम की दुकान है। मंगलवार रात चोरों ने घटना को अंजाम दिया। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो ताला टूटा हुआ पाया। जब वह दुकान में गया तो दुकान में रखे मोबाइल फोन सहित अन्य सामान गायब थे। इसके बाद उसने तुरंत पुलिस को सूचित किया। दुकानदार ने बताया कि उसकी दुकान में कुछ ही समय के पहले काफी मोबाइलों का स्टॉक मंगाया था। दुकान से तकरीबन 22-23 लाख रुपये के स्मार्ट फोन की चोरी हुई है, जो कि अनेक कंपनियों के हैं। इसके अलावे मोबाईल एसेसिरिज तथा गल्ला में जो दिन भर का कैश 12,000 रु. थे वो भी चोरी कर ली गयी है। साथ ही चोर अपने साथ सीसीटीवी कैमरा का हार्ड डिस्क भी ले गये हैं। पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि दुकान में चोरी की शिकायत मिली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जल्द चोर सलाखों के पीछे होंगे।

### किसान विकास फल सब्जी उत्पादक सहयोग समिति के कार्यालय का उद्घाटन

**खलारी (आजाद सिपाही)।** हुटाप पंचायत के डेम धौड़ा में बुधवार को किसान विकास फल सब्जी उत्पादक सहयोग समिति के कार्यालय का उदघाटन किया गया। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी रामपुकार प्रजापति ने फीता काटकर कार्यालय का उदघाटन किया। इससे पूर्व समिति के सचिव बाबूलाल गंझू सहित अन्य समिती सदस्यों ने सहकारिता पदाधिकारी का बुके देकर स्वागत किया। सहकारिता पदाधिकारी रामपुकार प्रजापति ने कहा कि किसान विकास फल सब्जी उत्पादक सहयोग समिति के माध्यम से किसानों को काफी लाभ मिलेगा। समिति के सचिव बाबूलाल गंझू ने कहा कि समिति के माध्यम से किसानों को धान एव रवि फसल के लिए खाद एवं बीज उचित दर पर उपलब्ध कराएगी। साथ ही खेती के माध्यम से किसानों को रोजगार की व्यवस्था करने का काम करेगी। इस मौके पर प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्यनाथ झा, दिलीप पासवान, परीक्षित महतो, गोविंद भोगता, कजरा गंझू, हरिमन गंझू, जितवाहन गंझू, नरेश गंझू, सहेश गंझू, राजू मुंडा, भुनेष्वर उरांव, राजेश गंझू, गणेश गंझू, मिनी देवी, चिंता देवी, तारा देवी, सोमरी देवी, मोहरी देवी, रधनी देवी, रीना देवी, कलमतिया देवी आदि मौजूद थे।

### लोकल संवेदक संघ की बैठक में सभी को एकजुट होने का आह्वान

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बीओसीएम हनुमान मंदिर के समीप लोकल संवेदक संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सुरेश महतो और संचालन जितेन्द्र कुमार ने किया। बैठक में सीसीएल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकाश के लिए निकाले जाने वाले टेंडर में प्रतिस्पर्धा नहीं करने की अपील की गई। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ कराए जाने की बात कही गई। कमेटी ने सभी संवेदको से बिलो रेट में नहीं जाकर एभव रेट में कार्य करने की बात कही गई। बैठक में आठ जनवरी को बीओसीएम खेल मैदान के समीप वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर हदीस अली, अर्जुन महतो, बसंत गुप्ता, सुरेश महतो, अरुन उरांव, मुंशी महतो, दिलेश्वर महतो, महेंद्र महतो, रमेश महतो, रामचरण महतो, बिजली महतो, लक्ष्मण महतो, निर्मल महतो, बबलू महतो, विकाश महतो और उर्मिला देवी आदि उपस्थित थे।

# कोरोना : जरूरी है सावधानी

देश भर के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में मंगलवार को मॉक ड्रिल के जरिये यह देखा गया कि हमारा स्वास्थ्य तंत्र कोरोना की संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए किस हद तक तैयार है। पड़ोसी देश चीन से कोविड संक्रमण के कारण बने हालात की जो भयावह तस्वीरें आ रही हैं, उनके मद्देनजर अपनी तैयारियों का जायजा लेना जरूरी समझा गया। इस बीच कर्नाटक पहला राज्य है, जहां सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना फिर से अनिवार्य कर दिया गया है। विशेषज्ञों के पैनल ने सरकार से कहा है कि स्वास्थ्यकर्मियों के लिए वैक्सीन की चौथी डोज की व्यवस्था की जानी चाहिए। वैक्सीन की उपलब्धता और नयी दवाओं के परीक्षण की स्थितियों पर भी नये सिरे से नजर डाली जा रही है। इन सबके बीच यह स्पष्ट करते चलना भी जरूरी है कि कम से कम अपने देश में हालात फिलहाल चिंताजनक बिलकुल नहीं हैं। नये केसों की संख्या में पिछले सप्ताह के मुकाबले इस सप्ताह 11 फीसदी की बढ़ोतरी जरूर रिकॉर्ड की गयी है, लेकिन फिर भी यह संख्या सबसे निचले स्तर के आसपास ही है। एक्सपर्ट्स यह भी दोहरा रहे हैं कि अपने देश में टीकाकरण मुहिम के व्यापक दायरे और नैचरल इम्यूनिटी की बेहतर स्थिति के कारण हालात बिगड़ने का डर वैसे भी कम है। अगर किसी वजह से संक्रमण तेज होता है, तो भी अस्पताल में भर्ती होने की नौबत कम ही लोगों को आयेगी, लेकिन चीन में भी कोरोना के मामले एक समय में पूरी तरह नियंत्रित दिख ही रहे थे। जापान, अमेरिका और साउथ कोरिया जैसे देशों में भी हालात काफी बेहतर होने के बाद बिगड़े हैं। कोरोना वायरस ने अपनी जो विशेषता बार-बार दिखायी है, वह यह कि उसका कुछ भरोसा नहीं। वह कब किस रूप में और किन लक्षणों के साथ लौट आये, नहीं कहा जा सकता। और, एक बार इसने पैर पसार लिये तो सारी भविष्यवाणियों को बेकार कर सकता है, लेकिन अपने देश में आम लोगों की बात करें, तो सब जैसे कोरोना को अतीत की चीज मान चुके हैं। बाजारों में भीड़भाड़ वाली जगहों पर भी शायद ही कोई मास्क लगाये नजर आता है, दूरी बनाये रखने की भी किसी को नहीं सूझती। स्वास्थ्य तंत्र भी रोजमर्रा की सामान्य चुनौतियों से निपटने में ही अपनी सार्थकता मान चुका है। ऐसे में क्रिसमस के बाद अब नये साल के जश्न का मौका आ रहा है। देशवासियों का फिलहाल जो मूड दिख रहा है, उसमें न्यू ईयर पार्टी करते हुए शायद ही कोई कोरोना के बारे में सोचे या किसी तरह की सावधानी बरतना जरूरी समझे। इसलिए भी सरकारी तंत्र को एक बार झकझोरना जरूरी है, ताकि वह चेत जाये और लोगों को भी चेताये कि न तो घबराने की जरूरत है और न ही अपनी दिनचर्या में कोई बदलाव लाने की, लेकिन जरूरत है सावधानी बनाये रखने की, क्योंकि कोरोना गया नहीं है।

> ऐसे में क्रिसमस के बाद अब नये साल के जश्न का मौका आ रहा है। देशवासियों का फिलहाल जो मूड दिख रहा है, उसमें न्यू ईयर पार्टी करते हुए शायद ही कोई कोरोना के बारे में सोचे या किसी तरह की सावधानी बरतना जरूरी समझे।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

झारखंड में अब भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया है। भ्रष्टाचार का झारखंड में यह आलम है की झारखंड के मुख्यमंत्री खुद खान मंत्री होकर खुद के हस्ताक्षर से, खुद ही के नाम पर खनिज संपदा का व्यवसाय करने का काम करते हैं। कोरोना काल में गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने झारखंड के जरूरतमंदों के लिए पर्याप्त अनाज भेजने का काम किया लेकिन राज्य सरकार ने इसकी कालाबाजारी कर इसे भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने का काम किया।

# हेमंत सरकार के तीन साल : उपलब्धियां और हकीकत में अंतर



**दीपक प्रकाश**



हेमंत सरकार के आज तीन वर्ष पूरे हुए हैं। जल, जंगल, जमीन के संरक्षण के वादे पर आयी हेमंत सरकार पिछले तीन सालों में हर मोर्चे पर विफल रही है। भावनात्मक मुद्दों पर राजनीति करना, लोक लुभावन वादे करना और वादों को पूरा करने के लिए कोई प्रयास न करना यह हेमंत सरकार की पहचान बन गयी है। झारखंड एक बहुत कठिन दौर से गुजर रहा है, जब महिलाओं के प्रति अनाचार, आदिवासियों के प्रति अत्याचार और झारखंड के तीन करोड़ जनता के प्रति अपराध अपनी पराकाष्ठा पर पहुंच चुका है। आज स्थिति यह है कि प्रदेश की राजधानी में बिजली घंटों तक गुल रहती है। महिलाएं शाम और रात के वक्त घर से निकलने में सकुचाती हैं और युवाओं को हर साल 5 लाख रोजगार देने का वादा अब दूर के सपने जैसा प्रतीत होता है। हाल ही में झारखंड उच्च न्यायालय ने हेमंत सरकार की तुष्टिकरण के तहत त्रुटियों से भरी हुई नियोजन नीति को निरस्त कर सरकार को आईना दिखाने का काम किया है। हेमंत सरकार ने नियोजन नीति के तहत उर्दू को बढ़ावा देने तथा हिंदी को अपमानित करने का कार्य किया था। उच्च न्यायालय का यह आदेश आम झारखंडियों की जीत तथा मातृभाषा की जीत की भावना परिलक्षित करता है। इसी असंवैधानिक नियोजन नीति के द्वारा हेमंत सरकार ने युवाओं को पिछले तीन वर्षों तक नौकरियों के अवसर से वंचित रखा, जिसके विरोध में प्रदेश के युवा सड़कों पर आ गये हैं।

> भारत के साथ नेपाल की खुली सीमा से चीनी वस्तुओं को बड़े पैमाने पर भारत में तस्करी कर भेजने में भी सुविधा होगी।

झारखंड में जनजातीय महिलाओं की हत्या की घटनाओं में तेजी से बढ़ोतरी देखी गयी है। इन हत्याओं के पीछे एक विकृत मानसिकता और सोची समझी रणनीति है। रुबिका हत्याकांड जिसमें एक आदिवासी बेटी की मुख्यमंत्री के गृह जिले में क्रूरतापूर्वक हत्या की गयी, परंतु मुख्यमंत्री मूकदर्शक बन कर सिर्फ तुष्टिकरण और फुट डालो, राज करो की राजनीति करने में व्यस्त है। झारखंड में देश विरोधी ताकतों द्वारा भोले-भाले आदिवासी समाज को जबरन धर्मांतरण के लिए दबाव बनाया जा रहा है। लोग प्रशासन से मदद मांग रहे हैं, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

झारखंड में अब भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया है। भ्रष्टाचार का झारखंड में आलम यह है कि झारखंड के मुख्यमंत्री खुद खान मंत्री होकर खुद के हस्ताक्षर से, खुद ही के नाम पर खनिज संपदा का व्यवसाय करने का काम करते हैं। कोरोना काल में गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के जरूरतमंदों के लिए पर्याप्त अनाज भेजने का काम किया, लेकिन राज्य सरकार ने इसकी कालाबाजारी कर इसे भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने का काम किया। भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हेमंत सरकार ने प्रारंभ से ही जनता को दिग्भ्रमित करने का कार्य किया है। जेपीएससी घोटाला, कोयला चोरी, जमीन कब्जा, ट्रांसफर पोस्टिंग घोटाला आदि में हेमंत सरकार की सीधी एवं प्रत्यक्ष संलिप्तता है।

1932 के खतियान जैसे भावनात्मक मुद्दे को उठाना, यह जानते हुए भी कि पिछले प्रयास को अदालत ने 2002 में खारिज कर दिया था, इसे संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने का ये प्रयास इस मामले को लंबित करना तथा जलेबी की तरह घुमाना, साथ ही साथ अपने जिम्मेदारी से भागना, जबकि मुख्यमंत्री को अपना अधिकार है कि स्वयं निर्णय लेकर स्थानीय एवं नियोजन नीति बना सकते हैं। (जिसमें केंद्रीय और राज्य कानूनों की सूची शामिल है और यह अदालतों में चुनौतियों से सुरक्षा प्रदान करता है ) किये बिना अदालत इसे पुनः खारिज कर देगी, असल में झामुमो का यह कदम सिर्फ एक दिखावा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आदिवासियों, गरीबों और वंचितों के अधिकारों का राज्य द्वारा सुनिश्चित किया जाना चाहिए न की राज्य के लोगों को विभाजित करने वाली नीति लायी जाये। उनके अधिकारों को केवल विकास के माध्यम से सुनिश्चित किया जा सकता है। इस प्रकार की तुच्छ राजनीति से कुछ राजनेताओं को अपनी स्थिति और शक्ति बनाये रखने में लाभ हो सकता है, अपितु लंबे समय में यह राज्य के सामाजिक और राजनीतिक ताने-बाने को बर्बाद कर देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार आदिवासी समुदाय के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और 2014 में सत्ता में आने के बाद से अनुसूचित जनजाति घटक (एसटीसी) के लिए आवंटन 2014-15 के 19 हजार 437 करोड़ रुपये से बढ़ा कर 2022-23 में 87 हजार 585 करोड़ रुपये कर दिया गया है। द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बना कर भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे विश्व को एक बड़ा ही खास संदेश दिया है। एक महिला वह भी आदिवासी, संसार के सबसे बड़े लोकतंत्र का राष्ट्रपति बनाकर आदिवासी गौरव के संदेश को परिलक्षित किया है। केंद्र की भाजपा सरकार इसी आदिवासी विरासत पर गर्व व्यक्त करते हुए 15 नवंबर को भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के जश्न के हिस्से के रूप में बहादुर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने हेतु 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को 'जनजातीय गौरव दिवस' घोषित करने का कार्य किया है। भगवान बिरसा मुंडा हमारे न केवल स्वतंत्रता संग्राम के नायक थे, बल्कि वह हमारी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ऊर्जा के संवाहक थे तथा मोदी सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा और करोड़ों जनजातीय वीरों के सपनों को साकार करने के लिए राष्ट्र 'पंच प्राण' की ऊर्जा के साथ बढ़ने का संकल्प लिया है। झारखंड की सरकार अपनी नाकामियों का ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ना चाह रही है, किंतु आंकड़े कुछ और ही दर्शाते हैं। 2009-14 के मध्य तत्कालीन केंद्र सरकार ने झारखंड राज्य को कुल 35998 करोड़ रुपये की राशि का स्थानांतरण किया, जबकि 2014-19 मे यह राशि 149% बढ़ कर 89648 करोड़ रुपये पहुच गयी। वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए यह राशि 27,734 करोड़ रुपये रही। झारखंड मे अपराधी बेलगाम हैं तथा भ्रष्टाचार सरेआम है। आज झारखंड जल रहा है तथा राज्य सरकार सो रही है। राज्य में हर तरफ अवैध खनन, भ्रष्टाचार, लूट, बेरोजगारी, बलात्कार, हत्या समेत अनेक काली करतूतों से राज्य सरकार ने पूरे देशभर में झारखंड को शर्मसार किया है। इन्ही कारकों से त्रस्त जनता ने हेमंत सरकार पर से अपना विश्वास खो दिया है। सूबे की ध्वस्त विधि व्यवस्था, बढ़ते अपराध, अपराधों की लीपापोती, तुष्टिकरण की नीति एवं तानाशाही वाले मंसूबों से जनता वाकिफ हो चुकी है और इन्हें उखाड़ फेंकने को तैयार है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं। लेखक : झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# जीएसटी के मामलों के निपटारे के लिए केंद्र सरकार ने जारी किया सर्कुलर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** चैम्बर के द्वारा बीते एक वर्ष से जीएसटी मिसमैच संबंधित मामलों का विभाग से सहानुभूति पूर्वक निपटारा करने की मांग की जारही थी। चैंबर ने विभिन्न स्तरों पर अपनी बात पहुंचाई थी। केंद्र मंत्री भागवत कराड के जमशेदपुर प्रवास के दौरान सचिव वित्त एवं कराधान पीयूष चौधरी ने उन्हें आग्रह किया गया था। इस दौरान महाराष्ट्र सरकार द्वारा जारी एक सर्कुलर की प्रतिलिपि भी दी गई। मौके पर केंद्र मंत्री ने चैंबर की मांग को गंभीरता से लेते हुए अश्वासन दिया था। इसके अलावा चैंबर ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से लेकर केंद्र एवं राज्य जीएसटी कमिशनर को मांग पत्र सौपा था। निरंतर प्रयास के फल-स्वरूप सरकार द्वारा एक सर्कुलर जारी कर 2017-18 एवं 2018-19 के मिसमैच संबंधित मामलों के लिए गाइड लाइंस जारी की। उक्त सर्कुलर के मुताबिक विभिन्न स्थितियों में यदी क्रेता द्वारा खरीदे गए माल का बिल उसके जीएसटी आर 2 ए में नही दिख रहा हो तो ऑफिसर को उसके पास उपलब्ध बिल की छाया प्रतियों के अनुसार उसका आईटीसी का लाभ उसे देना है।हालांकि 5 लाख से उपर के टैक्स मामलों में सीए सर्टिफिकेट अनिवार्य रहेगा। चैंबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका उक्त सर्कुलर के लिए केंद्र सरकार एवं जीएसटी कौंसिल को बधाई दी। उन्होंने कहा संपूर्ण व्यापार जगत को इसका फायेदा आने वाले समय में मिलेगा। उपाध्यक्ष वित्त एवं कराधान सीए दिलीप गोल्छा ने कहा इस सर्कुलर की वजह से विभाग में लंबित अनगिनत मामलों का अब व्यापारी हित में निपटारा हो सकेगा। महा-सचिव मानव केडिया ने उक्त सर्कुलर के जारी होने पर हर्ष जताया। इसके अलावा जीएसटी रूल्स संबंधित एक विस्तृत नोटिफिकेशन केंद्र सरकार द्वारा जारी किया गया है। जिसमें पोर्टल की विभिन्न विसंगतियों एवं अन्य मुद्दों को सुधारने का प्रयास किया गया है।सचिव वित्त एवं कराधान पीयूष चौधरी ने कहा चैंबर द्वारा जीएसटी में हुए विभिन्न बदलावों को लेकर एक सेमिनार भी जल्द कराया जायेगा। आने वाले साल भी चैंबर व्यापारी हित में विभिन्न मुद्दों को उचित मंच पर उठाते रहेगा।

# एलुमिनी एसोसिएशन आफ गुलमोहर का रियूनियन कार्यक्रम आयोजित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** एलुमिनी एसोसिएशन आफ गुलमोहर (आग) की ओर से गुलमोहर एलुमिनी रियूनियन का आयोजन बारीडीह के विजया गार्डेन क्लब हाउस में किया गया। इसमें स्कूल के सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और 1981 से लेकर 2017 बैच तक के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इनमें बॉलीवुड से जुड़े और सावधान इंडिया : क्राइम अलर्ट फेम अजित ठाकुर भी प्रमुख रहे। वह स्कूल के 1992 बैच के छात्र रहे हैं। कार्यक्रम में सभी ने शिक्षक-शिक्षिकाओं और पुराने मित्रों के साथ मिल कर स्कूल के दिनों को याद किया। कार्यक्रम में सबों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही सबों ने सहभोज का आनंद लिया। इस आयोजन में 2005 बैच के अभिजीत गोप, 2006 बैच के गौरव प्रसाद, 1992 बैच के मुकेश प्रधान और 2017 बैच के आकाश सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### मानगो वसुंधरा एस्टेट में श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिन

# बेलपत्र में है माता लक्ष्मी का अखंड वास : स्वामी बृजनंदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** मानगो वसुंधरा एस्टेट में चल रहे भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को स्वामी बृजनंदन शास्त्री ने लक्ष्मी के आठ प्रकारों की चर्चा करते हुए बताया कि बेलपत्र में अखंड लक्ष्मी का वास होता है। उन्होंने बताया कि अगर गन्ने के रस से शिवलिंग का अभिषेक किया जाय तो धन प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि अगर धन होगा तो धर्म की ध्वजा भी हमेशा फहराती रहेगी. इस कारण उन्होंने गन्ने के रस से शिवलिंग के अभिषेक को सर्वोत्तम बताया। कथा के दौरान उन्होंने भगवान शिव के वाहन, भगवान नंदी के बारे में कई बातें बतायी। उन्होंने कहा कि नंदी के चार पद यानी पैर हैं और उन चारों का अपना अलग महत्व भी है। पहला यानी दाहिना पैर धर्म का, यानी महादेव की भक्ति का है। दूसरा अर्थ के लिए और इसी तरह अन्य पद भी तप और मोक्ष के लिए हैं।

बुधवार को राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के गणमान्य लोगों, जैसे डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, देवेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, अविनाश सिंह, सत्यप्रकाश, प्रेम, अजय सिंह, लड्डू सिंह, रीता मिश्रा, महावीर मूर्मू, दिनेश शर्मा, दिलीप पोद्दार, शिव शंकर सिंह, मुन्ना अग्रवाल, गुरमीत सिंह, आर के सिंह आदि ने भगवान शिव एवं बांके बिहारी के दरबार में हाजिरी लगायी एवं कथा का आनंद लिया। कथा को सफल बनाने में कृष्ण शर्मा काली, जयप्रकाश शर्मा, गोविन्दा शर्मा, राखी शर्मा, रवि शर्मा, चंदन शर्मा, शत्रुघ्न शर्मा और श्रवण शर्मा आदि ने अहम भूमिका निभायी।

# गुरु महाराज की कृपा हम सभी पर बनी रहे : काले

> काले कंबल वाले को देख जरूरतमंदों के चेहरे पर आयी मुस्कान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** ठंड से राहत पहुंचाने के लिये हर हर महादेव सेवा संघ की और से कंबल वितरण जारी रखते हुए बावरी बस्ती बागुनहातू, लोहरा बस्ती विद्यापतिनगर, गौड़ बस्ती, भालूबासा, स्लेग रोड़ हरिजन बस्ती भालूबासा, टुइलाडुंगरी गोलमुरी, बाबू कुंवर सिंह स्मारक, बागबेड़ा, डीबी रोड, बागबेड़ा एवं अन्य स्थानों पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया एवं बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि आंखों में आंसू आ जाते है और हृदय कांप जाता है, जब लोगों के हालात देखता हूं। हमारे समाज में इतनी आर्थिक असमानता अनुचित है। लोगों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा की अति आवश्यकता है। कैसे इनका उद्धार होगा। यह सोच कर रूह कांप जाती है मेरी। परमात्मा इतनी शक्ति दे कि सेवा कार्य करने की हिम्मत बनी रहे।

इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए मिथिलेश सिंह, दिग्विजय सिंह, विशाल सिंह, संतोष ठाकुर, देवराज बाकी, अवधेश ठाकुर, अनिल सिंह, संदीप सिंह, रघु सिंह, राज, मिट्ठु सोना, बिदींया मुखी, डॉली, राकेश मुखी, रेणु गुप्ता, अरमान बाउरी, दीपक बाउरी, अमित मुर्मू, कुदुर बाउरी, संतोष बाउरी साथ ही हर हर महादेव सेवा संघ के अखिलेश पांडेय, बंटी सिंह, बिभाष मजुमदार, प्रिंस सिंह, मनीष सिंह, कार्तिक जुमानी, विक्की तारवे एवं अन्य सदस्यों का मुख्य रूप से योगदान रहा।

# पटमदा प्रमुख ने किया गार्डवाल निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटमदा।** पटमदा प्रखंड के कांकीडीह मोड़ से दांदुडीह बंगाल सीमा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रहे सड़क निर्माण कार्य का पटमदा प्रमुख बालिका सोरेन ने समिति सदस्य के साथ निरीक्षण किया। बुधवार को निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण से पहले बन रहे गार्डवाल में मजदूरों की शिकायत मिली। प्रखंड प्रमुख बालिका सोरेन ने निर्मल कुमार से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और मजदूरी दर के विषय में जानकारी ली। इस दौरान मजदूर कालीपद बेसरा ने बताया गार्डवाल निर्माण कार्य में 250 रुपए प्रति व्यक्ति मजदूरी दी जाती हैं। प्रमुख ने सरकार द्वारा वर्तमान में तय मजदूरी दर पर मजदूरों को मजदूरी दिलाने के लिए श्रम विभाग के पदाधिकारी से शिकायत करने की बात कही। प्रमुख बालिका सोरेन ने बताया किसी भी निर्माण कार्य में सरकार द्वारा तय मजदूरी दर पर ही मजदूरी भुगतान संवेदक करें। मजदूर के हक अधिकार के साथ खिलवाड़ बर्दास्त नही होगा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के द्वारा बनकुचिया और ओड़िया पंचायत में संचालित क्रेशरो से सड़को पर चलने वाले लोगो को धूल से हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए सभी क्रेशर संचालकों को सड़क पर पानी डालने का निर्देश दिया। मौके पर पटमदा प्रखंड प्रमुख बालिका सोरेन,पंचायत समिति सदस्य श्यामली मुर्मू, पंचायत समिति प्रतिनिधि उत्तम महतो, मनोज महतो उपस्थित रहे।

## खेल के क्षेत्र में भी युवा बेहतर कैरियर की करें तलाश : कामेश्वर बैठा



**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर नगर परिषद के उरसुला गांव में आयोजित युवा बॉलीबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला गढ़वा एवं मझिआंव टीम के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में गढ़वा की टीम ने जीत हासिल करते हुए टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। यहां बताते चलें कि युवा समाजसेवी संजय बैठा ने इस बॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की नियत से किया था। विजेता व उपविजेता टीम के बीच पुरस्कारों का वितरण पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने किया। श्री बैठा ने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी अपार संभावनायें हैं। युवा खेल के क्षेत्र में भी बेहतर कैरियर तलाश करने का प्रयास करें। उन्हे हर संभव मदद किया जायेगा। पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता आयोजन कमेटी के अध्यक्ष तौकीर आलम एवं संचालन तुफैल अंसारी ने किया। मौके पर अरबाज अंसारी,मणिभूषण पांडेय,संतोष राम,अजय कुमार रवि,मंजूर हुसैन, मैनुदिन अंसारी,नशीमुल हक अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## जेएमएम ने झाबर पंचायत कमेटी का किया गठन



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** मेदिनीनगर सदर के जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में झाबर पंचायत कमेटी का गठन बुधवार को किया गया। जिसका संचालन प्रखंड संयुक्त सचिव जनार्दन पांडे ने किया। पीढीया गांव में बैठक कर सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष रामू उरांव, सचिव मनोहर उरांव को बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार तिवारी ने कहा कि बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करना है। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार बेहतर कार्य कर रही है। समाज के गरीब, वंचित लोगों के द्वार तक विकास पहुंच रहा है। इस मौके पर कमेश उरांव, किशुन उरांव, सीता देवी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा की मांग पर एनएच 75 में बने गड्ढों की सांसद ने करायी मरम्मत



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा द्वारा सोशल मीडिया पर रांची रोड ठाकुरबाड़ी में स्थित सड़क पर बने गड्ढे को स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मरम्मत कराने की मांग को संज्ञान में लेते हुए पलामू सांसद वीडी राम एवं वार्ड नंबर 18 के वार्ड पार्षद विवेकानंद त्रिपाठी ने एनएचआइ के पदाधिकारी मनोज पांडे को अविलंब सड़क की मरम्मत करने का निर्देश दिया। सांसद वीडी राम के निर्देश पर पलामू जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने नवीन दुबे एवं धीरज मिश्रा के साथ स्थल का निरीक्षण करते हुए एनएचआई के पदाधिकारी मनोज पांडे को जानकारी देते हुए सड़क की मरम्मती करने का निर्देश दिया। धीरज मिश्रा ने सड़क की मरम्मत किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए पलामू सांसद एवं वार्ड पार्षद के प्रति आभार व्यक्त किया है। मालूम हो कि सड़क पर बने गड्ढे होने की वजह से आए दिन मुसाफिरों एवं वाहन चालकों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा था।

## उत्पाद पुलिस ने 90 क्विंटल जावा महुआ और 60 लीटर निर्मित शराब किया नष्ट

**हरिहरहंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा तथा उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर मंगलवार की देर शाम उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने जिले के पत्थरा ओपी के सहयोग से अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 90 क्विंटल जावा महुआ तथा 60 लीटर महुआ से निर्मित शराब बरामद की गई। शराब बनाने के उपकरण को घटनास्थल पर ही नष्ट किया गया।हालांकि भनक लगते ही शराब बनाने वाले कारोबारी जंगली क्षेत्र का फायदा उठाकर फरार हो गए, जिन्हें चिंहित कर कार्रवाई की जाएगी।अभियान का नेतृत्व कर रहे उत्पाद निरीक्षक ने बताया कि हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भांवर गांव के मंगरदाहा टोला के जंगली इलाकों में बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब की भट्टी चलने की सूचना मिल रही थी। सूचना के आलोक में पुलिस के साथ टीम बनाकर कार्रवाई की गई। इस दौरान बड़े पैमाने पर चल रहे चुलाई के अड्डे को ध्वस्त किया गया। साथ ही एक पुराने कुएं में जावा महुआ डाला हुआ पाया गया।

# डीसी ने एमएमसीएच के डेडीकेटेड कोविड वार्ड का किया निरीक्षण



### कोरोना के नये वेरीएंट से निपटने के लिये जिला प्रशासन तैयार: डीसी

इस अवसर पर डीसी श्री दोड्डे ने कहा कि कोरोना के नये वेरीएंट से निपटने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि संक्रमित मरीजों के समूचित इलाज के लिए बेहतर व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में कुल 426 ऑक्सीजन युक्त बेड तैयार किये गये है। उन्होंने कहा कि एमएमसीएच के साथ-साथ कोविड-19 के इलाज के लिये सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में नये कोविड वेरीएंट को देखते हुए डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने बुधवार को एमएमसीएच के डेडीकेटेड कोविड वार्ड का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग वार्डों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने मौके पर मौजूद चिकित्सकों को किसी भी परिस्थिति से निपटने को लेकर तैयार रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी कोविड वार्डों में 24 घण्टे कोई न कोई अटेंडेंट रहे इसे सुनिश्चित करें उन्होंने सभी कोविड वार्डों में पर्याप्त साफ-सफाई रखने पर बल दिया।

# प्रकृति से पढ़ना ही जीवन के कठोर मर्म को समझना है : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विद्यालय में पाठ्यपुस्तक की पढ़ाई को जिन्दगी के कठोर हकीकत से रु-ब-रु कराने एवं बौद्धिक स्तर को धार देने के लिए बच्चों को पर्यटन पर प्रकृति के निकट ले गए। इस दौरान बच्चों ने मस्ती किया और शिक्षकों ने खेल खेल में बच्चों को नदी, नाले, जंगल, पहाड़, झरना, पशु, पक्षी, पेड़ पौधों से प्रेरणा दिया। क्लास रूम में बैठे बैठे पुरानी पद्धति पुराने तौर तरीकों को नये अवतार में ढाल कर बच्चों के मन मस्तिष्क में ताजी आबोहवा के संचार कर किताबी ज्ञान को अक्षरसः स्मृति पटल पर बनाये रखने के लिए प्रकृति पर्यटन व यात्रा करना बच्चों के हित में है। आज संत मरियम स्कूल के बच्चों ने ओरंगा कोयल नदी के संगम पर चहलकदमी किया। घूमे देखे और मध्याह्न भोजन कर अपने घर वापस हुए। बताते चलें कि यह वह संगम है जहाँ फिल्म इंडस्ट्री के अनेको फिल्मकार व अभिनेता अभिनेत्रियों ने रातें गुजारी है और शूटिंग किया हैं। राजनेताओं की जमघट तो अनेको बार लगते रहा है। शैलानियों से हमेशा यह संगम चहल पहल बना रहता है। सड़क व रेलमार्ग जंगल के साथ बड़ा बड़ा पुल केचकी संगम की खूबसूरती में चार चांद लगा देता है। रेत से निर्मित सपाट मैदानी भाग पर संगम में बहता पानी जंगल से घिरा तट शैलानियों को बरबस मन मोहता है आकर्षित करता है जिसका नतीजा है शैलानी खिंचे चले आते हैं। बच्चों ने फोटो शूट करवाया साथ में सेल्फी लिया और बहुत ही उत्साह के साथ वापस हुआ।

### ग्रासिम के सामाजिक उत्तरदायित्व ने टीबी मरीजों के बीच किया पोषण कीट का वितरण

# सभी के सहयोग से ही टीबी रोग मुक्त होगा भारत: अजीत तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिश्रामपुर(पलामू)।** टीबी उन्मूलन के लिए जन भागीदारी अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत के लिए रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज द्वारा भी सार्थक प्रयास बुधवार को शुरू किया गया। इसके तहत ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत टीबी मरीजों को पोषण आहार किट दिया गया। डंडिल खुर्द स्थित आदित्य शिशु शिक्षा केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रासिम के मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी अनिल श्रीवास्तव,बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी लिली एस्टेला पूर्ति एवं ग्रासिम चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरी प्रसाद ने संयुक्त रूप से लाभार्थियों के बीच पोषण आहार किट का वितरण किया। अजीत तिवारी ने कहा कि जनभागीदारी से ही हिंदुस्तान को टीबी मुक्त किया जा सकता है। भारत सरकार ने 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। लेकिन अगर सामूहिक प्रयास हुआ तो पलामू एवं गढ़वा जिला को 2024 तक ही टीबी मुक्त कर एक उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं। अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि टीबी कोई असाध्य बीमारी नहीं है। दवा का समुचित खुराक और संयम से इस बीमारी को दूर भगाया जा सकता है। डॉ लिली ने टीबी रोग से बचाव और संक्रमण के रोक थाम के लिए उपाय बताया। मौके पर डॉ आरएन सिंह, सीएसआर के अनिल गिरी,शुशील शुक्ला, नितेश पांडेय,दिनेश शुक्ला, जवाहिर शुक्ला,गुलाम नबी अंसारी, जन सेवा ट्रस्ट के एमडी कैफ, नागेंद्र यादव,गोपीनाथ विश्वकर्मा, सतेंद्र सिंह, शिवलाल पासवान, योगेश पाल,भोला सिंह, बीरेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## पोल्डीह के उपभोक्ताओं ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दिया आवेदन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शारदा एसएचजी की जगह श्रीनिवास एसएचजी से कार्ड धारियों को जोड़ने को लेकर पोलडीह पंचायत के कार्ड धारियों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हुसैनाबाद को लिखित आवेदन देकर मांग की है। उन्होंने कहा है कि उन्हे पहले वैशाली एसएचजी से राशन की आपूर्ति की जाती थी। किसी कारणवश वैशाली एसएचजी की जगह शारदा एसएचजी से उन्हे जोड़ दिया गया। शारदा एसएचजी द्वारा बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी कराकर उपभोक्ताओं को दौड़ाया जाता है। उनके द्वारा अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। उपभोक्ताओं की शिकायत के बाद शारदा एसएचजी से हटाकर श्रीनिवास एसएचजी से जोड़ दिया गया था। श्रीनिवास एसएचजी के द्वारा समय पर राशन उपलब्ध कराया जाता था। किसी उपभोक्ता को कोई शिकायत नहीं थी। अचानक पुनः उन्हे शारदा एसएचजी से जोड़ दिया गया। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हुसैनाबाद को आवेदन देकर कार्ड धारियों ने उन्हे श्रीनिवास एसएचजी से जोड़ने की गुहार लगायी है। उन्होंने पत्र में कहा है कि उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह पलामू के उपायुक्त से मिलकर अपनी समस्या को रखेंगे।

## विधायक ने किया कब्रिस्तान की चारदीवारी का शिलान्यास



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा प्रखंड के बकोरिया में बुधवार को बकोरिया कब्रिस्तान का शिलान्यास मनिका विधायक रामचंद्र सिंह व कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने सामूहिक रूप से फीता काट कर किया। मौके पर उपस्थित मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकास की लंबी लकीर खिंच दी है। चुनाव के दौरान की गई एक - एक घोषणा को बारी - बारी से पूरा कर रही है। आज यह कब्रिस्तान का चारदिवारी निर्माण कल्याण विभाग के द्वारा किया जा रहा है। कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा लगातार विकास के कार्य किए जा रहे हैं । हर समस्या का समाधान किया जा रहा है। विकास कार्यों को देख कर विपक्ष पूरी तरह घबरा गया है। झारखंड सरकार को अस्थिर करने के लिए लगातार केंद्र सरकार प्रयास कर रही है। इस मौके पर जिप सदस्य सुधा कुमारी, प्रमोद यादव, पिंटू,बकोरिया मुखिया संतोष उरांव,अजय उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला अध्यक्ष बच्चन ठाकुर ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** चार दिन पहले पंडवा थाना अंतर्गत कोकरसा निवासी सोनू ठाकुर व पिता कृष्णा ठाकुर एवं भाई बहन को मुरमा 2 पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सतेंद्र मेहता के द्वारा मार पीट कि गईं थी। बताया जाता है कि सोनू ठाकुर सैलून दुकान चलाते है। दुकान में ज्यादा व्यस्त होने होने के कारण सतेन्द्र मेहता को जल्दी में बाल नही काटने पर धमकी देते हुए कहा कि चलो घर पर बताते है। सोनू ठाकुर के घर जाने पर पूरे परिवार के साथ मार पीट की गई थी। इस खबर का राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रतिनिधि मंडल को पता चलने पर मिलने उनके घर गया। उन्होंने पीड़ित परिवार से घटना की पूरी जानकारी ली और कहा कि इस प्रकार की घटना किसी भी समाज के साथ घटना न हों। उन्होंने मारपीट घटना की घोर निंदा की। मौके पर प्रेमप्रकाश ठाकुर,कपिलदेव ठाकुर,अजय ठाकुर, रंजय ठाकुर, सतेंद्र ठाकुर तथा अन्य लोग उपस्थित थे।


## स्पोर्ट्स



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार शाम एक अहम ऐलान किया। पीसीबी ने कहा है कि कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट में दर्शकों की एंट्री फ्री होगी।

### पाकिस्तान के मैच में दर्शक ही नहीं: अब मुफ्त में टेस्ट दिखायेगा पाकिस्तान बोर्ड

# स्टूडेंट्स से लेकर बुजुर्गों तक से स्टेडियम आने की अपील



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार शाम एक अहम ऐलान किया। पीसीबी ने कहा है कि कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट में दर्शकों की एंट्री फ्री होगी। दर्शकों को मुफ्त में मैच दिखाने का फैसला पीबीसी ने खुशी-खुशी नहीं लिया है, बल्कि इसके पीछे बहुत बड़ी मजबूरी है। दरअसल, पहला टेस्ट भी कराची में खेला जा रहा है और दूसरा टेस्ट भी इसी मैदान पर होना है। ढउइ की परेशानी यह है कि मैच के दौरान दर्शक नहीं आ रहे हैं। 90% स्टेडियम खाली है। लिहाजा, किसी तरह से लोगों को स्टेडियम तक लाने की जुगाड़ की जा रही है।

### नये बोर्ड प्रेसिडेंट का फैसला

दर्शकों को फ्री एंट्री देने का फैसला पीबीसी के नये बॉस नजम सेठी ने किया है। दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में सियासत का जबरदस्त दखल है। यहां सत्ता के साथ पीसीबी का भी चीफ बदल जाता है। इसकी वजह यह है कि मुल्क का वजीर-ए-आजम यानी प्रधानमंत्री ही पीसीबी का संरक्षक होता है। लिहाजा, जब-जब यहां सरकार या प्रधानमंत्री बदलता तो जाहिर है कि बोर्ड का प्रेसिडेंट भी बदल जाता है।

इसी हफ्ते पूर्व कप्तान रमीज राजा को हटाकर नजम सेठी को ढउइ चीफ बनाया गया। वो नवाज और शाहबाज शरीफ के बेहद करीबी और बड़े पत्रकार हैं। हालांकि, सेठी पहले भी पीसीबी की कमान संभाल चुके हैं। वैसे, रमीज राजा खुशकिस्मत रहे कि उन्हें अप्रैल में नहीं हटाया गया, जब शाहबाज ने पीएम की कुर्सी संभाली थी।

पत्रकार नजम सेठी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के नये प्रेसिडेंट बनाये गये हैं।

**दो स्टैंड्स खाली रहेंगे:** सेठी ने इंटरव्यू में कहा- दर्शकों को मुफ्त एंट्री पहले आओ और पहले पाओ के आधार पर दी जाएगी। हमने यह भी फैसला किया है कि दो श्श्क्ष स्टैंड्स में मुफ्त एंट्री नहीं दी जाएगी। ये दो स्टैंड्स दो पूर्व क्रिकेटर्स जावेद मियांदाद और हनीफ मोहम्मद के नाम पर हैं। इनमें एक दिन और एक व्यक्ति का टिकट 500 रुपये (पाकिस्तान करंसी) है। पीसीबी ने यह फैसला भी किया है कि वो देश के कॉलेज और स्कूलों से भी संपर्क करेगी ताकि वहां के स्टूडेंट्स मैच देखने के लिए स्टेडियम पहुंचें। इतना ही नहीं, अनाथालय और ओल्ड ऐज होम्स से भी कहा जा रहा है कि वो अपने लोगों को स्टेडियम भेजें। न्यूजीलैंड की टीम इस वक्त पाकिस्तान के दौरे पर है। पहला टेस्ट 26-30 दिसंबर तक होगा, यानी यह मैच अभी चल रहा है। दूसरा टेस्ट 2 से 6 जनवरी तक खेला जाएगा और इसी में दर्शकों को मुफ्त एंट्री दी जानी है। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट भी कराची के इसी नेशनल स्टेडियम में खेला जाना है। पहले यह टेस्ट मैच मुल्तान में खेला जाना था। बोर्ड ने मुल्तान की बजाए दूसरा टेस्ट भी कराची शिफ्ट कर दिया। हाल ही में इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान के दौरे पर आई थी। उसने पाकिस्तानी सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया। इंग्लैंड ने 3 टेस्ट की सीरीज में पाकिस्तान को 3-0 से हराया।

## बीसीसीएल के वाशरी डिविजन कार्यालय में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन

# हिंदी में कार्य करना हमारा संवैधानिक दायित्व : सत्येंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बीसीसीएल के सरायढेला वाशरी प्रभाग में बुधवार को राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यशाला के अवसर पर अध्यक्षीय संबोधन करते हुए महाप्रबंधक सत्येंद्र कुमार ने कहा कि हिंदी में कार्य करना हमारा संवैधानिक दायित्व है। हमें पूर्ण प्रयास करना है कि हम राजभाषा संबंधी निर्धारित लक्ष्यों को अगली तिमाही तक प्राप्त हो करे। हम सब हिंदी में ही काम करने में अधिक सहजता महसूस करते हैं। हिंदी में कार्य करना गौरव व राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। वही क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक सुनील कुमार ने कहा कि आज आयोजित




होने वाली कार्यशाला की सार्थकता तभी है जब अपने कार्यों में राजभाषा का प्रयोग बढ़ाएंगे। आज कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करना बहुत आसान है। केवल शुरूआत करने भर की देर है। कार्यशाला में प्रशिक्षण देने के लिए बीसीसीएल मुख्यालय से प्रबंधक (राजभाषा) दिलीप कुमार सिंह को आमंत्रित किया गया। उन्होने सभी प्रतिभागियों को राजभाषा नीति के बारे विस्तार से बताते हुए एमएसवर्ड में हिंदी में टाइप करने,वाइस टाइप करने, अनुवाद करने, हिंदी वर्तनी जांच करने आदि के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया। इसी अवसर पर बीसीसीएल मुख्यालय के पीएफ व पेंशन विभाग के प्रभात कुमार,प्रबंधक (कार्मिक) ने उपस्थित प्रतिभागियों को पीएफ व पेंशन से संबंधित नवीनतम जानकारियाँ प्रदान की गयीं। कार्यशाला के अवसर पर अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया और पुस्तक भेंट की गयी। उदघाटन सत्र में प्रतिष्ठित साहित्यकार रामधारी सिंह दिनकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी और उनका जीवन परिचय शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रबंधक (कार्मिक) द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला का संचालन श्रीमती तूलिका, प्रबंधक (कार्मिक) द्वारा किया गया। कार्यशाला के अवसर पर संतोष कुमार, क्षेत्रीय असैनिक अभियंता, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक, मनीष कुमार समेत सभी विभागाध्यक्ष व अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## अवैध विदेशी शराब निर्माण की सूचना पर छापामारी की



**गोमिया।** उत्पाद विभाग ने गोमिया थाना क्षेत्र के गैरमजरूआ बस्ती स्थित लड्डू फैक्टरी से अवैध विदेशी शराब बनाने का समान सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में उत्पाद विभाग इंस्पेक्टर संजीत देव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गयी है। बहुत पहले से ही लड्डू फैक्टरी के आड़ में नकली विदेशी शराब बनाकर बेच रहा था। इसी जानकारी के आधार पर छापेमारी की गयी, जहां से 70 लीटर स्प्रिट, 35 लीटर रंगीन गंध युक्त स्प्रिट शराब, भारी मात्रा में खाली बोत्तल, लेबल, कैप आदि बरामद किया गया है। घटना स्थल से एक व्यक्ति अनिल कुमार राय को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी रविंद्र प्रजापति फरार हो गया। छापामारी में अवर निरीक्षक प्रवीण चौधरी, उत्पाद विभाग एवं गोमिया थाना के पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। श्री देव ने बताया कि बेरमो के सुभाष नगर से अशोक साव को गिरफ्तार किया गया है। वह जेनरल स्टोर के दुकान से अवैध रूप से विदेशी शराब की बिक्री कर रहा था।

## लाभुकों की शिकायत पर डिगवाडीह की दो पीडीएस दुकानों में छापेमारी

# सीओ ने दोनों दुकानों को किया निलंबित

आजाद सिपाही संवाददाता

**जोड़ापोखर।** लाभुकों द्वारा पिछले दो माह से राशन नहीं दिए जाने की शिकायत के आलोक में बुधवार को झरिया अंचलाधिकारी ने कार्रवाई की। सीओ परमेश्वर कुशवाहा ने डिगवाडीह माझी बस्ती के दो पीडीएस दुकानदार परवेज आलम एवं दाऊद अंसारी के दुकानों में छापेमारी करते हुए स्टॉक की जांच शुरू की। जांच के



प्रारंभिक दौर में गड़बड़ी पाए जाने की लेकर दोनो पीडीएस दुकानों को निलंबित कर दिया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है की कई महीनों से दुकानदारों द्वारा कई लोगों को लौटा दिया जाता है, दुकान भी कभी कभी खुलता है। वही दुकानदारों ने सीओ के समक्ष पक्ष दिया की उन्हें महीने में मात्र 10 क्विंटल ही अनाज दिया गया है, जबकि 50 क्विंटल आवंटन किया गया है। जिस पर सीओ ने आश्वासन दिया है की सभी पहलू की जांच की जायेगी।


## कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 610 दिनांक 27/05/2020 के आलोक में खूँटी जिला के मात्स्यिकी से जुड़े अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्ति मत्स्य कृषक, स्वयं सहायता समूह (मात्स्यिकी से जुड़े), मत्स्यजीवी सहयोग समिति को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष–2023–24 में मात्स्यिकी विभाग, मात्स्यिकी पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग, भारत सरकार के द्वारा नई योजना '' प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना '' हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

उक्त योजना का मुख्य उद्देश्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि ,गुणवत्ता, तकनीकी, आधारभूत संरचना एवं प्रबंधन के अंतर को पाटना मूल्य श्रृखंला का आधूनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, मजबुत मत्स्य पालन प्रबंधन ढांचा का स्थापना एवं मछुआरों का कल्याण है। जिससे मछुआरों एवं मत्स्य कृषकों की आय दोगुणी होगी। और इस प्रकार यह सामाजिक, भौतिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक होगा। इस योजना के अंतर्गत लाभुक–चिन्हित कार्यकमों की सूची निम्न है–

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित कार्य | इकाई | इकाई लागत (लाख रू0 में) | सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान की राशि (लाख रू0 में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनु0जाति/अनु0 जनजाति/महिला (इकाई लागत का 60% | अन्य (इकाई लागत का 40%) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0 में) | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 2 | स्कैम्पी हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0 में) | 50.00 | 30.00 | 20.00 |
| 3 | नये रियरिंग तालाब का निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | (हे0 में) | 7.00 | 4.20 | 2.80 |
| 4 | नये ग्रो आउट तालाब का निर्माण | (हे0 में) | 7.00 | 4.20 | 2.80 |
| 5 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया पालन आदि के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये ग्रो–आउट तालाबों के निर्माण में ) | (हे0 में) | 4.00 | 2.40 | 1.60 |
| 6 | बायोफलोक तलाबों का निर्माण (4 लाख रू0 प्रति हे0 इनपुट सहित) | (0.1 हे0) | 14.00 | 8.40 | 5.60 |
| 7 | जलाषयों में अंगुलिकाओं का संचयन @1000 अंगुलिकाएँ प्रति हे0 (3.00 लाख रू0 प्रति एक लाख अंगुलिकाओं हेतु ) | (हे0 में) | Rs.@03/ Fingerling | Rs.@1.80/Fingerling | Rs.@1.20/Fingerling |
| 8 | बैकयॉर्ड सजावटी/रंगीन/अलंकारी/मछलियों की रियरिंग इकाई | (सं0 में) | 3.00 | 1.80 | 1.20 |
| 9 | मध्यम आकार के सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों की रियरिंग इकाई | (सं0 में) | 8.00 | 4.80 | 3.20 |
| 10 | समेकित सजावटी/रंगीन/अलंकरीह मछली इकाई (ब्रीडिंग एवं रियरिंग हेतु) | (सं0 में) | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 11 | मीठे जल हेतु सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों के ब्रूड बैंक की स्थापना | (सं0 में) | 100.00 | 60.00 | 40.00 |
| 12 | मात्स्यिकी संबंधी मनोरंजक गतिविधियों को प्रोत्साहन (Promation of Recreational Fisheries ) | (सं0 में) | 50.00 | 30.00 | 20.00 |
| 13 | बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना ( कम से कम 90 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 08 टैंक एवं 40 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता | (सं0 में) | 50.00 | 30.00 | 20.00 |
| 14 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 50 टैंक वाले बड़े बायोफलॉक की स्थापना | (सं0 में) | 50.00 | 30.00 | 20.00 |
| 15 | बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना ( कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता | (सं0 में) | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 16 | 04 मी0 व्यास एवं 1 मी0 उँचाई के 25 टैंक वाले मध्यम बायोफलॉक की स्थापना | (सं0 में) | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 17 | छोटे आकार के आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना ( 100 घनमीटर क्षमता का 01 टैंक) | (सं0 में) | 7.50 | 4.50 | 3.00 |
| 18 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 7 टैंक वाले छोटे बायोफलॉक की स्थापना | (सं0 में) | 7.50 | 4.50 | 3.00 |
| 19 | बैकयार्ड मिनी आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना | (सं0 में) | 0.50 | 0.30 | 0.20 |
| 20 | जलाषयों में केज अधिष्ठापन | (सं0 में) | 3.00 | 1.80 | 1.20 |
| 21 | आर0एफ0एफ0/पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | | 3.00 | 1.80 | 1.20 |
| 22 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/ आईस प्लांट निर्माण | (सं0 में) | 40.00 | 24.00 | 16.00 |
| 23 | कम से कम 20 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/ आईस प्लांट निर्माण | (सं0 में) | 80.00 | 48.00 | 32.00 |
| 24 | कम से कम 30 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/ आईस प्लांट निर्माण | (सं0 में) | 120.00 | 72.00 | 48.00 |
| 25 | कम से कम 50 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/ आईस प्लांट निर्माण | (सं0 में) | 150.00 | 90.00 | 60.00 |
| 26 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट का आधुनिकीकरण | (सं0 में) | 50.00 | 30.00 | 20.00 |
| 27 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन | (सं0 में) | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 28 | इनसुलेटेड वाहन | (सं0 में) | 20.00 | 12.00 | 8.00 |
| 29 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल | (सं0 में) | 0.75 | 0.45 | 0.30 |
| 30 | आईस बॉक्स के साथ साईकिल | (सं0 में) | 0.10 | 0.06 | 0.04 |
| 31 | मछली बिकी के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन (ई–रिक्शा भी) | (सं0 में) | 3.00 | 1.80 | 1.20 |
| 32 | जिंदा मछली बिकी केन्द्र | (सं0 में) | 20.00 | 12.00 | 8.00 |
| 33 | लघु फिश फीड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 30.00 | 18.00 | 12.00 |
| 34 | मध्यम फिश फीड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 100.00 | 60.00 | 40.00 |
| 35 | वृहत फिश फीड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 200.00 | 120.00 | 80.00 |
| 36 | फिष फीड प्लांट (प्रतिदिन कम से कम 100 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 650.00 | 390.00 | 260.00 |
| 37 | खुदरा मछली बाजार का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम बाजार सहित) | (सं0 में) | 100.00 | 60.00 | 40.00 |
| 38 | फिष कियोस्क का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछी एवं एक्वेरियम सहित) | (सं0 में) | 10.00 | 6.00 | 4.00 |
| 39 | मछली के मूल्य सवंर्धित उत्पाद इकाई (फिष वैल्यू एडेड इन्टरप्राईजेज) | (सं0 में) | 50.00 | 30.00 | 20.00 |
| 40 | मछली एवं मछली उत्पादों की ई–ट्रेडिंग एवं ई–बाजार हेतु ई–प्लेटफॉर्म | (सं0 में) | DPR (Detailed Project Report ) /SCP (Self Contained Proposal) पर आधारित | | |
| 41 | Establishment of Disease diagonostic and quality testing labs (मछलियों की बीमारी की पहचान एवं गुणवत्ता की जॉच हेतु प्रयोगषाला की स्थापना) | (सं0 में) | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 42 | Establishment of Disease diagonostic and quality testing Mobile labs/Clinics ( मछलियों की बीमारी की पहचान एवं गुणवत्ता की जॉच हेतु चलंत प्रयोगशाला/क्लीनिक की स्थापना) | (सं0 में) | 35.00 | 21.00 | 14.00 |
| 43 | Traditional Fishermen के लिए नाव (replacement) एवं जाल | (सं0 में) | 5.00 | 3.00 | 2.00 |
| 44 | प्रसार एवं सहयोग सेवाएँ (मत्स्य सेवा केन्द्र) | (सं0 में) | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 45 | Bivalve cultivation (pearl culture) भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किए जाने पर) | (सं0 में) | 0.20 | 0.12 | 0.08 |
| 46 | आर्थिक रूप से कमजोर पारम्परिक मछुआरों हेतु शिकारमाही पर प्रतिबंध के समय आर्थिक सहयोग | (सं0 में) | केन्द्रांश–1500 रू0 + राज्यांश–1500 रू0 + लाभुक अंशदान – 1500 रू0 = 4500 रू0 प्रति वर्ष | | |
| 47 | मछुआरों का बीमा | (सं0 में) | बीमित द्वारा कोई प्रीमियम देय नहीं | | |

उक्त योजना अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य, विस्तृत विवरणी, इकाई लागत तथा योजना हेतु अन्य आवश्यक माप–दण्डों की विस्तृत विवरणी मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉची के वेबसाईट www.jharkhandfisheries.org पर भी उपलब्ध है। प्रत्येक कार्य हेतु भारत सरकार द्वारा तय अहर्ताओं के अनुरूप आवश्यकतानुसार भूमि एवं डी0पी0आर0 (विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन) लाभुकों को स्वयं के आय पर उपलब्ध कराना होगा एवं जिसका जमा करना अनिवार्य होगा। विशेष जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में संपर्क कर सकते हैं। लाभ लेने हेतु खूँटी जिला के मात्स्यिकी से जुड़े अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों से दिनांक 15/01/2023 तक जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

**नोट–** योजना के प्रशासनिक अनुमोदन के पश्चात् ही उसे कार्य रूप दिया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
खूँटी

PR 286156 Fish (22-23)_D


## कोरोना से बचाव के लिए जेलगोरा क्षेत्रीय अस्पताल पूरी तरह तैयार, की गयी मॉक ड्रिल



**झरिया।** कोरोना के बढ़ते खतरों को देखते हुए बीसीसीएल का जेलगोरा क्षेत्रीय अस्पताल पूरी तरह तैयार है। तैयारी की समीक्षा को लेकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा बुधवार को मॉक ड्रिल किया गया। जिसमें सभी स्टाफ की कार्य कुशलता को परखा और जाना गया है। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी आर के शर्मा ने बताया है की अस्पताल में ऑक्सीजन तथा बेड पूरी तरह से तैयार कर दिया गया है। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए हम तैयार है। उन्होंने कहा कि अब लोगों को कोविड नियमो का पालन करना होगा। भीड़भाड़ से बचकर रहना होगा तथा लोगो को मास्क, सेनिटाइजर का प्रयोग करना होगा। मॉक ड्रिल में मेट्रोन अनामिका,तंद्रा मैत्रा, लालमोहन, उमेश कुमार, बीएन तिवारी, संतोष पाठक, आर पी सिंह, गैरी शंकर बावरी मरीज की भूमिका में थे ।

## ट्रांसपोर्टिंग ठप करने की चेतावनी पर लोदना क्षेत्रीय प्रबंधन ने मजदूर नेताओं से की वार्ता



**अलकडीहा।** बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के जीनागोरा लोडिंग पोवाइंट के असंगठित मजदूरों को पर्याप्त कोयला और ट्रकें नहीं मिलने से मजदूर भुखमरी के कगार पर पहुंच गए है। मजदूर नेताओं ने प्रबंधन से कोयला का डीओ ऑफर बढ़ाने व पर्याप्त मात्रा में कोयला आपूर्ति करने की मांग की जा रही है। मजदूरों की मांग को अनसुना किये जाने से भड़के तीनों गुटों के मजदूरों ने क्षेत्र में अनिश्चितकालीन कोयला डिस्पैच को बंद करने की चेतावनी दी, जिसके बाद बुधवार को जीएम बीके सिन्हा ने क्षेत्रीय कार्यालय में मजदूर नेताओं से वार्ता कर उनकी मांगों से संबंधित समस्या का अतिशीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। वार्ता में मजदूरों ने विक्रय प्रबंधक एवं आउटसोर्सिंग प्रबंधन पर स्वार्थ लिप्सा में डीओ का ऑफर कम भेजने तथा ट्रक लोडिंग के लिए पर्याप्त कोयला की आपूर्ति नहीं देने का आरोप लगाया। कहा की इस कारण से लोडिंग प्वाइंट के मजदूर भुखमरी के कगार पर पहुंच गयी है। नेताओं ने प्रबंधन को चेतावनी दिया की उनकी मांगों को जल्द से जल्द पुरा नहीं किया गया तो पावर हाउस को होनेवाली कोयला ट्रांसपोर्टिंग भी ठप किया जायेगा। वार्ता में जीएम बीके सिन्हा, एपीएम डीके भगत, विक्रय प्रबंधक राकेश रंजन, विद्यार्थी सिंह, रामबाबू यादव, प्रमोद सिंह, मिथलेश महतो, भूषण पासवान,भोला यादव, योगेश यादव,मनोज ठाकुर, उदित भुईयां, बबलू दास, महेश यादव,जयराम यादव आदि शामिल थे।

## झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र का हुआ उद्घाटन



**महुदा।** महुदा महाविद्यालय महुदा के प्रांगण में बुधवार को एक समारोह आयोजित कर झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ प्रेम सागर केशरी, विकास मोर्या, जिप अध्यक्ष शारदा सिंह एवं विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो के द्वारा संयुक्त रूप से फिता काटकर कार्यालय का उदघाटन किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए खुला विश्वविद्यालय के राज्य समन्वयक डॉ प्रेम सागर केशरी ने कहा महुदा में खुला विश्वविद्यालय का अध्यन केंद्र खुलने से यहां के विद्यार्थी काफी लाभावनित होंगे। यहां के गरीब छात्र छात्राएं किसी कारण से पढ़ाई छोड़ चुके है एवं अर्ध बेरोजगार है, उनका पढ़ाई बाधित हो गई है वैसे छात्रों को लाभ मिलेगा। यह अध्ययन केंद्र धनबाद जिला का प्रथम केंद्र है, वर्तमान में 27 डिप्लोमा कोर्स, सार्टिफिसेट एवं पीजी डिप्लोमा का पढ़ाई होगा। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा की महुदा महाविद्यालय में खुला विश्वविद्यालय खुलने से महुदा के लिए गर्व की बात है। आने वाले समय में यह मिल का पत्थर साबित होगा। विशिष्ट अतिथि समन्वयक विकास मौर्य ने कहा की यह विद्यालय के पाठ्यक्रम रोजगार निमित शॉट टर्म कोर्सेस है जो बच्चो के अंदर कुशाग्रता एवं कोशलता प्रदान करेगा मौके पर विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो, प्राचार्य श्याम लाल महतो, उपप्राचार्य प्रो सिकंदर रवानी, प्रो चुनुलाल रवानी, प्रो.परिमल सिंह,प्रो.मनोहर महतो, प्रो.राजकुमार प्रसाद, प्रो.नितेश कुमार, प्रो.सीता कुमारी, प्रो.दिवाकर महतो, समन्वयक प्रो.गंगेश झा, भरत महतो, शिशुपाल महतो आदि उपस्थित थे।

# डीवीसी और एनटीपीसी के मध्य तीसरी बोर्ड की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**चरकुंडा।** मैथन स्थित मजूमदार निवास में बुधवार को डीवीसी एवं एनटीपीसी के मध्य तीसरी बोर्ड की बैठक ग्रीन वैली रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड(जीभीआरइएल) सब्सिडियरी ऑफ एनटीपीसी आरईएल संयुक्त उपक्रम डीवीसी के तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। बैठक में मुख्य रूप से डीवीसी सदस्य तकनीक एम रघुराम, सदस्य सचिव अरूप सरकार, एनटीपीसी के डाइरेक्टर कमर्शियल सी के मंडल, ईडी एनटीपीसी मोहित भार्गव, मेंबर डीवीसी के टेक्निकल एम रघुराम, सदस्य वित्त अरूप सरकार, एनटीपीसी के सीजीएम राजीव गुप्ता, श्री मंडल के तकनीकी सचिव, कंपनी के सचिव, डीवीसी के मुख्य अभियंता विद्युत दिनेश



कुमार सिंह, डीवीसी के मुख्य अभियंता यांत्रिक राजन कुमार, उपजंसम्पर्क पदाधिकारी संजय प्रियदर्शी शामिल थे।बैठक की समाप्ति के पश्चात सभी ने बोटिंग का आनंद उठाया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं शाल ओढ़ा सम्मानित किया गया। वही इससे पूर्व मैथन डीवीसी के सदस्य तकनीकी एम रघुराम एवं सदस्य वित्त अरूप सरकार ने गोगना स्थित चेयरमैन कैम्प कार्यालय एवं मजूमदार निवास में सीसीटीवी कैमरे का उद्घाटन शिलापट्ट का अनावरण एवं मुख्य द्वार का फीता काटकर संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर कार्यपालक निदेशक असैनिक सह परियोजना प्रमूख अंजनी कुमार दुबे, मुख्य अभियंता जयंत बनर्जी, मुख्य अभियंता बीबी दास, मुख्य अभियंता संतोष कुमार सिन्हा महापात्र, मुख्य अभियंता मृणाल भट्टाचार्य, महाप्रबंधक अभय कुमार श्रीवास्तव, उपजंसंपर्क पदाधिकारी संजय प्रियदर्शी एवं अन्य उपस्थित थे।

## कोलकाता की कंसलटेंसी टीम ने किया लोयाबाद कोलियरी का दौरा

# कोलियरी प्रबंधन से ली अद्यतन जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद कोलियरी में कोलकाता की कंसल्टेंसी टीम का दौरा हुआ। टीम करीब दो घंटे तक रुकी। कोलियरी प्रबन्धन से पुराने भूमिगत माइंस की जानकारी मांगी, मैप प्लान के साथ अधिकारी से पता लगाया कि, कितने सीम में पानी है और यहां कुल इंक्रोचमेंट कितना है। बताया जाता है कि करीब 13 साल बाद फिर से लोयाबाद कोलियरी की भूमिगत खदान चालू करने के प्रक्रियाएं चल रही है। कुछ महीने पहले ग्लोबल टेंडर निकाला गया, अधिकारी ने कहा कि मात्र एक कम्पनी द्वारा टेंडर डाला था, टेंडर डालने वाले कम्पनी मात्र 17 मिलियन टन कोयला निकालने के लिए टेंडर भरा, जबकि 23 मिलियन टन कोयले उत्पादन करने का प्रपोजल है इसलिए टेंडर रद



कर दी गयी,अब फिर यही टेंडर को दोबारा ओपन किया गया है। कंसल्टेंसी टीम कोल माइंस और डीजीएमएस के रिटायर्ड अधिकारी शामिल थे। **230 लाख टन कोयला का है भंडार :** 2009 से पहले यहां भूमिगत खदाने चलती थी, खदान में पानी भरने के कारण खदाने बंद कर दी गयी, अब 13 साल बाद फिर से यह खदान चालू करने की दिशा में पहल हो रही है। **150 मीटर गहराई में है कोयला :** लोयाबाद कोलियरी के इस इलाके में 150 मीटर जमीन के भीतर कोयला का भंडार है,डेप्थ होने की वजह से ओपन कास्ट प्रोजेक्ट करना संभव नहीं है।

### 1300 घरों का है इंक्रोचमेंट

**कोलियरी प्रबन्धन ने बताया कि इस इलाके में करीब छह हजार घर है, जिसमे 1300 परिवार अवैध कब्जे वाले हैं। इस वजह से भी टेंडर लेने वाले कंपनियां दिलचस्पी कम दिखा रहे हैं। कंसल्टेंसी कंपनी अब इस कोलियरी का मुआयना कर तमाम पहलुओं को बारीकी से जांच कर,इस टेंडर प्रक्रिया को आसान बनाने में टेंडर भरने वाले कंपनी को मदद करेंगे।**

## रेल महाप्रबंधक के दौरे से पूर्व आद्रा डीआरएम ने महुदा रेलवे क्षेत्र का किया निरीक्षण

# गंदा था रेलवे स्टेशन, अधिकारियों को लगायी फटकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** बुधवार को दपू रेलवे आद्रा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार ने महुदा रेलवे के अधिकारियों संग महुदा रेलवें के अंतर्गत तमाम क्षेत्रों का निरिक्षण किया। निरिक्षण के क्रम में उन्होंने स्टेशन परिसर, कालोनी, पार्क, रेलवे मैदान, गेस्ट हाऊस, हेल्थ सेंटर सहित अन्य विभाग के कार्यालयों की जांच पड़ताल की। साथ ही उन्होंने महुदा रेलवे स्टेशन,आरपीएफ पोस्ट, टीआरडी ऑफिस और महुदा रेलवे कॉलोनी के क्वॉर्टरो में स्वयं जाकर वास्तु



स्थिति का जायजा लिया। मकानों में रहने वालों से पुछताछ कर समस्या के बारे में उनसे जानकारी ली। इस दरम्यान दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के शाखा सचिव संजय कुमार ने अपने यूनियन के पदाधिकारी धर्मवीर कुमार, बिनोद राय के साथ डीआरएम से मिलकर उन्हें फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। वहीं उन्होंने एक आवेदन देकर महुदा और भागा कॉलोनी से संबंधित बिजली, पानी, कॉलोनी में रंग पेंट, दरवाजा, खिड़की की मरम्मत और भागा स्टेशन के दोनों तरफ साइडिंग में उड़ने वाले धूल से परेशान भागा कॉलोनी के कर्मचारियों को निजात दिलाने के लिए सुबह और शाम पानी का छिड़काव करवाने और महुदा रेलवे फुटबॉल ग्राउंड के कटीले बाउंड्री वाल को हटा कर लोहे का फेंसिन से घेराव करने के साथ सभी समस्याओं को ले कर उनको एक मांग पत्र भी दिया।

### सांसद और आम जनता के आवेदन पर होगा विचार

**इस बीच रेलवे स्टेशन परिसर में साफ सफाई में कोताई बरतने पर स्टेशन मास्टर एवं पीडब्लुआई के अधिकारीयों को फटकार लगायी और अतिशिघ्र इस पर कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान मंडल प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि रेलवे जीएम का दौरा महुदा क्षेत्र में होने वाला है। इसी को लेकर साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। कुछ त्रुटी मिली है उसे जल्द सुधारने का निर्देश दिया है। महुदा स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव पर उन्होंने कहा कि यहाँ के सांसद एवं आम जनता का आवेदन मिले तो रेल मंडल इस पर विचार करेगी।**

# जीवा धोनी को मिली मेसी के साइन वाली जर्सी

## धोनी की पत्नी साक्षी ने शेयर की फोटो, कैप्शन में लिखा : जैसा पिता वैसी बेटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** फुटबॉल के लीजेंड लियोनल मेसी ने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की बेटी जीवा धोनी को अपनी साइन की हुई जर्सी भेंट की है। मेसी की टीम अर्जेंटीना ने 2022 वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। फाइनल में अर्जेंटीना की टीम ने फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। मेसी ने इस वर्ल्ड कप में सात गोल किये हैं। यह मेसी का पहला बार वर्ल्ड कप का खिताब है। धोनी की पत्नी साक्षी धोनी ने अपने इंस्टग्राम पर जीवा धोनी की जर्सी पहनी हुई फोटो शेयर की है। इस जर्सी पर मेसी के हस्ताक्षर हैं। जीवा मेसी की हस्ताक्षर को देख रही हैं। साक्षी ने इसका कैप्शन देते हुए लिखा है- जैसा पिता वैसी बेटी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि ये मेसी ने उन्हें भेजी है या मुलाकात के दौरान दी।



**धोनी फुटबॉल के बड़े फैन :** धोनी का फुटबॉल प्रेम किसी से छिपा नहीं है। वह फुटबॉल के बड़े फैन हैं और वह खुद भी फुटबॉलर रह चुके हैं। क्रिकेट में आने से पहले उनका पहला प्रेम फुटबॉल ही था और वह अपनी स्कूली टीम के गोलकीपर थे। धोनी जब टीम इंडिया के कप्तान थे, तब वह टीम प्रैक्टिस में फुटबॉल को हमेशा शामिल करते थे। इसके अलावा कई बार मौका मिलने पर वह फुटबॉल खेलते नजर आ जाते हैं।

### मेसी ने वर्ल्ड कप में किये हैं 16 गोल

मेसी को दूसरी बार वर्ल्ड कप गोल्डन बॉल का अवॉर्ड मिला। हालांकि, गोल्डन बूट फ्रांस के काइलियन एमबाप्पे को मिला, जिन्होंने टूनार्मेंट में आठ गोल किये। फाइनल में मेसी ने दो गोल किये। वे अब तक वर्ल्ड कप में 26 मैच खेल चुके हैं, जिनमें 16 गोल करने में सफल हुए हैं। इनमें 12 फील्ड गोल हैं और 4 गोल पेनाल्टी से किये हैं। उन्होंने 2006 में अर्जेंटीना के लिए एक गोल किया। 2010 में अपने दूसरे वर्ल्ड कप में वह एक भी गोल करने में सफल नहीं हुए थे। 2014 में उन्होंने चार गोल किये थे। 2018 में उन्होंने एक गोल किया। अपने पांचवें वर्ल्ड कप में उन्होंने अर्जेंटीना के लिए सात गोल किये।

# खुशबू बरनवाल को मिला सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरनवाल भवन, कदमकुआं पटना, बिहार में आयोजित बरनवाल कवि सम्मेलन संग पुरस्कार वितरण समारोह में रांची की कवयित्री और लेखिका खुशबू बरनवाल 'सीपी' को पुरस्कृत और सम्मानित किया गया। पूरे देश के बरनवाल बंधुओं के लिए एक प्रतियोगिता रखी गयी थी, जिसमें सभी की स्वरचित रचना एक महीना पहले ईमेल द्वारा मंगवाई गयी। फिर तीन वरिष्ठ निर्णायकों द्वारा परिणाम घोषित किया गया। पटना में कवि सम्मेलन आयोजित कर सभी पुरस्कृत प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। खुशबू बरनवाल 'सीपी' ने अपनी प्रस्तुति द्वारा सभी श्रोताओं से वाहवाही बटोरी और वरिष्ठ कवि ओम प्रकाश ओमकार ने उनके सुनहरे भविष्य के लिए पंक्तियां पढ़ते हुए आशीर्वचन दिये। बरनवाल कवि सम्मेलन के संयोजक साहित्यकार चितरंजन भारती पूरे देश के बरनवाल बंधुओं को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया।



# अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा का वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा दिल्ली प्रदेश द्वारा कन्हैया प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में 17वां परिवारिक मिलन समारोह सह वैवाहिक परिचय सम्मेलन, सुभाष नगर, राजधानी दिल्ली में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर दिल्ली एनसीआर समेत भारतवर्ष के विभिन्न हिस्सों से मध्यदेशीय वैश्य समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों, माता-पिता एवं अभिवावकों ने भाग लिया। समाज का आन-बान-शान अभ्युदय ध्वज के ध्वजारोहण अध्यक्ष कन्हैया प्रसाद गुप्ता, संजय कुमार साह, महामंत्री, प्रदीप प्रसाद, कोषाध्यक्ष द्वारा किया गया और एबीएमवीएस का सर्व मान्य अभ्युदयगीत गाया गया। अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार मद्धेशीय, राष्ट्रीय महामंत्री वसंत कुमार गुप्ता और महिला समिति के राष्ट्रीय महामंत्री पुष्पा गुप्ता की उपस्थिति उत्साहजनक थी। मनोज कुमार मद्धेशीय ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। वायोदाता पठन और मंच से परिचय का कार्य और संचालन रवींद्र कुमार मद्धेशीय, प्रमोद कुमार, अजय कुमार, प्रदीप प्रसाद, प्रमोद कुमार, विनोद कुमार साह, अभिषेक कुमार, डॉ बिनोद गुप्ता आदि ने बखूबी निभाया। अमरनाथ गुप्ता, जिया लाल साह, दीनदयाल साह, अजय कुमार, सुभाष प्रसाद गुप्ता, गणेश प्रसाद, संजय गुप्ता, रामाचल गुप्ता, स्मृति साहा, स्मिता गुप्ता, रेखा साह, विनीता कुमार, गीतांजलि, चांदनी संजेश कुमार का योगदान रहा।




# मुख्यमंत्री से मिले ओड़िशा के कानून मंत्री, दिया न्योता




बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में ओड़िशा के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति विकास, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा कानून मंत्री जगन्नाथ सारका ने मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने हॉकी विश्वकप (पुरुष) 2023 के शुभारंभ अवसर पर सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ओड़िशा आने का निमंत्रण दिया।

# सुरक्षा पर अमित शाह की हाई लेवल मीटिंग

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लेह-लद्दाख और जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा और विकास के मुद्दे पर दिल्ली में हाई लेवल मीटिंग की है। इसमें गृह सचिव, एनआइए,सीआरपीएफ-बीएसएफ के अधिकारी और एलजी मनोज सिन्हा मौजूद रहे। यह मीटिंग जम्मू के सिधरा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ के बाद बुलायी गयी है। इसमें 4 आतंकी मारे गये थे। इसके बाद ही, गृह मंत्रालय अलर्ट हो गया।

# जनवरी में बढ़ सकते हैं कोरोना के केस

## अगले 40 दिन मुश्किल, राज्यों में तैयारियां शुरू

### गया में दो और विदेशी कोरोना पॉजिटिव मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि जनवरी के मध्य में भारत में कोरोना के मामले बढ़ सकते हैं। पिछले ट्रेंड्स की एनालिसिस के बाद यह माना जा रहा है कि अगले 40 दिन देश के लिए मुश्किल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, देश में कोरोना की एक और लहर की स्थिति आ सकती है। ऐसे में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की जा रही है। दरअसल, ऐसा देखा गया है कि ईस्ट एशिया को प्रभावित करने के 30 से 35 दिनों बाद ही भारत में नई लहर पहुंची थी। यह एक ट्रेंड रहा है, जिसके आधार पर यह दावा किया जा रहा है। इधर, बिहार के गया में एक बार फिर दो विदेशी नागरिक कोरोना संक्रमित मिले हैं। ये बैंकॉक और ताइवान के रहने वाले हैं। गया में अब तक कुल 19 लोग पॉजिटिव मिले हैं। बुधवार को दुबई से आये दो यात्री चेन्नई एयरपोर्ट पर उडश्कऊपॉजिटिव मिले हैं। ये दोनों तमिलनाडु के पुदुक्कोट्टई के अलंगुडी जिले के रहने वाले हैं। वहीं मुंबई एयरपोर्ट पर भी बुधवार को दो पैसेंजर्स कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। इनके सैंपल जिनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेज दिए गए हैं। इसके साथ ही पिछले तीन दिन में 43 इंटरनेशनल पैसेंजर्स पॉजिटिव पाये गये हैं। इनमें श्रीलंका के रास्ते चीन से तमिलनाडु आई एक महिला और उसकी छह साल की बच्ची भी शामिल है। 24 से 26 दिसंबर तक 498 फ्लाइट्स की स्क्रीनिंग की गयी है। इस दौरान 1,780 सैंपल लिये गये। इनमें 39 पॉजिटिव मिले हैं। इन्हें जिनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजा गया है। देश में मंगलवार को 188 कोरोना के केस मिले। इनमें केरल में सबसे ज्यादा 39 केस मिले हैं। कहीं से भी संक्रमण से मौत की खबर नहीं है। एक्टिव कोविड केसों की संख्या 2,495 है। देश में अब तक 4.46 करोड़ कोरोना केस रिकॉर्ड किये गये हैं। डेटा हेल्थ मिनिस्ट्री और कोरोना आउटब्रेक से लिया गया है।



# महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख एक साल बाद जेल से बाहर आये

**मुंबई।** आर्थर रोड जेल में बंद महाराष्ट्र सरकार के गृह मंत्री रहे अनिल देशमुख को आज जमानत पर रिहा कर दिया गया। देशमुख को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में अरेस्ट किया गया था। उन पर मुंबई पुलिस कमिश्नर से सौ करोड़ की वसूली का भी आरोप लगाया था। देशमुख एक साल एक महीने 27 दिन बाद जेल से बाहर आए हैं। बॉम्बे हाइकोर्ट ने 12 दिसंबर को एक लाख के मुचलके पर सशर्त जमानत दी थी। सीबीआइ के अनुरोध पर जमानत आदेश 27 दिसंबर तक रोका था। लेकिन, मंगलवार को कोर्ट ने रोक का समय बढ़ाने की मांग खारिज कर दी थी।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**